3 बस्तर संभाग
गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादी दम्पत्ति ने किया...

6 अभिमत
अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का प्रभाव

10 संस्कारधानी
वैक्सीनेसन की बर्बादी को लेकर भाजयुमो का अनूठा...

11 छत्तीसगढ़
महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी एवं रजनीश सिंह ने पत्रकार ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 13 जून 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 292 मूल्य 3.00 ₹

रमन समेत भाजपा के तमाम दिग्गज उतरे मैदान में, कहा- भूपेश सरकार का आधा कार्यकाल खत्म, घोषणाओं का अता-पता नहीं

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार का आधा कार्यकाल पूरा होने के कुछ दिनों पहले से ही भाजपा आक्रामक मोड़ पर आ गई है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह समेत भाजपा के सभी दिग्गज नेताओं ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में प्रेस कॉन्फेंस आयोजित कर भूपेश सरकार के अधूरे वादों के खिलाफ बिगुल फूंकना चालू कर दिया है। रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर आरोपों की बौछार लगा दी। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि सरकार के ढाई साल पूरे होने के साथ अब राज्य में कांग्रेस की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भाजपा ने प्रदेशव्यापी अभियान की शुरुआत की है। तथा 17 जून तक निरंतर महाभियान चलाने का रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि हम मंडल स्तर पर जाएंगे। राज्य सरकार की विफलता को जनता के बीच ले जाएंगे। अब ढाई साल तक रोज सवाल पूछे जाएंगे। रमन ने भूपेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि धान को छोड़कर अब किसान बबूल की खेती करेंगे। यह कैसी योजना है। क्या मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने खेतों में धान की जगह बबूल की खेती करेंगे? शराबबंदी का वादा सरकार भूल गई। शराब के कारण महासमुंद में एक ही परिवार के 6 लोगों की एक साथ जान चली गई। वन नेशन, वन राशन योजना को भूपेश सरकार ने लागू नहीं किया। केंद्र की योजना को सरकार लागू नहीं कर रही है। लाखों बेरोजगार युवा बेरोजगारी भत्ता के लिए आस लगाए बैठे है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत बताएं कि क्यों योजना लागू नहीं कर रहे हैं। 30 महीनें में 36 हजार से अधिक कर्जा ले लिए। 5 साल में राज्य सरकार के ऊपर 1 लाख से अधिक का कर्जा हो जाएगा। यही नहीं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने भूपेश सरकार को प्रदेश के इतिहास की सबसे विफल सरकार तक कह डाला। उन्होंने कहा कांग्रेस ने चुनाव के समय नारा दिया था 'वक्त है बदलाव का', अब जनता कह रही है 'वक्त है पछताव का', विकास के काम से सरकार कोसों दूर है। जनता कांग्रेस के वादे के बारे में पूछ रही है। 36 वादों का क्या हुआ? सरकार हर मोर्चे पर फेल है, सहकारी बैंक को छोड़ किसका कर्जा माफ किया। 2500 रुपये किसानों को नहीं मिला। न्याय योजना से 450 करोड़ किसानों के काट लिए गए। उन्होंने कहा कार्यकाल का आधा समय बीतने को है। लेकिन यह सरकार जनता से किया वादा भूल गई। शिक्षकों की रुकी नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में 14 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती हुई थी। वह अब तक ये सरकार पूरी नहीं कर पाई। रमन सिंह ने कहा कि पीएससी अब भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया। राज्य सरकार नीति आयोग के सभी आंकड़ों में फिसड्डी साबित हुई है। पीएम आवास योजना राज्य में चौपट हो गई है। कन्या विवाह योजना में भी भ्रष्टाचार, रेडी टू इट में भी भ्रष्टाचार, आयुष्मान योजना-स्मार्ट कार्ड योजना बंद कर दिया गया। गरीबों के 4 लाख आवास लौटा दिया. 1 लाख आवास बनकर तैयार हैं, लेकिन तीसरी किश्त राज्य सरकार जारी नहीं कर रही है।

मोदी की नाकामी छुपाने के लिए भाजपा ध्यान भटका रही है : मोहन मरकाम

भाजपा की पत्रकार वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार की चौतरफा विफलताओं को छिपाने के लिए भाजपा ध्यान भटकाने में लगी है। मोदी की विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए राज्य सरकार पर भाजपा ने पत्रकार वार्ता लेकर झूठे आरोप मड़ने का काम किया है। कांग्रेस ने पूछा है कि भाजपा नेता बतायें कि अच्छा काम कर रही छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर झूठे आरोप लगाने का निर्देश नागपुर से आया था या दिल्ली से ? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि पत्रकार वार्ता लेकर जितने आरोप भाजपा नेताओं ने लगाए हैं उनके लिए मूल रूप से मोदी सरकार ही जिम्मेदार हैं। छत्तीसगढ़ सरकार को कर्ज लेने के लिए बाध्य मोदी सरकार ने ही किया है। मोदी सरकार ने जीएसटी का छत्तीसगढ़ के हक का पैसा नहीं दिया। छत्तीसगढ़ के हक कोयले की रायल्टी का पैसा भी मोदी सरकार नहीं दे रही है। इतनी बड़ी कोरोना महामारी की फर्स्ट और सेकंड वेव का सामना टेस्टिंग फैसिलिटी बढ़ाने का काम छत्तीसगढ़ सरकार ने किया लेकिन आपदा प्रबंधन के लिए मोदी सरकार ने कोई राशि नहीं दी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने कर्ज लिया है तो किसानों को कर्ज मुक्त करने के लिए, धान का दाम रु. 2500 देने के लिये, प्रदेश के विकास के लिये। भाजपा सरकार ने तो 15 साल भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी स्काईवॉक और एक्सप्रेसवे जैसे घटिया निर्माण में जनता के पैसे को बर्बाद किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने रमन सिंह से कहा है कि तू इधर-उधर की बात ना कर यह बता कि कारवां क्यों लुटा? भाजपा को तो छत्तीसगढ़ के मतदाता ख़ारिज कर चुके हैं। 15 साल के शासन काल के बाद भाजपा को छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने 15 सीटों के लायक भी नहीं समझा। मोदी सरकार की विफलता महंगाई बढ़ती बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर आरोप लगाने की भाजपा की कुचेष्टा छत्तीसगढ़ के लोग बखूबी समझ रहे हैं।

नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प हो रहा है साकार

- मुख्यमंत्री ने बेमेतरा एवं मुंगेली जिले को दी 448.77 करोड़ की सौगात

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में मुंगेली और बेमेतरा जिले में 448 करोड़ 77 लाख रूपए की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया, जिसमें मुंगेली जिले में 276 करोड़ 12 लाख रूपए की लागत के विकास कार्य तथा बेमेतरा जिले में 172 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर दोनों जिलों के निवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि हम लोगों ने जिस नवा छत्तीसगढ़ को गढ़ने का संकल्प लिया था, वह आज साकार हो रहा है। सुराजी गांव की कल्पना, आकार लेने लगी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मौके पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे के आग्रह पर साजा में 50 बिस्तर वाले मातृ शिशु चिकित्सालय (एमसीएच) खोलने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि गांव और किसान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता में है। हमारी सरकार किसानों और ग्रामीणों की है। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगों तक पहुंच रहा है। किसानों और ग्रामीणों से मैं हर रोज बात कर रहा हूं। उनके चेहरे पर संतोष देख कर मुझे भी बहुत संतोष होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा में कोई छात्र आर्थिक कारणों से पीछे न रह जाए, इसके लिए हमने राज्य में अब तक 171 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले हैं। अंग्रेजी स्कूलों के बच्चों को फर्राटेदार अंग्रेजी में बातचीत करते हुए देख और सुनकर सुखद आश्चर्य होता है, कभी किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चें कितनी बढ़िया अंग्रेजी बोल लेते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं अधोसंरचना को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

सोपोर हमला: दो पुलिसकर्मी शहीद, तीन नागरिकों की मौत, हमले में लश्कर का हाथ

वार्ता ⮜ बारामूला
www.dailypioneer.com

उत्तरी कश्मीर के सोपोर में शनिवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस पर आतंकवादी हमले में दो कांस्टेबल और तीन नागरिक मारे गए और एक अधिकारी सहित दो अन्य पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने सोपोर के मुख्य चौक पर एक नाका पार्टी पर दिनदिहाड़े किया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा कि हमले में शामिल लश्कर के आतंकवादियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें मार गिराया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री मुकेश कुमार के नेतृत्व में सोपोर पुलिस थाने की एक टीम ने आज बारामूला जिले के सोपोर में कोविड-19 प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए एक नाका स्थापित किया था। उन्होंने कहा कि हमले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के चार कर्मी और तीन नागरिक घायल हो गए। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की लेकिन आतंकवादी फरार हो गए। घायलों को तुरंत सोपोर उप जिला अस्पताल (एसडीएच) ले जाया गया, जहां दो पुलिसकर्मियों और दो नागरिकों को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृत पुलिसकर्मियों की पहचान श्रीनगर के नरबल निवासी कांस्टेबल शौकत अहमद और बड़गाम के चदूरा निवासी वसीम अहमद के रूप में हुई है। घायलों में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार और विशेष पुलिस अधिकारी हैं। उन्होंने कहा कि हमले के जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। इस बीच, उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और अपनी पार्टी के अध्यक्ष सईद मोहम्मद अल्ताफ बुखारी और पीपुल्स कांफ्रेंस के प्रमुख सज्जाद गनी लोन ने हमले की कड़ी निंदा की है।

मोदी ने गिरायी है देश की प्रतिष्ठा : प्रियंका

वार्ता ⮜ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि सरकार उनके लिए प्रचार तंत्र के रूप में काम करती है और कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने जो भूमिका निभायी, उससे देश की प्रतिष्ठा गिरी है। श्रीमती वाड्रा ने अपने अभियान 'जिम्मेदार कौन' के तहत शनिवार को यहां जारी एक बयान में श्री मोदी को अक्षम प्रधानमंत्री और अकुशल शासक बताते हुए कहा है कि वह जिम्मेदारी का निर्वहन करने की बजाय प्रचार पर ज्यादा भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी डरपोक व्यक्ति की तरह व्यवहार करते हैं और उन्होंने देश की प्रतिष्ठा को गिराया है। उनके लिए देश के नागरिक नहीं बल्कि राजनीति प्राथमिक होती है। प्रधानमंत्री के लिए सत्य के कोई मायने नहीं होते हैं और इसकी वजह है कि वह प्रोपेगेंडा पर ज्यादा विश्वास करते हैं । कांग्रेस नेता ने कहा कि पूरी दुनिया शासन करने की उनकी क्षमता को पहचानती है। देश की जनता को उन्होंने जो सब्जबाग दिखाये थे, उनकी पोल अब खुल चुकी है और यही सही वक्त है कि श्री मोदी से पूछा जाए कि देश की बदहाली के लिए जिम्मेदार कौन है।

युद्ध और अभियानों के इतिहास के संग्रह, संकलन और सार्वजनिक करने की नीति को मंजूरी

वार्ता ⮜ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्रालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युद्धों और अभियानों के इतिहास के संग्रह, संकलन , प्रकाशन और उन्हें सार्वजनिक करने की नीति को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को इस नीति को मंजूरी दी। इस नीति के तहत रक्षा मंत्रालय का प्रत्येक संगठन जैसे सेनाएं, एकीकृत रक्षा स्टाफ , असफ राइफल्स और भारतीय तटरक्षक युद्ध डायरियों , कार्यवाही से संबंधित पत्रों , संचालन संबंधी रिकार्ड बुक और अन्य सभी रिकार्ड रक्षा मंत्रालय के इतिहास विभाग को भेजेंगे जिससे कि उन्हें संकलित और संग्रहित कर इतिहास लेखन के काम में इस्तेमाल किया जा सके। रिकार्ड को सार्वजनिक करने की जिम्मेदारी पब्लिक रिकार्ड एक्ट 1993 और पब्लिक रिकार्ड रूल 1997 के तहत संबंधित संगठन की ही होगी। नयी नीति के अनुसार सामान्य तौर पर रिकार्ड 25 वर्षों में सार्वजनिक किये जाने चाहिए। पच्चीस वर्षों से पुराने रिकार्ड युद्ध और अभियानों के इतिहास के संकलन तथा विशेषज्ञों को सूचना देने के बाद राष्ट्रीय अभिलेखागार में भेजे जाने चाहिए। युद्ध और अभियानों के संकलन , मंजूरी और प्रकाशन के समन्वय की जिम्मेदारी इतिहास विभाग की होगी। नीति में रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में एक समिति के गठन का प्रावधान किया गया है जिसमें सेनाओं, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ साथ अन्य संगठनों के प्रतिनिधि और जरूरत पड़ने पर जाने माने सैन्य इतिहासकार शामिल होंगे जो इतिहास का संकलन करेंगे। इस समिति का गठन युद्ध के दो वर्ष के अंदर किया जाना होगा और इसे तीन वर्षों में रिकार्ड का संकलन उसे संबंधित पक्षों को भेजना होगा। इस नीति की सिफारिश कारगिल समीक्षा समिति ने की थी और इसका उद्देश्य विभिन्न सबकों का विश्लेषण करना तथा भविष्य में गलतियों को न दोहराना है। इसके अलावा युद्धों के इतिहास के समय से प्रकाशन से लोगों को घटनाओं की सही जानकारी मिलेगी और शोध में मदद के साथ साथ अफवाहों से निपटने में मदद मिलेगी।

सोशल मीडिया पर सिक्का व चम्मच चिपका हुआ महिला का वीडियो वायरल, चिकित्सकों ने कहा पूरे रिसर्च के बाद ही कुछ कहा जा सकता है

महिला के शरीर में आये चुंबकीय गुण, देश में नासिक और दिल्ली के बाद अब राजनांदगांव में तीसरा मामला, कलेक्टर सिन्हा की अपील- अफवाह से रहे दूर

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में शहर के भीतर ही एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें महिला की शरीर से स्टील की वस्तुएं चिपकने लगी हैं। हालांकि महिला का स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक है लेकिन फिर भी वो अपने डाक्टरों से सलाह मशवरा कर रही हैं । राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 सहदेव नगर की पार्षद सुनीता फडणवीस को पिछले वर्ष दीपावली के समय कोविड का संक्रमण हुआ था जिसके इलाज के बाद वो पूरी तरह से स्वस्थ हो गई थीं। वर्ष 2021 के अप्रैल माह की एक तारीख को उन्होंने वैक्सीन का पहला डोज लगवाया और इसी माह की 02 तारीख को वैक्सीन की दूसरी डोज उन्हें लगी । लेकिन अब वैक्सीन लगने के दस दिन बाद एक अजीब सा मामला सामने आया है जो सोशल मीडिया में सुर्खियां बना हुआ है। जिसमे सुनीता के शरीर से स्टील की वस्तुएं चिपकने लगी हैं बिलकुल किसी चुम्बक की तरह ।इस समस्या के बाद सुनीता से अपने निजी डाक्टरों एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मिथलेश चौधरी से भी संपर्क किया है। महिला के पति अशोक फडणवीस ने पायनियर को बताया कि सुनीता को स्वास्थ्यगत कोई समस्या नहीं है लेकिन चूँकि यह मामला अजीब सा है इसलिए इसकी तह तक पहुंचना आवश्यक होगा।

महाराष्ट्र व दिल्ली में भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले – गौरतलब है कि देश में चुंबकीय शक्ति के सक्रीय हो जाने का ये पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी समाचार पत्रों में इस तरह की खबर प्रकाशित हो चुकी है। महाराष्ट्र के नासिक में अरविंद सोनार और दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके के भी दो लोगों का दावा है कि कोरोना की वैक्सीन लगवाने के बाद उनके शरीर में चुंबकीय गुण आ गए हैं। इन दोनों ने भी अपना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया। इनका कहना है कि उनका शरीर धातु से बनी वस्तुओं को अपनी ओर खींच रहा है, जैसे चुंबक लोहे को खींचता है।

घर्षण का सिद्धांत हो सकता है वजह – इस तरह के मसलों पर वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसी घटनाएं तो संभव हैं, लेकिन इसके पीछे शरीर में चुंबकीय शक्ति का आना या फिर कोई अदृश्य ताकत नहीं होती है बल्कि इसका प्रमुख कारण भौतिकी के घर्षण का सिद्धांत होता है। हमें पता होना चाहिए कि हमारी चमड़ी बहुत मुलायम (इलास्टिक) होती है। इसीलिए, चमड़ी के चीर-फाड़ को 'प्लास्टिक सर्जरी' भी कहा जाता है। इसी लचीलेपन के कारण हमारी चमड़ी अपने संपर्क में आने वाली वस्तुओं से चिपक जाती है। कई बार जब हम ठंड के दिनों में गर्म कपड़े पहने होते हैं तो दूसरे से हाथ मिलाते वक्त भी हल्का करंट सा महसूस होता है। इसका कतई मतलब नहीं है कि शरीर में बिजली पैदा करने की क्षमता है।

वैक्सीन से संबंधित अफवाह एवं भ्रम से दूर रहें : तारण सिन्हा

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने अनुपम नगर निवासी नगर निगम राजनांदगांव की पार्षद सुनीता फड़नवीस को वैक्सीन का दूसरा डोज लगाने के बाद लोहे की वस्तुएं शरीर में चिपकने संबंधी अफवाह फैलने पर तत्काल संज्ञान लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने जांच के लिए टीम भेजी। जांच के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चौधरी ने बताया कि वैक्सीन के कारण ऐसा होना नहीं पाया गया है। पसीने या अन्य कारण से ऐसा हो गया है, जो एक समान्य प्रक्रिया है। वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और वैक्सीन लगाने से ऐसा नहीं होता है। उन्होंने इसका खंडन किया है। पार्षद सुनीता फड़नवीस को प्रथम डोज में भी दिक्कत नहीं हुई थी। कलेक्टर सिन्हा ने नागरिकों से अपील की है वैक्सीन से संबंधित अफवाह एवं भ्रम में न आए। कोविड-19 संक्रमण से सुरक्षा के लिए सभी नागरिकों को वैक्सीन लगाना चाहिए।

इस मामले में मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी मिथलेश चौधरी ने कहा है कि अस्पताल के डाक्टरों ने चेक किया है जिससे पता चला है कि यह मामला वैक्सीन की वजह से नहीं है और वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है । हो सकता है कि शरीर में पसीने की वजह से उन्हें वस्तुओं के चिपकने का आभास हुआ हो।

तो वहीं इस मामले को लेकर श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर देवेन्द्र नायक व सीनियर डॉक्टर दीपक जायसवाल ने कहा की इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीधे तौर पर कुछ कह पाना सम्भव नहीं है। चुम्बकीय गुण वाले मामले अब तक देश मे एक-दो ही सामने आए हैं, जिसे हम सब ने समाचार पत्रों के माध्यम से पढ़ा। अब आपके माध्यम से छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से ऐसी जानकारी सुनने को मिल रही है। वैक्सीन पूर्ण रूप से सुरक्षित है। देश मे करोड़ों लोगों ने वैक्सीन की दूसरी डोज भी ले ली है, और वैक्सीनेसन लगातार जारी है। चिकित्सा साहित्य में इस तरह का कोई उल्लेख नहीं है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 561 करोड़ के विकासपरक कार्यों की सौगात देंगे

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा किया जाएगा लोकार्पण एवं भूमिपूजन

■ पं. दीनदयाल आडोटोरियम में दोपहर 12 बजे से होगा आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 13 जून रविवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा रायपुर जिले के 561 करोड़ 32 लाख रूपये के 391 विकासपरक कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रायपुर के पं. दीनदयाल आडोटोरियम में आयोजित वर्चुयल आयोजन के माध्यम से दोपहर 12 बजे से जनप्रतिनिधियों और हितग्राहियों से रूबरू भी होंगे।

मुख्यमंत्री इसके तहत 100 करोड़ 32 लाख रूपये के 28 कार्यों का लोकार्पण करेंगे तथा 461 करोड़ रूपये के 363 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसके तहत वे सेतु निर्माण संभाग रायपुर के 49.01 करोड़ रूपये के 3 कार्यों,लोक निर्माण विभाग संभाग क्र-1,2,3 और विधानसभा संभाग के 5 करोड़ 78 लाख के 1 कार्य, वनमण्डलाधिकारी, रायपुर के 4.15 करोड़ रूपये के 2 कार्यों, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर के 65 लाख रुपए के 4 कार्यों, कार्यपालन यंत्री, नगर पूर्व रायपुर छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल के 17.32 करोड़ रूपये के 2 कार्यों, नगर पालिका निगम, रायपुर के 14.13 करोड़ रूपये के 3 कार्यों, जल संसाधन उपसंभाग क्रं.1, के 5.27 करोड़ रूपये के 2 कार्यों, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, रायपुर के 73 लाख रूपये के 4 कार्यों और सीजीएमएससी लिमिटेड रायपुर के 3 करोड़ 28 लाख रुपए के 7 कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

इसी तरह मुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्रं.- 1,2,3 और विधानसभा संभाग के 233.87 करोड़ रूपये के 140 कार्यों, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायपुर के 9.47 करोड़ रूपये के 6 कार्यों, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संभाग-04, रायपुर के 71 लाख रूपये के 1 कार्य , वनमण्डलाधिकारी, रायपुर के 43 लाख रूपये के 6 कार्यों, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, रायपुर के 4.91 करोड़ रूपये के 40 कार्यों, कार्यपालन यंत्री, नगर पूर्व रायपुर छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल के 15.18 करोड़ रूपये के 4 कार्यों, नगर पालिका निगम, रायपुर के 37.62 करोड़ रूपये के 94 कार्यों, स्मार्ट सिटी लिमिटेड, रायपुर के 144.01 करोड़ रूपये के 66 कार्यों , कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड, रायपुर के 4.74 करोड़ रूपये के 3 कार्यों और का आवास एवं पर्यावरण विभाग के 9.37 करोड़ रूपये के 1 कार्य और सीजीएमएससी लिमिटेड रायपुर के 59 लाख रुपए के 2 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव रेडियो पर कोविड प्रबंधन के बारे में देंगे जानकारी

रायपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा द्वारा तैयार रेडियो कार्यक्रम 'हमर ग्रामसभा' की 13 जून को 46वीं कड़ी प्रसारित की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव आकाशवाणी रायपुर से हर रविवार शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक प्रसारित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के नियंत्रण और रोकथाम के लिए शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की जानकारी देंगे। वे कार्यक्रम में कोविड-19 से बचने के उपायों और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताएंगे। कार्यक्रम को मीडियम वेब 981 किलो हर्ट्ज पर सुना जा सकता है। प्रदेश में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे।

महंगाई की दुहाई देने वाला प्रधानमंत्री लापता हो गये : फूलोदेवी नेताम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बढ़ती महंगाई को लेकर राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने आज केन्द्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि महंगाई की दुहाई देने वाला प्रधानमंत्री लापता हो गये है। गैस सिलेंडर के बढ़ती दामों से महिलाएं परेशान हो गई है। उन्होंने दावा किया ''यूपीए सरकार के समय एक सिलेंडर की कीमत 400 रुपये के करीब थी। उस समय कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा थी, लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित रखा गया था। अब पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है।'' अब भारतीय जनता पार्टी के सरकार में रसोई गैस के दाम 1000 रुपये चुकाने पड़ रहे है। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल का भाव भी शतक पार कर रहा है। खाने का तेल इतना अधिक महंगा, सरसों का तेल महंगा, दाल महंगा दैनिक जीवन के आवश्यक वस्तु हर एक चीज महंगी तो आम जनता का घर का गुजर बसर कैसे होगा? कोरोना महामारी के कारण लोगों के हाथ से रोजगार छिन्न गया और ये कमर तोड़ महंगाई से तो लोगों का हालत खस्ता हो गया है। राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के गलत नीति के कारण महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। कमर तोड़ महंगाई की मार क्या यही है मोदी सरकार जो कहता था बार-बार अबकी बार मोदी सरकार बेलगाम महंगाई पर चिखने चिल्लाने वाले भाजपा नेत्रियां खामोश क्यों? ''यह सरकार डीजल पर उत्पाद शुल्क को आठ गुना और पेट्रोल पर ढाई गुना बढ़ा चुकी है। इस सरकार की कृपा है कि देश ने पेट्रोल की कीमत के मामले में शतक लगा दिया है और नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। ऐसा लगता है कि इस सरकार को आम आदमी की रत्ती भर फिक्र नहीं है।'' राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने सवाल किया कि क्या सरकार का काम 'मुनाफाखोरी' करना है? स्मृति ईरानी जी अब लकड़ी लेकर सड़क पर प्रदर्शन क्यों नहीं करती रसोई गैस सिलेंडर के दाम 1000 रूपये के लगभग पहुंच गया है। नेताम ने सरकार पर 'कुप्रबंधन, मुनाफाखोरी करने और आम लोगों की फिक्र नहीं करने' का आरोप लगाया और सवाल किया कि यूपीए सरकार के समय सिलेंडर लेकर सड़क पर बैठने वाली भाजपा की महिला नेता अब चुप क्यों हैं? राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने कहा कि ''हमारी सरकार से मांग है कि बढ़ी हुई कीमतें वापस ली जाएं और उत्पाद शुल्क कम करके लोगों राहत दी जाए।'' यूपीए के सरकार में कीमत 10 रुपये बढ़ने पर सिलेंडर लेकर सड़क पर उतरने वाली महिला नेता से पूछना चाहती हूं कि क्या आज सत्ता का सुख इतना बढ़ा हो गया है कि वह बोल नहीं पा रही हैं?

भूपेश सरकार किसानों को धान के समर्थन मूल्य के अलावा न्याय योजना से प्रति एकड़ 9000 रुपए अतिरिक्त दे रही

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा के बयान पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार किसानों को धान के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से 9000 रू. प्रति एकड़ अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दे रही है और धान ही नहीं बल्कि कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, गन्ना, दलहन, तिलहन सहित धान के फसल के स्थान पर फलदार वृक्ष लगाने वाले किसानों को भी प्रति एकड़ 10000 रू. की प्रोत्साहन राशि दे रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों से किए वादे को पूरा किया है। किस मुंह से भाजपा नेता किसानों को एक मुश्त 2500 रू. देने की मांग कर रहे है, जब उनकी ही मोदी सरकार किसानों को धान का एकमुश्त 2500 रू. प्रति क्विंटल देने पर अवरोध लगाती है। सेंट्रल पुल में चावल लेने पर भेदभाव करती है नियम शर्ते लगाती है सेंट्रल पुल में 60 लाख मीट्रिक टन चावल लेने का सैद्धान्तिक सहमति देने के बाद मात्र 40 लाख मीट्रिक टन चावल लेने की अनुमति प्रदान कर छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ धोखा करती है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की मांग जायज है। और मोदी भाजपा ने लोकसभा चुनाव के दौरान किसानों से स्वामीनाथन कमेटी के सिफारिश के अनुसार लागत मूल्य का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने सस्ते दरों में डीजल रासायनिक खाद कृषि यंत्र एवं 2022 तक उनकी आय दोगुनी करने का वादा भी किया है और धान के समर्थन मूल्य निर्धारित करने का अधिकार मोदी सरकार के पास है तो निश्चित तौर पर किसानों को धान का समर्थन मूल्य 2590रू. नही बल्कि वादा अनुसार 3400 रुपए प्रति क्विंटल मिलना चाहिए।

बाजारों में उमड़ रही भीड़ कोरोना संक्रमण को दे रही आमंत्रण

■ सोशल डिस्टेसिंग की उड़ी धज्जियां

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अनलॉक होते ही शहर के लोग बाजारों में जिस तरह से भीड़ लगाकर चौक-चौराहों को जाम कर रहे हैं। उसके चलते एक बार फिर कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। शहर के प्रमुख बाजार मालवीय रोड, गोलबाजार, सदरबाजार, रामसागरपारा, एमजी रोड, राठौर चौक, तेलघानी नाका चौक, अग्रसेन चौक, पुरानी बस्ती स्थित लाखेनगर चौक में जिस तरह से दिन भर में लगातार जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है उससे ऐसा कहीं भी नहीं लगता कि अब कोरोना संक्रमण के दौर से गुजर रहे हैं।

गौरतलब है कि कोरोना पॉजीटिव मरीजों की संख्या में पुनः वृद्धि होने लगी है। सोमवार को राजधानी में कोरोना पॉजीटिव के 59 मरीज मिलने से पुनः कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा बड़ी संख्या में उत्पन्न हो गया है। जो लोग लॉकडाउन के दौरान शहर लॉक होने पर प्रशासन को गाली देते थे उनसे डॉ. चन्द्रमणी तिवारी ने प्रश्न करते हुए यह जानना चाहा है कि राजधानी के लोग बाजारों में इसी तरह भीड़ लगाते रहेंगे तो प्रदेश कोरोना से मुक्त कैसे होगा। इधर राष्ट्रीय स्तर पर बार-बार अगस्त-सितंबर माह में कोरोना की तीसरी लहर आने की जानकारी भी आम लोगों को उपलब्ध कराई गई है, इसके बाद भी स्वयं आरएनएस संवाददाता वट सावित्री के दिन गोलबाजार एवं मालवीय रोड में जमकर उमड़ी भीड़ में सोशल डिस्टेसिंग का पालन नहीं किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अधिकारियों से विचार-विमर्श के उपरांत लोगों की समस्याओं को देखते हुए रायपुर में लॉकडाउन खुलवाया। निर्धारित अवधि में लोगों को राशन एवं अन्य जरूरी सामग्रियों को क्रय करने के लिए समय की छूट भी जिसका नाजायज लाभ शहर के लोग उठा रहे हैं। इस संबंध में सुंदरनगर निवासी नीलिमा शुक्ला ने प्रदेश सरकार का पक्ष लेते हुए लोगों से कोरोना के फैलाव का सबब न बनने का आग्रह करते हुए केवल जरूरी होने पर ही प्रत्येक परिवार के एक सदस्य को आवाजाही करने की अपील की है।

कोलंबिया कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण पर वेबिनार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलम्बिया कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में "Environment Conservation" विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान अमिताभ दुबे द्वारा दिया गया जो की Green Army के संस्थापक तथा पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, का स्वागत उनका परिचय देते हुए कोलम्बिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे ने किया।

अमिताभ दुबे जी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से आग्रह किया की वे अपने आसपास होने वाली छोटी-छोटी प्राकृतिक अवहेलनाओं पर ध्यान दें तथा उसे सुधारने व उसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास करतें रहे, यह हमारा मुलभूत कर्त्तव्य है। किसी भी कार्य को करने के लिए दृढनिश्चय करने की आवश्यकता होती है, आप भी दृढनिश्चयी होकर विश्वकल्याण के लिए इस पुण्य कार्य में अपना योगदान जरुर दें। इसके लिए उन्होंने सात सूत्र का ज्ञान भी दिया। प्रशिक्षणार्थियों ने उर्जावान अतिथि वक्ता के व्याख्यान को उत्साह पूर्वक एवं तल्लीनता से सुना और उनके व्याख्यान से प्रोत्साहित होकर सभी ने इस पुण्य कार्य हेतु अपने योगदान देने की इच्छा प्रकट की।

युवक कांग्रेस ने निकाली मोटरसाइकिल की शवयात्रा, जताया महंगे ईंधन का विरोध

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में आग लगी हुई है बीते कुछ दिनों में ही पेट्रोल डीजल की कीमतों में 14 बार बढ़ोत्तरी की गई है। इसके विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आव्हान पर देश भर में पेट्रोल और डीजल की मूल्यवृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष पूर्णचंद(कोको) पाढ़ी के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा मोटरसाइकिल की शवयात्रा निकाल कर मूल्यवृद्धि का विरोध दर्ज कराया गया।

पाढ़ी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि से ट्रांसपोटेशन खर्च बढ़ता,जिससे सभी प्रकार की वस्तुएं महंगी होती हैं, रायपुर जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष स्वप्निल मिश्रा ने कहा कि महंगाई को मुद्दा बना कर चुनाव लडने वाली मोदी सरकार अब महंगाई के सवालों से मुँह छुपाने लगी है और अब तो स्थिति यह हो गई है कि भाजपा के नेता बड़ी बेशर्मी से उलूजुलूल बयानबाजी करने में जुट गए हैं और महंगाई के अपने फायदे भी गिनाने लगे हैं। यह मोटरसाइकिल की शवयात्रा इस बेशर्म मोदी सरकार और उसके बेशर्म नेताओं को नींद से जगाने के लिए निकाली गई है और जब तक पेट्रोल डीजल के मूल्यों को कम नहीं किया जाता ऐसे प्रदर्शन होते रहेंगे।

15 जून और 16 जून को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के दो महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव और नवनियुक्त प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का लोकसभा सदस्य 14 जून सोमवार को अपरान्ह 3.50 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर आ रहे है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव और नवनियुक्त प्रभारी सचिव सप्तगिरी शंकर उल्का, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में 15 जून मंगलवार को प्रदेश पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन प्रकोष्ठ-विभाग के प्रदेश अध्यक्षों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 15 जून मंगलवार को संध्या 4 बजे रायपुर से दिल्ली के लिये इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रवाना होंगे। 16 जून 2021 बुधवार को दोपहर 12 बजे प्रदेश एवं जिला प्रवक्ता का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दोनों प्रभारी सचिव उपस्थित रहेंगे।

भाजपाई मौत पर ओछी राजनीति करना बंद करें : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

विगत दिनों महासमुंद की एक हृदय विदारक घटना में 6 लोगो ने ट्रैन के सामने आकर आत्महत्या कर लिया था। घटना को प्रथम दृष्ट्या स्थानी पुलिस ने पारिवारिक वजह बताया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहां की, 15 वर्षों की सत्ताधारी भाजपा, सत्ता लोलुपता में इतनी व्याकुल हो चली है कि पारिवारिक कलह तथा मौत में भी राजनीति करने से बाढ़ नही आ रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा ली, 5 बेटियों के साथ आत्महत्या करने के मामले की जाँच के लिए भाजपा द्वारा गठित दल महासमुंद के बेमचा पहुंची। इस दल मे सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायकगण देवजी पटेल, रुप कुमारी चौधरी, डा विमल चोपडा, पूनम चन्द्राकर शामिल थे, भाजपा की जांच टीम, शराब को घटना की प्रमुख वजह बताने पर जोर आजमाईश से ग्रामीण बेहद नाराज होकर इस पर राजनीति न करने को लेकर खरी खोटी सुनाई ओर नारेबाजी करने लगे, जिससे साबित होता है भाजपा मौत पर राजनीति करने का प्रयास कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने कहा कि, मृतका उमा साहू और उसके पति केजराम के बीच होने वाले विवाद और पारिवारिक कलह मुख्य कारण था। मृतिका उमा साहू को उसके ससुराल वाले मकान के नाम पर प्रताड़ित किया करते थे। यह बात मृतका उमा के भाई और मामा ने कही है, पुलिस ने आत्महत्या के इस मामले में उमा के पति केजराम को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। हालाँकि गांव वालों का अब भी कहना है की, शराब को लेकर इस परिवार के बीच उन्होंने कभी भी कोई विवाद नहीं सुना, बल्कि सच तो यह है कि उमा को उसके ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित किया करते थे।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2022 में पुनः मिले इस स्थान से देश गौरवान्वित

ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी फिर बना भारत का नं.-1 निजी विश्वविद्यालय

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2022 में ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (ओपीजेजीयू) को एक बार फिर निजी क्षेत्र की नंबर-1 यूनिवर्सिटी का दर्जा मिला है। शालू जिन्दल के नेतृत्व वाले जेएसपीएल फाउंडेशन की पहल पर हरियाणा के सोनीपत में संचालित ओपीजेजीयू को मिले इस स्थान से पूरा देश गौरवान्वित है। जेएसपीएल फाउंडेशन जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के सीएसआर दायित्वों का निर्वहन करता है। ओपीजेजीयू के संस्थापक कुलाधिपति नवीन जिन्दल ने इस उपलब्धि पर कहा, यह हमारे लिए गर्व का पल है कि ओपीजेजीयू भारत और विश्व में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में ओपीजेजीयू को विश्व के शीर्ष 750 विश्वविद्यालयों में स्थान मिला है। इतना ही नहीं समाज विज्ञान, कला और मानविकी संकाय के लिहाज से ओपीजेजीयू को श्रेष्ठतम भारतीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ है।

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा विज्ञान के अध्ययन बगैर जीवन उपयोगी अलग संकायों के माध्यम से विश्व शिक्षा जगत में मील का पत्थर स्थापित कर मात्र 12 वर्ष पहले स्थापित ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने अपनी वरियता बरकरार रखते हुए उन रूढ़ियों को तोड़ दिया है जो वास्तव में एक वैश्विक विश्वविद्यालय बनने के लिए आवश्यक है। पिछले साल जहां 21 भारतीय विश्वविद्यालयों ने शीर्ष 1000 में जगह बनाई थी, वहीं इस साल यह संख्या 22 हो गई है।

यह उपलब्धि ओपीजेजीयू के संकायों में अंतरराष्ट्रीय विविधतापूर्वक सोच, विश्व स्तर के शिक्षाविदों और नियोक्ताओं में इसकी बढ़ती साख और एक मजबूत संकाय-छात्र अनुपात बनाए रखने की प्रतिबद्धता के कारण हासिल हो पाई है। क्यूएस वर्ल्ड

यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2022 के अनुसार, जेजीयू को संकाय-छात्र अनुपात में दुनिया के शीर्ष 260 विश्वविद्यालयों में स्थान दिया गया है, जो वर्तमान में अभूतपूर्व 1:8 है।

इसके अलावा भारत सरकार द्वारा चुने गए 20 इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस में से सिर्फ 11 को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2022 के शीर्ष 1000 रैंकिंग में जगह मिली, जिनमें इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, 4 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली विश्वविद्यालय, अन्ना विश्वविद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय, मणिपाल एकैडमी ऑफ हायर एड्युकेशन, जादवपुर यूनिवर्सिटी और ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी शामिल हैं। इस साल भी ओपीजेजीयू पिछले साल की क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के मुकाबले सबसे कम उम्र के संस्थानों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस साबित हुआ है। ओपीजेजीयू के संस्थापक कुलाधिपति नवीन जिन्दल ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि लगातार तीन वर्षों से विश्व स्तर पर ओपीजेजीयू को मिल रही यह मान्यता वास्तव में एक निर्णायक पल है। यह हमारे लिए यह गर्व की बात है कि ओपीजेजीयू भारत और विश्व में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना मेरे पिता ओपी जिन्दल जी की स्मृति में शैक्षिक उत्कृष्टता का केंद्र बनाने और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में नायक तैयार करने के उद्देश्य से की गई थी। मुझे खुशी है कि यह विश्वविद्यालय निरंतर कड़ी मेहनत कर उन सपनों को साकार कर रहा है। मैं कुलपति, संकाय और कर्मचारियों को बधाई देता हूं, जो विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा, 'ओपीजेजीयू 'इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस' के रूप में आने वाले वर्षों में भारत में अधिक विकसित उच्च शिक्षा परिदृश्य की उम्मीद की किरण है।'

ओपी जिन्दल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. राज कुमार ने कहा कि ओपीजेजीयू को विश्व के एक अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त होना विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय बनने की उसकी आकांक्षा का प्रमाण है। हमारा निरंतर प्रयास है कि हम अपनी शिक्षण प्रणाली, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और शैक्षिक गुणवत्ता को और मजबूत करें। हमारा विश्वविद्यालय आज वैश्विक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक पुनरुत्थान और उभरते भारत के विचारों का नेतृत्व कर रहा है। हमें गर्व है कि हमारा संस्थान सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयार्क, जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ हाउस्टन, मिड्लसेक्स यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टमिंस्टर, तोक्यो मेट्रोपोलिटन यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ हाइफा और यूनिवर्सिटी ऑफ ड्यूसेलडोर्फ की श्रेणी में आ गया है।

गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादी दम्पत्ति ने किया माओवाद से तौबा

खुशहाल जीवन के लिए पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप के मार्ग दर्शन में जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत् आसपास पुलिस के बढ़ते दबाव व माओवादियों की समर्पण नीति के व्यापक प्रचार प्रसार से गंगालूर एरिया कमेटी के माओवादी दम्पत्ति कोरसा अनिता पति कोरसा लच्छु उम्र 29 वर्ष निवासी जप्पेल्ली कांड़कापारा थाना नैमेड़ जिला बीजापुरके.ए.एम.एस. सदस्या एवं कोरसा लच्छु पिता कोरसा पाण्डू उम्र 32 वर्ष निवासी जप्पेल्ली कांड़कापारा थाना नैमेड़ जिला बीजापुर जप्पेली कांडकापारा मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर ने पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. पंकज शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक आशीष कुंजाम के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया।

कोरसा लच्छु माओवदी संगठन में वर्ष 2002 में गंगालूर सीएनएस अध्यक्ष दिनेश मोडियाम के द्वारा सीएनएम सदस्य के रूप में संगठन में भर्ती किया। 2008 में संगठन के अनिता हपका के साथ विवाह किया। वर्ष 2010 में जनताना सरकार अध्यक्ष सुक्की पूनेम के द्वारा जप्पेली कांडकापारा का जीआरडी सदस्य के रूप में कार्य सौंपा गया। वर्ष 2016 में मिलिशिया सदस्य के पद पर कार्य करए हुए वर्ष 2019 में मिलिशिया प्लाटून सेक्शन कमाण्डर के पद पर पदोन्नत किया गया। इसी दौरान विभिन्न माओवादी घटना में सामिल था, वर्ष 2005 में कैका-कडेर मार्ग पर रोड निर्माण कार्य में लगे 02 ट्रेक्टर में आगजनी की घटना में शामिल, वर्ष 2017-18 में नैमेंड बाजार में सहायक आरक्षक तेलम मरूम की हत्या में शामिल, वर्ष 2020 में गदामली पुलिया के पास रोड को जगह-जगह पर गडढा कर मार्ग अवरूद्ध करने में, अप्रेल 2021 में मिनगाचल वाटर प्लांट में लगे वाहनों की आगजनी में शामिल, वर्ष 2021 में नैमेड़ गागरूपारा में 01 पुलिस जवान की हत्या में शामिल था। वही कोरसा अनिता माओवदी संगठन में वर्ष 2003 में ग्राम नैमेड़ मिलिशिया कमाण्डर रमेश पूनेम के द्वारा घुमरा का बाल संघम के पद पर संगठन में शामिल किया। वर्ष 2010 में जप्पेली कांडकापारा केएएमएस सदस्य का कार्य दिया गया। गांव गाव में महिला संगठन के साथ मिलकर मिटिंग लेकर महिलाओं को संगठन में जोड़ने का कार्य की।

उक्त माओवादियों द्वारा संगठन में माआवादियों की विचारधारा, जीवन शैली एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर, खुशहाल जीवन के लिए भारत के सविधान में विश्वास रखते हुये, छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष समर्पण किया गया। समर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् दस दस हजार रूपये नगद प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया।

प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित है, हर तरफ भय व भ्रष्टाचार व्याप्त है : लता उसेंडी

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री सुश्री लता उसेंडी ने जिला भाजपा कार्यालय मे प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार के ढाई साल के कार्यकाल पर अपनी प्रतिक्रिया देते कहा की भूपेश के राज मे ढाई साल मे छतीसगढ बदहाल आज छतीसगढ मे अराजकता का माहौल निर्मित हैं हर तरफ भय व भष्ट्राचार व्याप्त है कांग्रेस ने जिस वादो के बल पर राज्य की सत्ता हासिल की थी आज वो अपने वादो को पुरा करने मे नाकाम साबित हुई है न ही राज्य के शत प्रतिशत किसानो का कर्जा माफ हुआ न ही बोनस मिला वही शराब बन्दी की बात करने वाली सरकार शराब को अपना कमाई का जरिया बनाये हुई है, किसानो का एक एक दाना खरीदने का वादा करने वाली भूपेश सरकार गिरदावरी कर किसानो को आर्थिक चोट पहुँचाने का काम कर रही है ढाई साल से बेरोजगार अपनी बेरोजगारी भत्ता का इन्तज़ार करते बैठे हुये है।

वही महिला अस्मिता की बात करने वाली सरकार के राज मे महिलाओं के साथ आये दिन कोई न कोई घटनाएं घटित हो रही है और सरकार मुकदर्शक बन तमाशा देख रही है बस ये सरकार ढाई ढाई साल के खेल मे उलझी हुई है ये सरकार सिर्फ और सिर्फ अपने झूठे वादो के पुलिंदो पर टिकी हुई है वही सुश्री उसेंडी ने आगे कहा की प्रदेश मे विकास कार्य ठप्प पढ़े हुए हैं सिर्फ और सिर्फ ट्रांसफर उद्योग चला रही है भूपेश सरकार जँहा एक ओर केन्द्र की मोदी सरकार प्रदेश सरकार को हर संभव मदद कर रही है लेकिन प्रदेश की सरकार कोरोना से लड़ने के बजाये अपनी आपसी लड़ाई मे व्यस्त है, जिसका नुकसान प्रदेश की जनता को भुगतना पढ़ रहा है इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन भाजपा नेता गौतम गोलछा, रतन दुबे, संदीप झा, जैकी कश्यप, मरण शील, संतनाथ उसेंडी, सुदीप झा, अभिषेक बेनर्जी, संजय तिवारी, निरपेन देवनाथ, राहुल पटेल, आकाश ठाकुर, बिट्टू अंगीरा, रीता मंडल, प्रमिला प्रधान, अनिता कुरेटी, केसर निषाद, भगवती, पुष्प लता मांझी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

एबिवीपी के प्रयासो से माफ़ हुआ महाविद्यालय का जनभागीदारी शुल्क

■ प्रभारी प्राचार्य का गुलदस्ता देकर किया धन्यवाद ज्ञापित

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नारायणपुर के द्वारा लगातार महाविद्यालय नारायणपुर की जनभागिदारी शुल्क कम किये जाने के लिये मांग कर रही थी इस समस्या के समाधान हेतु अभाविप द्वारा पूर्व में प्राचार्य, कलेक्टर नारायणपुर एवं स्थानीय विधायक जी को भी ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था साथ ही विद्यार्थियों के द्वारा बड़ी संख्या में दो दिवसीय हस्ताक्षर अभियान चलाकर शुल्क कम करने की मुहीम चलाई गई थी जिसके परिणाम स्वरूप आज जनभागीदारी शुल्क माफ़ करने का निर्णय लिया गया जिसका एबीवीपी स्वागत करती है साथ ही एबिवीपी के कार्यकताओं का कहना था कि जिन विद्यार्थियों से शुल्क ले लिया गया है उन्हें तत्काल वापसी किया जाये। साथ ही एबीवीपी के कार्यकताओं ने कॉलेज परिसर में जाकर प्रभारी प्राचार्य एस. आर.कुंजाम का फूलों का गुलदस्ता देकर धन्यवाद ज्ञापित किया कि आपने हमारी मांगो का समर्थन कर विद्यार्थी हित मे मांगो को पूरा किया। जिसमे जिला सहसंयोजक धनेन्द्र मणि निषाद, जसप्रीत सिंह सिधु दिग्विजय परिहार, गजेंद्र सिंह, ठाकुर, रामेश्वर कश्यप, हेमेश पटेल, अमन राजेश साहू, विकास सिंह, सिधू, रामाकांता गुप्तेश्वर अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विधायक अनुप नाग की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष समेत आमाबेड़ा के कई भाजपा नेताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

पायनियर संवाददाता ◂ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ के विधायक अनुप नाग कितने कर्मठ और प्रभावशाली है यह प्रमाण सिर्फ पुरे अंतागढ़ विधानसभा को मात्र 2 वर्ष में मिल चुका है अन्यथा कई राजतेना 2 दशकों तक जनता को यह प्रमाण नही कर पाए, विधायक अनुप नाग की संवेदनशीलता, जनता से उनका लगाव, उनके द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व विकास कार्यो से न सिर्फ आम जनता प्रभावित और खुश है बल्कि भाजपा के कई दिग्गज नेता और उनके संगठन के कई वरिष्ठ और युवा नेता भी अनुप नाग एवं प्रदेश कांग्रेस सरकार की कार्यशैली से प्रभावित है।

विधायक अनुप नाग ने आमाबेड़ा दौरे के दौरान आमाबेड़ा के भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सलाम की अपनी पूरी टीम एवं भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई। अशोक सलाम का कहना है की मैं अंतागढ़ विधायक अनुप नाग की कार्यशैली एवं प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा की जा रही जनहितैषी कार्यो से प्रभावित होकर अपने सभी युवा एवं वरिष्ठ साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लिया हूं क्योंकि जो काम भाजपा अपने शासन के 15 वर्षों में नही कर पाई वो कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार और अंतागढ़ विधायक अनुप नाग ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के होते हुए भी करके दिखा दिया है मैं और मेरे सभी साथी अनूप नाग के आभारी हूं जिन्होंने हमे कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई है हम उन्हे विश्वास दिलाते है की हम कांग्रेस पार्टी के साथ काम करके अपने क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका का निर्वहन करेंगे। इसके पहले भी भाजपा के कई दिग्गज नेताओं एवं कार्यकताओं ने विधायक अनुप नाग की प्रभावशाली कार्य पद्धति और उनके द्वारा बिना भेदभाव के अंतागढ़ विधानसभा के हर ब्लॉक, गांव में निरंतर किए जा रहे विकास कार्यों एवं राज्य की कांग्रेस सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर कांग्रेस का दामन थामा था। आम नागरिकों के साथ साथ इन भाजपा नेताओ का भी कहना है की हमारे राजनैतिक जीवन के इन 15-20 वर्षों में ऐसा विधायक ना तो देखा और ना ही कभी सुना, आज हमारा गांव, शहर हर तरफ विकास की एक नई इमारत दिखती है धरातल पर जनता के लिए विभिन्न विभिन्न योजनाओं से लाभ पहुंचाया जा रहा है लोगो के जीवन को एक नया आयाम देने का काम राज्य सरकार और विधायक अनुप नाग कर रहे है। कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करने वाले भाजपा नेता और कार्यकर्ताओ के नाम भाजपा युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक सलाम, अनिल सलाम, विसाहु मंडावी, छविलाल सलाम, सुकाउ पोटाई, इतवारू मंडावी, विश्वनाथ मंडावी। लोक जनशक्ति पार्टी के बस्तर संभाग उपाध्यक्ष रमेश टंडन, आमाबेड़ा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र पटेल ने भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

नगर पालिका परिषद एवं एनएमडीसी के संयुक्त प्रयास से संक्रमण की दर में गिरावट

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण को रोकने नगरपालिका परिषद किरंदुल एवं एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल परियोजना द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे हैं। आपसी सामंजस्य और संयुक्त प्रयासों के परिणाम स्वरूप सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं और संक्रमण दर में गिरावट दर्ज हुई है। किरंदुल नगरपालिका परिषद के समस्त वार्डो में सेनेटाइजेशन हेतु एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा नगरपालिका परिषद को 2000 लीटर सेनेटाइजर उपलब्ध कराया गया है। किरंदुल परियोजना के अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन द्वारा पालिकाध्यक्ष मृणाल राय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एच आर गोंदे की उपस्थिति में नगरीय निकाय को सेनेटाइजर सौंपा गया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक (कार्मिक) बी के माधव, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) केदार दास, सहायक महाप्रबंधक जी वेलवसंथन एवं नगरीय निकाय का अमला उपस्थित था। नगरपालिका परिषद किरंदुल एवं एनएमडीसी किरंदुल परियोजना लौह नगरी किरंदुल को कोरोना मुक्त करने हेतु दृढ़ संकल्पित हैं।

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अंतागढ़ के कार्यकारिणी की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◂ अंतागढ़
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजा पांडे एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र मरकाम के अनुशंसा से युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री प्रतीक (शानू) ठाकुर ने भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अंतागढ़ कार्यकारिणी की घोषणा की।

कार्यकारिणी में दो उपाध्यक्ष बिट्टू नेताम एवं श्याम मरकाम दो महामंत्री हुपेन्द्र साहू एवं किशोर कुलदीप दो मंत्री बंटी नेगी एवं राजाराम मरकाम तथा कोषाध्यक्ष कैलाश पोटाई को बनाया गया है वहीं मिडिया प्रभारी अजीत पटेल को तो सोशल मीडिया प्रभारी बंटी पटेल को नियुक्त किया गया है। प्रचार प्रसार प्रमुख लोकेश चक्रधारी को कार्यालय प्रभारी विजय पटेल सह प्रभारी रूस्तम नाग को नियुक्त किया गया है प्रशिक्षण प्रमुख भावेश पटेल को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में नवयुवतियों को भी स्थान दिया गया है जिसमें कन्या शक्ति संयोजिका मंडल में कु पूजा निषाद, कु सुमन पटेल, कु अंजली मंडावी को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में कुल 31 सदस्यों को नामित किया गया है। उपरोक्त जानकारी नवनियुक्त युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रतिक ठाकुर ने प्रेस को दी है।

सरस्वती साइकिल योजना के तहत 10 विद्यार्थियों को बांटा गया साइकिल

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

02 ग्राम पंचायत में सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वी में अध्ययनरत 10 छात्राओं को आज साइकिल वितरित की गई जिसे पाकर छात्राओं की चेहरों में खुशी की रौनक देखने को मिली। इस साइकिल वितरण के दौरान संस्था प्राचार्य एस नागर सरपंच मीना मंडावी के समक्ष छात्राओ को साइकिल वितरण किया गया एवं इस दौरान छात्राओं को कोरोना गाइडलाइंस का पालन कर स्वयं को सुरक्षित रहने को कहा गया।

एसपी के निर्देशन पर धनोरा थाना सहित शरहदी थानों में की गई थी नाकाबंदी

मासूम बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के विरूद्ध धनोरा पुलिस ने महज 14 दिन में ही पेश किया चालान

■ मानवजाति शर्मसार करने वाले आरोपी को पकड़वाने में ग्रामीणों ने किया पुलिस का सहयोग

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला के धनोरा थाना में विगत दिनों घिनोना कृत्य करने के उद्देश्य से एक बार फिर मानव जाति को शर्मसार करने वाली घटना प्रकाश में आई थी, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत व शरहदी थानों में नाकाबंदी करवाकर सघन चेकिंग करवाई गई, आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक के द्वारा त्वरित विवेचना कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। निरीक्षक सोनसिंह द्वारा महज 14 दिनों में चालान माननीय न्यायालय कोण्डागांव में पेश किया गया।

बता दे 29 मई को थाना धनोरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिक मासूम बच्ची को घर के सामने से एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर सायकल मे जबरजस्ती बैठाकर ले जाया गया है, जिसकी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ने घटना के संबंध में जानकारी वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं एसडीओपी अमित पटेल को दी गई। मामले की संवेदनशीलता समझते हुए, एसपी द्वारा तत्काल थाना क्षेत्र एवं शरहदी थानों में नाकाबंदी निर्देशित करने पर तत्काल थाना धनोरा क्षेत्र में भागने के संभावित मार्गो पर धनोरा के बल द्वारा एवं शरहदी थाना ईरागांव, केशकाल, उरंदाबेड़ा, फरसगांव एवं थाना आमाबेडा के बल द्वारा अपने अपने क्षेत्र में नाकाबंदी लगाकर सघन चेकिंग किया जा रहा था। साथ ही थाना धनोरा पुलिस एवं पीड़ित के परिजन व ग्रामीणों का संयुक्त रूप से अलग - अलग टीम बनाकर ग्रामीणों के साथ थाना क्षेत्र में अपहृत छोटी सी नाबालिक बालिका एवं अज्ञात आरोपी को ढुंढ रहे थे, जिसके फलस्वरूप थाना धनोरा पुलिस एवं ग्रामीणों ने 03 घण्टे में अपहृत मासूम बालिका को ढूंढ़कर परिजनों के सुपुर्द किया एवं वरुर आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 28/12021 धारा 363, 376 क ख़ भादवि 6 पोक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

विशेष टीम गठित कर प्रस्तुत किया चालान

थाना प्रभारी निरीक्षक सोन सिंह सोरी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर धनोरा पुलिस द्वारा 29 मई को 14 दिन के अंदर ही अति शीघ्र विवेचना कार्य पूर्ण कर आरोपी विकास कुमार वट्टी पिता रंजन वट्टी उम्र 25 वर्ष जाति गोंड निवासी - डोंडेरापाल थाना केशकाल जिला कोण्डागांव के विरुद्ध अभियोग पत्र तैयार कर माननीय अपर सत्र न्यायालय एफटीसी कोण्डागांव में चालान प्रस्तुत किया गया।

नगरपालिका कर्मी दिनेश शर्मा की हृदय घात से मौत

अध्यक्ष सीएमओ सहित पूरे स्टाफ नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नगर पालिका किरंदुल आफिस में पदस्थ सहायक श्रेणी 3 कार्यरत दिनेश कुमार शर्मा का शनिवार सुबह अचानक हृदय घात आने के कारण मौत हो गई।शर्मा अपने घर मे सो रहे थे अचानक दिल का दौरा पड़ गया। जैसे ही घर वालो को पता लगा उन्होंने तुरंत गम्भीर अवस्था में एनएमडीसी परियोजना अस्पताल में भर्ती करवाया। जांच के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 52 वर्षीय दिनेश शर्मा को नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय सीएमओ एच आर गोन्दे पार्षद शैलेंद्र सिंह, गायत्री साहू, इला पटेल, सरपंच मीना मंडावी सहित पूरे स्टाफ ने भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पार्थिव शरीर को उनके गृह ग्राम हरदा मध्य प्रदेश अंतिम संस्कार के लिए भेज दिया है।

नपा अध्यक्ष ने मुख्य मार्ग में लगाए गए ग्रील जाली के कार्य को बताया गुणवत्ताहीन

कलेक्टर को पत्र लिखकर की गई जांच की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत आस-पास के 06 सिमेंट संयंत्रों के द्वारा सी.एस.आर. मद से मुख्य मार्ग में लगाये गये मार्ग विभाजक लोहे की ग्रील जाली लगाये जानेपर हुए भ्रष्टाचार एवं कार्य को गुणवत्ता से परे बताते हुये नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने कलेक्टर बलौदाबाजार-भाटापारा को दिनांक 11.06.2021 को ज्ञापन सौंपते हुये जांच की मांग की गई पत्र पर एक सप्ताह में आवश्यक जांच किये जाने का आश्वासन दिया गया इस दौरान नगर पालिका के पार्षद संकेत शुक्ला, रोहित साहू, सतीष पटेल, अमितेष नेताम, कमल भारद्वाज उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने जांच की मांग संबंधी सौंपे गये पत्र में बताया कि नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत भाटापारा रोड, मुख्य मार्ग, सहित लवन रोड एवं रायपुर रोड के मार्ग विभाजक में लोहे की ग्रील जाली लगायी गई है। आस-पास के 06 सिमेंट संयंत्रो के द्वारा सी.एस.आर मद से ग्रील जाली व वृक्षारोपण का कार्य कराया गया, परन्तु लगाई गई लोहे की जाली मजबूत नही है व अत्यंत कमजोर स्तर का कार्य किया गया है, व उक्त जाली को मजबूती से फिट नही किया गया है जिसके कारण अनेक स्थानो से ग्रील जाली चोरी होने लगी है, साथ ही रायपुर

मार्ग तथा लवन मार्ग में अनेक स्थानों पर वाहनों के द्वारा जाली को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि उक्त मार्ग विभाजक ग्रील जाली के लिये इंजीनियर द्वारा जो स्टीमेट बनाया गया है उसमें आई.एस.आई. बार जिसका 01 मीटर वजन में 31.5 किलोग्राम है, आई.एस.आई. बार में 02 प्रतिशत वजन कम या ज्यादा हो सकता है लेकिन यह लोकल बार है जिसका वजन एम.एम. स्टीमेट के अनुरूप नहीं है, उक्त कराये गये कार्य में 50 प्रतिशत भ्रष्टाचार हुआ है, व लगाये गये ग्रील जाली का प्रमाणीकरण सी.एम.ओ. एवं उपअभियंता नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा किया गया है।

आस-पास के 06 सिमेंट संयंत्रों द्वारा सी.एस.आर. मद से निर्मित ग्रील जाली का कार्य अत्यंत घटीया व कमजोर है, जिसका प्रत्यक्ष परीक्षण कराया जा सकता है। क्योंकि उक्त कार्य निर्धारित स्टीमेट व मापदण्ड के अनुरूप नहीं कराया गया है, जबकि इसी प्रकार ग्रील व मार्ग विभाजक सिमेंट संयंत्रो में लगाई जाती है, जो अत्यंत मजबूत व गुणवत्ता का ध्यान रख कर बनाया व लगाया जाता है, किन्तु नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत खुले मार्ग में लोहे की जाली लगाने पर पूर्ण रूप में लापरवाही बरती गई है। कार्य की गुणवत्ता प्रमाणित करने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए ग्रील कार्य का मूल्यांकन एवं परीक्षण सहित किये गये कार्य का पुनः सुधार संधारण कराये जाने एवं जांच की मांग की गई है।

झमाझम बारिश होने से किसान हुए खुश



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शहर सहित अंचल में मानसून ने दस्तक दे दी है मानसून आते ही रुक-रुक कर हो रही बारिश आज दोपहर को झमाझम बारिश हुई । मानसून के आते ही लगा था बारिश का सिलसिला जारी हे। वही आसमान पर पूरी तरह से बादल छाए होने की वजह से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

समय से पहले पहुंचा मानसून : इस बार सामान्य तौर पर मानसून 16 जून को सकरी होता है 4 दिनों में यह जिले सहित पूरे प्रदेश को खबर कर लेता है लेकिन इस बार या 9- 10 जून को ही रायपुर तक पहुंच चुका था पहुंचने से पहले ही जब मानसून केरल से बस्तर पहुंची तक मानसून की स्पीड सामान्य थी। बीते वर्ष की अपेक्षा मानसून समय से पहले ही पहुंच गई है।

मौसम हुआ खुशनुमा माहौल : भीषण गर्मी से हलाकान लोगों ने मौसम के परिवर्तन होने से राहत की सांस ली है बीती शाम से ठंडी हवाएं एवं आज सुबह से बादल छा रहे वहीं दोपहर को झमाझम बारिश से अंचल का वातावरण खुशनुमा बना रहा दिनभर आसमान में बदली छाई रही तापमान में तेजी से गिरावट आने पर लोगों को गर्मी से राहत मिली है बारिश के साथ ही लोगों ने अब बारिश से बचने छाता रंगों का इस्तेमाल करते देखे गए।

किसानों के खिले चेहरे : मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे अंचल के किसानों के मानसून सक्रिय होने से चेहरे खिल गए हैं ज्ञात हो कि किसानों ने नौतपा के साथ ही किसानी का प्रारंभिक कार्य खेती की मरम्मत जुताई इत्यादि के साथ ही खाद बीज की व्यवस्था में जुटने लगे थे बारिश के पूर्व अन्य तैयारियां भी जारी रखे हुए थे जब बारिश होने के बाद आगामी दिनों से किसानों की व्यस्तता और भी बढ़ने की उम्मीद है अंचल के किसानों की उपस्थिति अब खेतों में बनी रहेगी फिलहाल कई किसान अभी भी खाद बीज इत्यादि की व्यवस्थाओं में व्यस्त हैं।

भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की जिला इकाई का गठन

पायनियर संवाददाता ➤ पलारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति शिक्षा प्रकोष्ठ प्रांतीय संयोजक माननीय बिशेसर पटेल जी के निर्देशन व माननीय गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष, माननीय शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक भाटापारा, डॉ.सनम जांगड़े पूर्व विधायक बिलाईगढ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ,भाजपा विधायक प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य शिक्षा प्रकोष्ठ टेसूलाल धुरंधर के मार्गदर्शन में शिक्षा प्रकोष्ठ जिला इकाई के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें जिला संयोजक जे.पी.धुरंधर, सह संयोजक विनय गुप्ता, देव नारायण साहू,मीडिया प्रभारी जामवंत वर्मा,कार्यालय प्रभारी नारायण लाल चंद्राकर, कोषा अध्यक्ष हरिराम वर्मा, कार्यकारणी सदस्य गंगा प्रसाद यदु, महेश राम साहू, डॉ.आर.के. वर्मा .रामेश्वर शर्मा .देवकराम वर्मा,बी.एल.सर - सीहा, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा मनोनीत किए गए।

शिक्षा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों के चयन होने पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी शिक्षा, शिक्षक, छात्र व समाज हित में काम करते हुए भाजपा की विचारधारा व केन्द्र में मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। संगठन द्वारा जिला इकाई मनोनीत किए जाने पर समस्त कार्यकर्ताओ ने बधाई प्रेषित किया।

तिल्दा में मितानिन को बांटे गए सुरक्षा किट

तिल्दा। कोविड महामारी के दौरान लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल करने का कार्य मितानिन और आशा कार्यकर्ताओं का कार्य अनुकरणीय है। ग्रामीण समुदाय को सेवा प्रदान करने के साथ-साथ कोविड के प्रति जन जागरूकता लाने में भी यह कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल के लिए संपर्क का पहला बिंदु बनकर आंतरिक रूप से नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा कर रहे हैं। इसी को देखते हुए तिल्दा ब्लॉक के 100 मितानिन को सुरक्षा किट प्रदान किया गया। साथ ही सुरक्षा किट का इस्तेमाल करने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं चिरायुश हेल्थ एंड रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सीएचसी खरोरा में आयोजित कार्य म में राज्य नोडल अधिकारी डॉ कमलेश जैन भी ऑनलाइन शामिल हुए। उन्होंने मितानिन को अगली कोविड लहर की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया।

नपा अध्यक्ष के प्रयास से मिली नगर को डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

पालिका अध्यक्ष गफ्फूमेमन के प्रयास से नगर को डेढ़ करोड़ के विभिन्न विकास कार्यो की स्वीकृति मिली है। ये सभी कार्य नगर के मूलभूत सुविधाओ और जनसमस्या से संबंधित है। इन कार्या के स्वीकृत होने से नगर के विकास को दुगुनी गति मिलेगी। ज्ञात हो कि दो साल पहले जिन वादो और घोषणाओ के साथ नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने नगर पालिका की कमान संभाली थी, उन्हे पूरा करने वे पूरी सक्रियता के साथ जुटे गए है। नगर के विकास के सपने को साकार करने वे निरंतर विभिन्न जनहित से जुड़ी मांगो को लेकर शासन प्रशासन स्तर पर प्रयासरत रहते है। यह उनकी

सक्रियता का ही परिणाम है कि विपक्ष में होते ही हुए राज्य शासन ने उन पर विश्वास करते हुए करोड़ो के विकास कार्यो की स्वीकृति प्रदान की है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फूमेमन ने बताया कि नगर का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता रही है। इसके लिए वे हर संभव प्रयास करते आ रहे हैं। उन्होने कहा कि नए विकास कार्यो के स्वीकृति मिलने से नगर के विकास को दुगुनी गति मिलेगी। ये सभी विकास कार्य जनसुविधाओ से जुड़े है। इनके पूर्ण होने से के साथ ही नगर की बदलती तस्वीर भी नगरवासियो को नजर आने लगेगी। उन्होने बताया कि स्वीकृत हुए विकास कार्या में सीसी सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पाइप लाइन विस्तार, पेपर ब्लाक सहित मरम्मत के कार्य सम्मलित है। नए विकास कार्यो की स्वीकृति मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष मेमन ने नगरवासियो की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिला के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया, सांसद चुन्नीलाल साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इसके अलावा नगर पालिका के उपाध्यक्ष, सभापति एवं सभी पार्षदो ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य शासन का आभार जताया हैं।

केन्द्र सरकार कोरोना काल में किसानों के साथ : पवन वर्मा

■ भाजपा किसान मोर्चा ने प्रधानमंत्री व कृषि मंत्री का माना आभार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

भाजपा किसान मोर्चा जिला बलौदाबाजार के जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ फसल के लिये न्यूनतम मूल्य घोषित किये जाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार इस कोरोना काल में किसानों के साथ है। उनके हितों की पुरी चिंता कर रही हैं। इससे पूर्व भी किसान के खातों में सीधा सम्मान निधि की राशि भेजकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के प्रति अपनी संवेदनाओं को व्यक्त किया है। किसानों के दिक्कतों को देखते हुए कि खाद के दरों में सब्सिडी का लेकर ऐतिहासिक फै सला लिया था। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार लगातार किसानों की हितों को ध्यान में रखते लगातार मजबूत फै सले लेती जा रही है। इस क्रम में आर्थिक मामलों के

मंत्रीमंडल समिति ने खरीफ फसल के लिये एमएसपी को मंजूरी दी है। धान के खरीफ फसल 2021-2022 समर्थनमूल्य मे 72 रु प्रति क्विंटल की दर से बढ़ोतरी की गई इस फैसले से किसानों को सीधा लाभ होगा। साथ ही इस कोरोना काल मे मोदी सरकार के द्वारा गरीबों को नवंबर तक निःशुल्क राशन देने का निर्णय भी स्वागत योग्य है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किश्त पाकर खुश हैं जिले के किसान

■ खेती-किसानी में इस राशि से मिलेगी मदद

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पैंजनी के किसान श्री बसावन वर्मा को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किश्त मिलने पर संबल मिला है। कोरोना संकट के बीच सभी लोग आर्थिक तंगी से गुजर रहे है। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस मुश्किल घड़ी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की पहली किश्त मिलने से किसानों को राहत

मिली है। श्री बसावन वर्मा के पास लगभग एक एकड़ कृषि भूमि है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत उन्हें पहली किश्त के रूप में 2 हजार 4 सौ रुपये प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस राशि को अच्छे उत्पादन के लिए खेती-बाड़ी में खर्च करेंगे। उन्होंने आगें कहा कि पिछले खरीफ फसल में 14 क्विंटल 40 किलो धान को उपार्जन केंद्र सहकारी बैंक बरदा में बेचा था।

इसी प्रकार बलौदाबाजार विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम जामडीही निवासी राजेश वर्मा के पास 2 एकड़ कृषि भूमि है।उन्हे पहली किश्त के रूप में 4 हजार 4 सौ रूपए प्राप्त हुए हैं। उनकी दो संतान है। दोनों की जिम्मेदारी उन पर ही है। श्री वर्मा बताते है कि खरीफमें धान के साथ-साथ रबी में गेहूं की फसल लेते है। इस पर होने वाले खर्च के लिए उन्हें किश्तों में राशि की जरूरत पड़ती है। जो राजीव गांधी किसान न्याय योजना से पूरी हो जाती है। वे कहते है कि इस विषम परिस्थिति में खाद, बीज आदि की व्यवस्था करने में इस राशि से बहुत मदद मिल रही है। इससे मुझे आर्थिक रूप से मजबूत होने का एक अवसर मिला है। उन्होंने आगें कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसान हितैषी जो योजनाएं बनाई जा रही है। जिससे हमें खेती-किसानी के लिए साहूकारों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है।अनावश्यक ब्याज देने से हमें मुक्ति मिली है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिलने वाली राशि से हम अन्य जरूरतों को भी पूरा कर पा रहे है।

अस्पतालों में गाइड लाइन की उड़ाई जा रही धज्जियां

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

पूरा देश कोरोना की भयावता से जूझ रहा है लोगों में भय का माहौल है और लगातार मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। आज टिल्डा नगर के खुसी अस्पताल के हाल देखे तो वहां पर भी स्टॉफ बिना मॉस्क लगाए काम कर रहे थे तो सोशल डिस्टेंसिंग का तो कहीं भी पालन नहीं हो रहा था।

लोगों को कोरोना से बचाव के लिए हर स्तर पर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम, सी एम् से लेकर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारी मॉस्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन करने की अपील कर रहे हैं। यह बात अलग है आज जब खुसी अस्पताल के हाल देखे तो वहां पर भी गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाई जाने के दृश्य नजर आए। स्टॉफ से लेकर चिकित्सक गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहे थे।

आज कचरा किसी भी रूप में हो, वह देश और दुनिया के लिये एक बहुत बड़ा पर्यावरणीय संकट बनता जा रहा है। हम जानते हैं कि हर शहर में कई निजी व सरकारी अस्पताल होते हैं, जिनसे प्रतिदिन सैकड़ों टन चिकित्सकीय कचरा निकलता है और यदि पूरे देश में इनकी संख्या की बात करें तो देश भर के अस्पतालों से निकलने वाला कचरा कई हजार टनों में होता है।

इस भागम-भाग की जिंदगी में बीमारियाँ बढ़ती जा रही हैं, बीमारों की संख्या बढ़ रही है, अस्पतालों की संख्या भी बढ़ रही है और उसी हिसाब से खुसी हॉस्पिटल नेवरा मे बीमार व्यक्तियों के इलाज में प्रयुक्त होने वाले सामानों की संख्या बढ़ रही है, जिन्हें इस्तेमाल करके कचरे में फेंक दिया जाता है, जो एक बायोमेडिकल कचरे का रूप ले लेता है। उपरोक्त के अलावा कुछ सामान्य पदार्थ भी होते हैं जिनमें दवाइयों के रैपर, कागज, रिपोर्ट, एक्स-रे फिल्में और रसोई से निकलने वाला कूड़ा-कचरा आता है। यही नहीं, कुछ अन्य पदार्थ जैसे कि ग्लूकोज की बोतलें, सूइयाँ, दस्ताने आदि भी बायोमेडिकल कचरे में आते हैं। इन सब कछुओं को खुशी हॉस्पिटल अपने पीछे पड़े भूभाग में फेंक रहे हैं

केंद्र सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के लिये बायोमेडिकल वेस्ट (प्रबंधन व संचालन) नियम, 1998 बनाया है। बायोमेडिकल वेस्ट अधिनियम 1998 के अनुसार निजी व सरकारी अस्पतालों को इस तरह के चिकित्सीय जैविक कचरे को खुले में या सड़कों पर नहीं फेंकना चाहिए। ना ही इस कचरे को म्यूनीसिपल कचरे में मिलाना चाहिए। साथ ही स्थानीय कूड़ाघरों में भी नहीं डालना चाहिए, जब स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोग इस प्रकार की लापरवाही करेंगे तो फिर आम जनता से नियम पालन की उम्मीद करना बेमानी होगा।

संजय ने भी सभी वरिष्ठ समाजिक लोगों के पैर छू कर लिया आशीर्वाद

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय नेताम ने किया पदभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय नेताम ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। कार्यकाल की सफलता के लिए संजय ने पूर्व अध्यक्ष धनेश्वरी मरकाम व समाज के सभी वरिष्ठों का चरण छू कर लिया आशीर्वाद।

कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी रहे संजय नेताम को सरकार ने गरियाबन्द जिला एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना मण्डल अध्यक्ष की बड़ी जवाबदारी दिया है।जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने शुक्रवार को विधिवत पदभार ग्रहण किया है। पदभार ग्रहण पश्चात समाज प्रमुखो ने सामाजिक रीति रिवाज के मुताबिक संजय को पीली पगड़ी पहना कर सामाजिक सम्मान का रस्म को पूरा किया। संजय ने भी सभी वरिष्ठ समाजिक लोगों के पैर छू कर आशीर्वाद लिया। पदभार ग्रहण करते ही संजय ने कहा कि आदिवासी विकास के लिए बनी सभी योजनाओ का सफल क्रियान्वयन के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना पहुँचा कर जिले की विकास कराना मेरा लक्ष्य होगा।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आदिम जाति कल्याण मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू का आभार प्रकट हुए कहा कि एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के अध्यक्ष के रूप में एक सुपात्र व्यक्ति का मनोनयन कर कांग्रेस पार्टी और आदिवासी समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का कार्य राज्य सरकार ने किया है। एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना के पूर्व अध्यक्ष धनेश्वरी मरकाम ने कहा कि परियोजना के अध्यक्ष के रूप में छत्तीसगढ़ शासन ने

एक युवा नेतृत्व व मेरे छोटे भाई के कन्धों पर समाज के विकास की जिम्मेदारी दी है, इनके गतिविधियों को संचालित करने की नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें हार्दिक बधाई देते हैं।

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष भारत दीवान ने कहा कि आज परियोजना कार्यालय में एक ऊजार्वान युवा का आगमन हुआ है जो निश्चित तौर पर इनकी योजनाओं के क्रियान्वयन में और इसका लाभ समाज के लोगों तक पहुँचाने में कारगर साबित होगी।

ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज के प्रदेशाध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव ने भी परियोजना कार्यलय पहुंचकर नवनियुक्त अध्यक्ष संजय नेताम को बधाई देते हुए कहा कि आदिवासी समाज के विकास के लिए आज समाज ने एक हितचिंतक व्यक्ति को परियोजना अध्यक्ष के रूप पाया है जो हमारे समाज के लिए सकारात्मक परिणाम के रूप में सिद्ध होगी।

जिला पंचायत सभापति एवं सर्व समाज महिला प्रकोष्ठ की प्रदेशअध्यक्ष लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि लंबे समय से परियोजना के संचालन के लिए सुयोग्य नेतृत्व की तलाश थी जो संजय नेताम के अध्यक्ष बनने के रूप में पूरी हुई है, अब उनके कंधों पर जिम्मेदारी आई है तो निश्चित तौर पर हम सभी उनका सहयोग कर योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। भुंजिया समाज के प्रदेशाध्यक्ष ग्वालसिंह सोरी ने भुंजिया जनजाति समाज की ओर से बधाई देते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष संजय नेताम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आज सभी आदिवासी समाज के प्रतिनिधि एकजुट होकर परियोजना के अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों और योजनाओं का लाभ समाज तक पहुंचे इसके लिए हमें तत्पर रहना है और हमें पूरा विश्वास है कि नए अध्यक्ष का कार्यकाल समाज हित में स्वर्णिम कार्यकाल होगा। कमार विकास अभिकरण के अध्यक्ष सुखचंद नेताम ने कहा कि समाज के विकास कार्यक्रम को नई दिशा देने में संजय नेताम के परियोजना अध्यक्ष बनने से गति आएगी और समाज का एक स्वर्णिम अध्याय के तौर पर वे इसे गति प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारि भावसिंह साहू जिलाध्यक्ष, तपेश्वर ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, मनोज मिश्रा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, ओम राठौर वरिष्ठ नेता, हरीश ठक्कर, हफीज खान अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गरियाबंद, रमेश मेश्राम, अवधेश प्रधान, राजेश साहू, सुरेश मानिकपुरी, सोनू दीक्षित, रहीम खान, हरीश देवांगन, असगर खान, सरोजनी रात्रे, सगुफ्ता मेडम, राजेश्वरी कश्यप, हबीब मेमन महामंत्री, दिलेश्वर देवांगन, सतीश सिन्हा, हरिश्वर पटेल, मेघराम बघेल, निलाधर साहू, नजीब बेग, राहुल निर्मलकर एवं आदिवासी समाज के पदाधिकारी भारत दीवान अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज गरियाबंद,पन्ना लाल ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव समाज छः गः, अमृत लाल नागेश अध्यक्ष अमात गोंड़ समाज मैनपुर, ग्वाल सिंह सोरी भुंजिया समाज प्रदेश अध्यक्ष, सुखचंद नेताम अध्यक्ष कमार विकास अभिकरण गरियाबंद, धनेश्वरी मरकाम पूर्व अध्यक्ष आदिवासी विकास परियोजना गरियाबंद, लोकेश्वरी नेताम प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रभाग सर्व समाज छत्तीसगढ़, नवतु कमार जिलाध्यक्ष कमार समाज गरियाबंद, बलदेव ठाकुर अध्यक्ष सरपंच संघ मैनपुर, देवा मरकाम जिलाध्यक्ष सर्व समाज युवा प्रकोष्ठ गरियाबंद, प्रेमसाय जगत महासचिव अमात गोंड़ समाज गरियाबंद, कन्हैया ठाकुर, गुजरात कमलेश, मनीष ध्रुव अध्यक्ष सरपंच संघ गरियाबंद, नरेंद्र ध्रुव अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज युवा प्रकोष्ठ गरियाबंद, डाकेश्वर नेगी, गुंजेश कपिल सहित सैकड़ों लोगों ने परियोजना कार्यालय पहुंच कर बधाई दी। इस दौरान एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

क्विक न्यूज

बेरला तहसील का पटवारी निलंबित

बेमेतरा। जिले के बेरला तहसील के अन्तर्गत पटवारी हल्का नम्बर 29 ग्राम बांसा के पटवारी युवराज साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध एक किसान द्वारा जमीन खरीदी-बिक्री की बिक्री नकल व सीमांकन के लिए अवैध रुप से राशि की मांग करने की शिकायत की गई थी। इसको गंभीरता से लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला द्वारा संबंधित पटवारी को शो-काज नोटिश जारी किया गया था। युवराज साहू द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण समाधान कारक नही होने के कारण उन्हे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि मे श्री साहू का मुख्यालय तहसील कार्यालय बेरला नियत किया गया है। इस दौरान उन्हे जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। नव पदस्थ कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान ने कहा है कि कोई भी शासकीय कर्मचारी/अधिकारी यदि किसानों, ग्रामीणों एवं आम नागरिकों के काम करने मे हीलाहवाला करता है अथवा राशि की मांग करने पर संबंधित शासकीय सेवक के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

व्यापारियों को मिली राहत और रात्रि 8 बजे तक प्रतिष्ठान खोलने की अनुमति

- **कोरोना का संक्रमण टला नहीं, सार्वजनिक आवागमन और अन्य गतिविधियां पर प्रतिबंध जारी**
- **होटल, रेस्टोरेंट्स, क्लब एवं बार रात्रि 10 बजे तक होगी संचालित**

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने कार्यालय के आदेश अनुसार सात जून 2021 के माध्यम से कबीरधाम जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को कंटेन्मेंट जोन घोषित करते हुए कबीरधाम जिले में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर क? प्रतिबंध अधिरोपित किए गए है। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भी सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर युक्तियुक्त प्रतिबंध निरंतर जारी रखा जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

कलेक्टर श्री शर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपिडेमिक एक्ट 1897 यथा संशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन कार्यालय के आदेश क्रमांक अनुसार 16 मई 2021, सहपठित आदेश 27 मई 2021 एवं सात जून 2021 को अधिक्रमित करते हुए आदेश जारी किए है। आगामी आदेश पर्यन्त निम्नलिखित गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी।

कोचिंग क्लासेस, ग्रामीण हाट बाजार, चौपाटी सहित सभा, रैली, जुलुस, धरना, प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंध- जारी आदेश के अनुसार सभी स्विमिंग पूल, सिनेमा हॉल, थियेटर, वाटर पार्क, थीम पार्क तथा सामूहिक भी?-भा? वाले स्थल आम जनता हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। स्कूल एवं कॉलेज, विद्यार्थियों हेतु बंद रहेंगे। छात्रावास में केवल परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को आवास की अनुमति होगी। शासन से अनुमति प्राप्त समस्त परीक्षाओं को छो?कर कोचिंग क्लासेस सहित अन्य समस्त शैक्षणिक गतिविधियां बंद रहेंगी। सभी प्रकार की सभा, रैली, जुलुस, धरना, प्रदर्शन तथा सामाजिक, राजनैतिक, खेल, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। चौपाटी एवं बाजार जैसे स्थल नहीं खुलेंगे। ग्रामीण हाट बाजार पूर्णतः बंद रहेंगे।

अस्थायी दुकानें, शॉपिंग मॉल, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सुपर मार्केट, सुपर बाजार, अनाज मण्डी को संध्या 6 बजे तक खोलने की अनुमति- जारी आदेश में बताया गया है कि कंडिका (1) अनुसार प्रतिबंधित गतिविधियों को छो?कर अन्य सभी प्रकार की स्थायी एवं अस्थायी दुकानें, शॉपिंग मॉल, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सुपर मार्केट, सुपर बाजार, अनाज मण्डी, शो-रूम, क्लब, मदिरा दुकानें, ठेला, सैलून, ब्यूटी पार्लर, स्पा, पार्क व जिम इत्यादि साप्ताहिक अवकाश दिवस को छो?कर अन्य दिवस में उनके प्रचलित समय से रात 8 बजे तक खोले जा सकेंगे। नगरीय क्षेत्रों में थोक, फुटकर सब्जी बाजार तथा फल की दुकानें नगर पालिका, पंचायत द्वारा चिन्हांकित स्थल पर ही संचालित हो सकेंगे। फल, सब्जी का विक्रेता ठेले के माध्यम से मोहल्लो में घूमकर विक्रय को प्राथमिकता देंगे। स्थानीय निकाय से अनुमति प्राप्त होने पश्चात् ही सब्जी बाजार एवं फुटकर दुकानों का संचालन किया जा सकेगा।

होटल, रेस्टोरेंट्स, क्लब एवं बार रात्रि 10 बजे तक होगी संचालित- जारी आदेश के अनुसार होटल, रेस्टोरेंट्स, क्लब एवं बार रात्रि 10 बजे तक खुल सकेंगे। आउटसाइड डाइनिंग की भी अनुमति होगी, किन्तु डायनिंग हॉल, रूम में उनकी बैठक क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक व्यक्तियों को अनुमति नहीं होगी। होटल, रेस्टोरेंट्स ऑनलाईन, टेलीफोनिक ऑर्डर पर होम डिलीवरी तथा टेक-अवे को प्राथमिकता देंगे। क्लब-रेस्टोरेंट्स, होटल एवं रेस्टोरेंट्स से डिलीवरी का समय रात्रि 9 बजे तक तथा आम जनता, ग्राहक के निवास तक होम डिलीवरी का अधिकतम समय रात्रि 10 बजे तक ही रहेगा। होटलों में इन-हाउस अतिथियों के लिए होटल किचन, स्वयं के रेस्टोरेंट्स के उपयोग की अनुमति रहेगी।

शादी, अंत्येष्टि, दशगात्र में शामिल होने की अधिकतम संख्या 25, कोविड-19 प्रोटोकॉल का करना होगा पालन- जारी आदेश में बताया गया है कि वैवाहिक कार्यक्रम निवास-गृह, होटल अथवा मैरिज हॉल में कोविड-19 प्रोटोकॉल का क?ाई से पालन की शर्त के अधीन आयोजित करने की अनुमति होगी। विवाह में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 25 रहेगी। विवाह कार्यक्रम हेतु संबंधित तहसीलदार से विधिवत अनुमति अनिवार्य होगी। विवाह में शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों का कोरोना जांच निगेटिव प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। होटल, मैरिज हॉल संचालक द्वारा शामिल होने वाले व्यक्तियों की सूची संधारित की जावेगी। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र, इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 25 रहेगी। आयोजन के दौरान मास्क धारण करना तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन करने अनिवार्य होगा। अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर अन्य किसी भी कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए कोरोना निगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य होगा।

योग आयोग द्वारा वर्चुअल योगाभ्यास एवं परामर्श कार्यक्रम भी 15 जून तक होगा संचालित

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कोविड-19 संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए इस वर्ष 21 जून 2021 को सातवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म पर किया जा रहा है। इस अवसर पर 21 जून 2021 की सुबह 7 बजे से 22 जून 2021 की सुबह 7 तक ''वर्चुअल योग मैराथन'' विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किया जायेगा। ''वर्चुअल योग मैराथन'' के अंतर्गत विभिन्न प्रतिभागियों को तीन यौगिक अभ्यासों (आसन, प्राणायाम, बंध अथवा मुद्रा) का पांच मिनट का वीडियो क्लीप 15 जून 2021 तक ई-मेल पर अनिवार्य रूप से भेजना होगा। वीडियो संदेश में यह बताना होगा कि कैसे योग क्रियाओं ने उनके जीवन को प्रभावित किया।

21 जून 2021 को सातवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर होने वाले सामान्य योग प्रोटोकाल की जानकारी के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा जारी विवरण सोशल मीडिया प्लेटफार्म में उपलब्ध है। आयोजन का सीधा प्रसारण छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं समाज कल्याण संचालनालय रायपुर के फेसबुक पेज एवं यू-ट्यूब चैनल पर किया जायेगा। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आयोजित वर्चुअल योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लिंक पर पंजीयन कराया जा सकता है। सभी पंजीयनकताओं को डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा साथ ही हर जिले के प्रथम 100 पंजीयन को टी-शर्ट प्रदान किया जायेगा। अधिक से अधिक आम नागरिक वर्चुअल योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होकर इसका लाभ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा कोविड-19 की भौतिक चिकित्सा से स्वस्थ्य हुए व्यक्तियों, होमआईसोलेशन, क्वारेंनटाइन में रह रहे व्यक्तियों उनके परिवार के सदस्यों वैक्सीन का प्रथम डोज ले चुके व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित जनसामान्य में कोविड-19 के प्रभाव को कम करने एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से वर्चुअल योगाभ्यास एवं परामर्श कार्यक्रम की शुरूवात 31 मई से 15 जून 2021 तक के लिए की गयी थी। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दो पालीयों में प्रातः 6बजे से 7 बजे तक एवं शाम को 6 बजे से 7 बजे तक संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने किया महारानी अस्पताल का निरीक्षण

- **कोरोना के संक्रमण में आई कमी को देखते हुए महारानी अस्पताल में सामान्य मरीजों के लिए बिस्तर बढ़ाने के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने आज महारानी अस्पताल का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कोरोना के संक्रमण में आई कमी को देखते हुए महारानी अस्पताल में सामान्य मरीजों के लिए बिस्तरों की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यहां संचालित बफर वार्ड, मेल वार्ड और फिमेल वार्ड में पहुंचकर मरीजों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज डिमरापाल से महारानी अस्पताल में शिफ्ट की गई बिस्तरों को वापस मेडिकल कॉलेज में प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने यहां निमार्णाधीन बर्न यूनिट का अवलोकन किया और कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही इस परिसर में संचालित कैंसर क्लिनिक के पास स्पर्श क्लीनिक का उन्नयन और नशामुक्ति केन्द्र के स्थापना कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त प्रेम पटेल महारानी अस्पताल के अधीक्षक डॉ संजय प्रसाद, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता राजीव बत्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अतिसंवेदनशील ग्राम बेचा के 19 नवयुवकों को मिला राजमिस्त्री प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले प्रशासन द्वारा लगातार अतिसंवेदनशील ग्रामों में युवाओं को रोजगारोन्मुखी कार्यों से जोड़ने एवं उनकी आय को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत् बेचा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं आयुषकर्मी प्रकाश बागड़े द्वारा राजमिस्त्री प्रशिक्षण ग्राम में आयोजित किये जाने की मांग को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के आदेश पर जिला पंचायत की प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा द्वारा प्रशिक्षण प्रदाता संस्था भास्कर फाउण्डेशन कोण्डागांव को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाय-जी) के तहत् आरपीएल प्रशिक्षण कराने को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत् प्रारम्भिक मुल्यांकन इंस्टीट्यूट एण्ड वर्क फोर्स डेवेलपमेंट कटनी के मुल्यांकनकर्ता बद्री प्रसाद पंथ द्वारा करते हुए 72 घण्टों के राजमिस्त्री प्रशिक्षण की रूप रेखा तैयार की गयी। जिसके बाद 19 युवाओं को बेचा में ही राजमिस्त्री प्रशिक्षण दिया गया था। इन युवाओं की अंतिम मुल्यांकन परीक्षा इस माह आयोजित की जावेगी मुल्यांकन उपरांत सफल प्रशिक्षणार्थियों को एनएसडीसी से राजमिस्त्री प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा। इसके लिए भास्कर फाउण्डेशन की ओर से समन्वयक उत्तम मानिकपुरी, प्रशिक्षक हरेंद्र कुमार पोर्ते, दशरु नेताम, सहायक प्रशिक्षक राम नेताम ने ग्राम पहुंचकर युवाओं को राजमिस्त्री के रूप में कार्य कर आय के नये साधनों के संबंध में बताया गया। इस प्रशिक्षण में उपसरपंच बजरसिंह कश्यप द्वारा भी विशेष योगदान दिया गया। इस संबंध में सामजिक कार्यकर्ता प्रकाश बागड़े ने बताया कि राजमिस्त्री प्रशिक्षण से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नये माध्यम प्राप्त होंगें। वे निजी एवं शासकीय रूप से भी राजमिस्त्री का कार्य करने में सक्षम होंगें। इस प्रशिक्षण की अंतिम मुल्यांकन के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को एनएसडीसी से राजमिस्त्री प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

कलेक्टर ने थिंक-बी के लिए लांच किया 'क्रिएटिविटी दिखाओ मौका पाओ'

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

स्वउद्यमिता में रुचि रखने वाले बस्तर के युवाओं के सहयोग के लिए स्थापित 'थिंक-बी' के लिए कलेक्टर रजत बंसल ने आज क्रिएटिविटी दिखाओ मौका पाओ कार्यक्रम लांच किया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त प्रेम पटेल, कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक शरदचंद्र गौड़, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक डीएल पुसाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर बंसल ने इस अवसर पर कहा कि बस्तर के युवाओं में असीमित प्रतिभा है और वे भी अब विभिन्न प्रकार के स्टार्टअप में कदम रखना चाहते हैं। ऐसे युवाओं की सहायता के लिए स्थापित थिंक-बी सोसायटी का गठन किया गया है। यह सोसायटी स्वउद्यमिता के राह में आगे बढ़ने के इच्छुक युवाओं को पूरा सहयोग करेगी। यहां आईटी सहित कृषि उत्पाद, वनोत्पाद, यहां के स्थानीय कला एवं संस्कृति से जुड़े सामग्री का व्यवसाय, फुड प्रोसेसिंग सहित कई अन्य अवसर उपलब्ध हैं। संभावनाओं से भरपूर बस्तर में उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़कर यहां रोजगार के अवसर को बढ़ाने वाले युवाओं की सहायता हर कदम पर की जाएगी। ऐसे युवाओं और व्यावसायियों को उद्योग स्थापना या सेवाक्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए विकास निधि, नेटवर्क, संबंध, स्थान, शोध, सलाह आदि सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस सोसायटी के संचालन के लिए पटवारी प्रशिक्षण शाला परिसर में स्थित भवन में किया गया है।

डीहीपारा केशकाल निवासी पूर्व रेंजर मंगलुराम नेताम का केशकाल में निधन

केशकाल। डीहीपारा वार्ड नम्बर 08 नगर पंचायत केशकाल निवासी एवं पूर्व रेंजर मंगलूराम नेताम का पिछले कई महीनों से विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर अपना निवास डीहीपारा में दिनांक 10 जून 2021 को निधन हुआ है, मृतक का जन्म स्थान विकासखण्ड केशकाल अंतर्गत ग्राम मस्सुकोकोडा के मूल निवासी रहे किन्तु स्व. मंगलुराम नेताम वर्ष 2014 से नगर पंचायत केशकाल अंतर्गत वार्ड क्रं. 08 डीहीपारा (बोरगांव) में स्वयं का क्रय भूमि पर घर बनाकर निवासरत रहे। परिवार सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्व. मंगलूराम नेताम का धर्म पत्नी पिछले 2 साल पूर्व स्वर्गवास हुआ था जिनका कोई संतान नहीं था।

आदिवासी संस्कृति को संरक्षित करने प्रत्येक ग्रामों में बनेगा गोटूल गुड़ी : देवचंद मातलाम

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिले में जनजातिय संस्कृति एवं सभ्यता को संरक्षित रखने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 27 जनवरी कोंगेरा में आयोजित आम सभा में जिले के समस्त जनजातिय ग्रामों में गोटूल गुड़ी के निर्माण की घोषणा की थी। जिसके तहत् जिले में घोटूल गुड़ी का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम द्वारा केशकाल विकासखण्ड के ग्राम ऊंदरी नारना में 3 लाख के लागत से बनने वाले घोटूल गुड़ी का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर देवचंद मतलाम ने कहा कि आदिवासी समाज संस्कृति एवं सभ्यता अपने आप में अनोखी है। पूरे विश्व में बस्तर संभाग अपने आदिवासी समाज की सभ्यता की विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध है। हमारी आने वाली पीढ़ियां अपनी संस्कृति पर गर्व महसूस कर सके इसके लिए हमें अपने संस्कृति से उन्हें जोड़े रखने की आवश्यकता है। घोटूल गुड़ी हमारे संस्कृति का अभिन्न अंग होने के साथ सभ्यता का प्रतिक भी रहा है। इसे राज्य शासन द्वारा पुनः हर ग्रामों में स्थापित किया जा रहा है। गांवों में लगातार धर्मांतरण के मामले बढ रहें है। जिसे रोकने के लिए हमारी संस्कृति के वैभव से लोगों परिचित करना आवश्यक है ताकि हमारे समाज में एकता कायम रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि राजेश नेताम ने भी बताया कि समाज की सभ्यता को बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है। जिसके लिए घोटूल गुड़ी बनने से प्रत्येक ग्रामों के गायता, पूजारी द्वारा अपने संस्कृति को संरक्षित कर अपने समाज को इससे अवगत कराएंगे जो भविष्य में भी आने वाले पीढ़ियों को जानकारी उपलब्ध होगा।

नशे के विरुद्ध चला एसडीओपी का डंडा, 1 करोड़ का गांजा जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस की आँखों मे धूल झोंकने के लिए स्विफ्ट कार में कोविड इमरजेंसी ड्यूटी लिखवा कर बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी कर रहे युवक की होशियारी कोटा एसडीओपी रश्मित कौर चावला के सामने उस वक्त धरी की धरी रह गयी,जब एसडीओपी ने प्लानिंग के तहत उसे रंगे हाथों पकड़ा और उसकी कार से 9 क्विंटल गांजा बरामद कर लिया। पकड़ा गया युवक इतना शातिर है कि वह रहने वाला तो सरकण्डा थाना क्षेत्र के पुरानी बस्ती मोपका का है पर गांजा तस्करी करने व गांजा डंप करने के लिए उसने तखतपुर के पास ग्राम खपरी में भवानी राईस मिल के सामने एक बड़ा सा भवन बना रखा था,और यही से आरोपी गांजा तस्करी के कारोबार को अंजाम देता था,जिसकी भनक भी आबकारी विभाग समेत तखतपुर पुलिस को नही लग सकी थी,पर कोटा एसडीओपी रश्मित कौर चावला ने बडी मात्रा में गांजा बरामद कर इस रैकेट की कलई खोल दी और तस्करों की कमर तोड़ कर रख दी।

मामले में मिली जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय हरीश साहू पिता संतराम साहू मोपका के पुरानी बस्ती का रहने वाला है और उसने तखतपुर के पास ग्राम खपरी में अपना गांजा तस्करी करने का अड्डा बना रखा था इसके लिए उसने बकायदा वहां भवानी राइस मिल के सामने भवन बनवाया हुआ था।बताया जा रहा है आरोपी युवक के पास टाटा सफारी गाड़ी भी है।हरीश साहू ने पुलिस से बचने के लिए बिलासपुर के स्काई हास्पिटल का पंपलेट भी कार में चिपका रखा था,जिसमे स्काई कोविड इमरजेंसी ड्यूटी लिखा हुआ था। युवक का अनुमान था कि चिकित्सा सम्बंधित इमरजेंसी ड्यूटी समझ कर पुलिस उसकी गाड़ी को नही रोकेगी और वह आसानी से पुलिस की आखों में धूल झोंक कर के तस्करी को अंजाम दे सकेगा,पर उसके इरादों पर उस वक्त पानी फिर गया जब उसका सामना एसडीओपी रश्मित कौर चावला से हुआ और वह उनकी आँखों मे धूल झोंकने में कामयाब नही हो सका,कोटा एसडीओपी ने उसके तस्करी के गढ़ ग्राम खपरी में ही पहुँच कर उसे रंगे हाथों धर दबोचा,और आरोपी को गांव से निकलने का मौका ही नही मिल सका।

बताया जा रहा है कि युवक गांजा ले कर कही डिलवरी करने जाने की फिराक में था पर एसडीओपी रश्मित ने पहले ही दबिश दे कर उसके मंसूबो पर पानी फेर दिया।युवक को हिरासत में ले कर और पूछताछ की जा रही है।

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला-धमतरी (छ.ग.)

फोन नं. 07722-237779 ई-मेल csdhamtari2012@gmail.com फैक्स नं. 07722-237779

क्रमांक/सि.स./अस्प.प्रशा./निविदा/2021-22/2601 धमतरी, दिनांक 09.06.2021

// निविदा खोलने की सूचना //

जीवनदीप समिति, जिला चिकित्सालय, धमतरी की ओर से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं सचिव जीवनदीप समिति (कार्यकारिणी), जिला चिकित्सालय, जिला-धमतरी के माध्यम से 200 बिस्तर युक्त जिला चिकित्सालय, धमतरी परिसर में वर्ष 2021-22 (एक वर्ष) के लिए विभिन्न सेवाओं के प्रदायगी हेतु पृथक-पृथक निविदाएं छत्तीसगढ़ राज्य के इच्छुक निविदाकारों से आमंत्रित किये गये थे। अपरिहार्यकारणों से निविदाएं निर्धारित तिथी व समय पर खोली नहीं जा सके।

उक्त निविदाएं अब निम्न तालिका में उल्लेखित तिथी व समय पर खोले जाएंगे। सर्वसंबंधितों को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है।

स. क्र.	निविदा का नाम	कार्यालय सिविल सर्जन कक्ष क्र. 12 में निविदा खोलने की तिथि व समय	
		दिनांक	समय
1	2	3	4
1.	आंतरिक भर्ती मरीजों को भोजन प्रदायगी	16.06.2021	दोप. 04:00 बजे
2.	ज.शि.सु. कार्यक्रम के हितग्राहियों को पोषण आहार प्रदायगी	16.06.2021	शाम 05:00 बजे
3.	सायकल स्टैण्ड ठेका	17.06.2021	दोप. 04:00 बजे
4.	केन्टीन एवं जनरल स्टोर संचालन ठेका	17.06.2021	दोप. 05:00 बजे
5.	साफ-सफाई ठेका	18.06.2021	दोप. 04:00 बजे
6.	सुरक्षा व्यवस्था सेवाएं प्रदायगी	18.06.2021	शाम 05:00 बजे
7.	अनुपयोगी एवं निष्प्रयोगी सामाग्री का विक्रय	18.06.2021	शाम 06:00 बजे

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, जिला-धमतरी (छ.ग.)

जी-61218/3

प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री विक्रम उसेंडी ने कहा

भूपेश सरकार के ढाई साल पूरे होने पर नाकामियों को गिनाएगी भाजपा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

चुनावी घोषणापत्र में किए वादों को पूरा न कर पाने के साथ ही प्रत्येक मोर्चे पर विफल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरने भारतीय जनता पार्टी ने जवाब तो देना होगा भूपेश के तहत जन संवाद के माध्यम से महाभियान शुरू किया है। इसी तारतम्य मे आज स्थानीय भाजपा कार्यालय अटल सदन मे आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री विक्रम उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का यह ढाई वर्ष का कालखंड वादाखिलाफी, धोखाधड़ी, विश्वासघात और अराजकता के काले अध्याय के रूप मे जाना जाएगा। पवित्र गंगाजल हाथ मे लेकर जिस तरह वायदों की अवहेलना की गई ऐसा उदाहरण देश मे कही देखने को नही मिलता। वादा किया शराबबंदी का, घर पहुंच सेवा मिलने लगी।

हाल ही मे महासमुंद की हृदय विदारक घटना जिसमे एक ही परिवार के छह सदस्यों ने ट्रेन से कटकर अपनी जान गवां दी के पीछे भी मुख्य वजह शराब को बताया जा रहा है। यदि कानून व्यवस्था की बात को जाए तो शांति का टापू रहा छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ मे बदलता जा रहा है। चाकूबाजी, हत्या, बलात्कार, चोरी, डकैती और लूटपाट के हजारों मामलो के बीच कई ऐसे मामले होंगे जो दर्ज भी नही हो पाते। कहां तो किसानों को कर्जमुक्त करने की बात थी और कहा प्रदेश को ही कर्ज के जाल में उलझा दिया। पी सी सी चीफ मोहन मरकाम घूम घूम के ढिंढोरा पीट रहे है कि तेंदूपत्ता की सर्वाधिक खरीदी उनकी सरकार ने की है जबकि उन्हें बताना चाहिए की एक दिन लिए खरीदी का प्रबंध कर कितने संग्राहक परिवारों को फायदा पहुंचाया। इस सरकार मे तेंदूपत्ता संग्रहण केवल अधिकारियों, ठेकेदारों और राजनेताओं की 'अवैध कमाई' का एक बहुत बड़ा जरिया बनकर रह गया है। जबकि तेंदूपत्ता संग्राहकों के 'हित-संवर्धन' में भाजपा की सरकार सबसे आगे रही और उसकी तेंदूपत्ता नीतियों ने आदिवासी ईलाकों की किस्मत को चमका दिया। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट मे कांग्रेस सरकार लगभग सभी मापदंड पर फिसड्डी साबित हुई है। बावजूद इसके गाल बजाने और डींगे हांकने से इनके नेता बाज नहीं आते। हर घर को रोजगार और एक लाख शासकीय रोजगार का वादा करने वाली इस सरकार ने मुट्ठी भर रोजगार भी नही दिए। प्रदेश मे बेरोजगार पंजीकृत युवाओं की संख्या करीब पच्चीस लाख है। कांग्रेस 10 लाख युवाओं को 2500 रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वायदा कर सत्ता मे आई थी जो अब तक युवाओं को नही मिला, किसानों और बुजुर्गो को पेंशन का वायदा किया था, भूमिहीन परिवारों को जमीन, सबके सर पर छत, कब्जाधारियों को पट्टा और न जाने कितने ही दिवास्वप्न प्रदेश की जनता को दिखाए गए थे जो पूरे नही हुए।

संपादकीय

कांग्रेस से निराश जितिन का पालाबदल

कांग्रेस में कुछ भी अपनी इच्छानुसार न होने पर अंततः निराश जितिन प्रसाद ने पाला बदल लिया। उत्तर प्रदेश में चुनाव का मौसम आ गया है। हालांकि, 2017 में गठित विधानसभा का समय अभी मार्च, 2022 तक है, पर राजनीति अभी से गरमा गई है तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस का चेहरा रहे जितिन प्रसाद ने भाजपा का दामन थाम लिया है। सत्तारूढ़ भाजपा के पुनः सत्ता में लौटने की उम्मीद है और उसे जितिन प्रसाद के पालाबदल से बल मिला है। राजनीतिक विश्लेषकों ने फौरन जातीय गणित लगा कर बता दिया कि जितिन प्रसाद के ब्राह्मण होने के कारण उनके पालाबदल से भाजपा के प्रति उनके समुदाय का विश्वास बढ़ेगा तथा राज्य में ब्राह्मण-राजपूत प्रतिद्वंद्विता के कारण पैदा हुई राजनीतिक खाई घटेगी। ऐसा नहीं है कि भाजपा ब्राह्मण समर्थन पाने के लिए परेशान थी। जो भी हो, युवा नेता की विदाई उनके कद वाले उत्तर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं में व्याप्त अत्यधिक निराशा का संकेत है। इससे कांग्रेस की मौजूदा स्थिति भी स्पष्ट होती है और यह ऐसे समय सामने आई है जब पार्टी थोड़े नए रूप में आगामी विधानसभा चुनाव में उतरना चाहती है ताकि उसका राजनीतिक पुनर्जीवन हो सके। उसे विधानसभा चुनावों के पिछले दौर में पश्चिम बंगाल में खाली हाथ रहना पड़ा है, वह केरल में वाम मोर्चा से पराजित हुई है तथा उसे पुडुचेरी में सत्ता गंवानी पड़ी है। चुनावों का अगला दौर और ज्यादा कठिन है जिसमें सात राज्यों में से छह में भाजपा सरकारें हैं। इनमें असली लड़ाई उत्तर प्रदेश में होगी। यहां सभी पार्टियों, खासकर भाजपा का बहुत कुछ दांव पर लगा है, पर कांग्रेस बिल्कुल दीवाल तक पहुंच गई है।

2019 में राहुल गांधी अमेठी सीट से चुनाव हार गए थे। उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा विधानसभा के किसी सदन की सदस्य नहीं है, जबकि वे राज्य से अखिल भारतीय कांग्रेस समिति-एआईसीसी की महासचिव हैं। भाई-बहन की जोड़ी कभी-कभी राज्य में कुछ अवसरों पर दिखाई देती है, पर इससे वहां कांग्रेस की उपस्थिति बढ़ाने में कोई सहायता नहीं मिलती है। प्रमोद तिवारी, सलमान खुर्शीद या इमरान मसूद जैसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्वयं को हाशिए पर पाते हैं या कमजोर हो गए हैं, हालांकि तिवारी अपनी बेटी को विधानसभा में सीट दिलाने में सफल होने के कारण खुशकिस्मत जरूर हैं। प्रियंका द्वारा नियुक्त उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के वर्तमान प्रमुख का कुछ प्रभाव जरूर है, पर पुराने नेताओं में उनकी कोई स्वीकार्यता नहीं है। पार्टी के कार्यकर्ता असंख्य गुटों में विभाजित हैं और दिल्ली से कोई उनकी बात सुनने नहीं आता है। जितिन प्रसाद इस अर्थ में सौभाग्यशाली थे कि आलाकमान ने उनको कम से पश्चित बंगाल में चुनाव प्रभारी बनाया था। लेकिन स्थानीय प्रदेश कांग्रेस समिति ने उनको स्वीकार करने से इनकार किया और वे मोटेतौर से हाशिए पर पड़े रहे। एआईसीसी ने भी उनकी सहायता नहीं की। इस प्रकार वे भयंकर निराशा में शून्य जैसी स्थिति में पहुंच गए। शायद यह उनकी सहनशक्ति की सीमा थी। उनको भले ही कांग्रेस में बने रहने से कोई लाभ न दिख रहा हो, पर वे उत्तर प्रदेश से लड़े पिछले तीन चुनाव हार चुके थे। ऐसे में उनका कॅरियर, राजनीति और कद दांव पर लगा है। उन्होंने अंततः निर्णायक रूप से काम किया और भाजपा में चले गए। इससे उनकी 'कुछ इज्जत' बची रहेगी। अब कांग्रेस आलाकमान की जिम्मेदारी है कि वह न केवल चुनावों की तैयारी करे, बल्कि जितिन प्रसाद के पालाबदल के बाद उनके असर में दूसरे लोगों का संभावित पालाबदल रोके।

अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का प्रभाव

कोविड-19 संकट के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग तथा परिवार की आय घटने के कारण सबसे बुरा प्रभाव अनौपचारिक क्षेत्रों व समाज के निम्न वर्गों पर पड़ा है।

अभिषेक राजा
(लेखक जीएसटी विशेषज्ञ व विश्लेषक हैं)

कोविड-19 वैश्विक महामारी की दूसरी लहर ने भारत के स्वास्थ्य पर घातक असर डाला है। अर्थव्यवस्था को भी इसके कारण भारी नुकसान हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर में 23.9 प्रतिशत की गिरावट आई जिसका कारण केन्द्र द्वारा जल्दी से घोषित लाकडाउन था। 2020-21 में मुद्रास्फीति के आंकड़े ठीक करने के बाद भारत की असली जीडीपी में 7.3 प्रतिशत कमी आई। यह स्वतंत्रता के बाद से किसी वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे खराब प्रदर्शन है। घरेलू मांग तथा निर्यातों में तेजी से गिरावट के कारण सभी क्षेत्रों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है, हालांकि कुछ क्षेत्रों में अपवादस्वरूप उच्च वृद्धि भी दिखी है। दूसरी लहर में सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि वायरस का प्रसार भारत के सुदूर क्षेत्रों में हुआ है और इसने गांवों, कस्बों व छोटे शहरों पर घातक असर डाला है। लाकडाउनों से भले ही संक्रमण की श्रृंखला तोड़ने में मदद मिली हो, पर यदि इस समय का उपयोग जनता के टीकाकरण के लिए न हो तो अगली लहर केवल टाली जा सकती है। वर्तमान समय में देश की जीडीपी वृद्धि दर 10 प्रतिशत अनुमानित लक्ष्य से नीचे रहेगी। मामला इससे और बिगडा है कि अप्रैल में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति 10.49 प्रतिशत के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गई है। इसका कारण खाद्य पदार्थों, कच्चे तेल व विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ना है। विशेषज्ञों का विश्वास है कि यह प्रवृत्ति जारी रहेगी। यह थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति बढ़ने का लगातार चौथा महीना है जो मार्च, 2021 में 7.39 प्रतिशत थी। हालांकि, मंदी के बावजूद केन्द्र की फ्लैगशिप परियोजनायें, जैसे मनरेगा, उज्जवला, एनएसएपी व प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी वृद्धि हुई है। इसके कारण वित्त वर्ष 21 में कुछ भौतिक व वित्तीय उपलब्धियां दिखी हैं और केन्द्र ने कोविड-19 से प्रभावित जनता को अतिरिक्त सहायता दी है। व्यापारिक निर्यातों में रिकार्ड 196 प्रतिशत प्रति वर्ष गिरावट आई है क्योंकि देश पिछले वर्ष अप्रैल से लाकडाउन झेल रहा है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अप्रैल में निर्यात 30.6 बिलियन डालर रहा जो महामारी आने के पहले 2019 की इसी तिमाही की तुलना में लगभग 18 प्रतिशत अधिक है।

वर्तमान समय में आम आदमी की पीड़ा का शब्दों में वर्णन नहीं हो सकता है। खाद्य तेलों व दालों की कीमतों में अचानक उछाल आया। पिछले कुछ महीनों में खुदरा बाजारों में तूर की कीमतें 7,000 रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गईं जो 2020-21 की एमएसपी से लगभग 1000 रुपये ज्यादा हैं। उड़द की कीमतें 8000 रुपये प्रति क्विंटल तथा मूंग की कीमत भी उसकी एमएसपी 7,196 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई। खुदरा कीमतें और बढ़ने से रोकने के लिए केन्द्र सरकार ने तूर, उड़द व मूंग के आयात की अनुमति दी है। तीन साल के बाद उठाया गया यह कदम खरीफ की बुवाई के ठीक पहले आया है। भारत में ईंधन की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और यह 100 रुपये तक पहुंच रही हैं। डीजल के दाम में वृद्धि से माल भाड़ा बढ़ा है जिसका असर उच्च मुद्रास्फीति के कारण उद्योगों पर पड़ रहा है। इसका असर न केवल जनता, बल्कि आटोमोबाइल क्षेत्र पर पड़ता है जो देश में रोजगार का सबसे बड़ा साधन है। मांग में कमी का असर इस क्षेत्र से जुड़े लाखों एमएसएमई पर पड़ेगा। सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र पहले ही खर्च बढ़ने के कारण किराया बढ़ा चुका है। देश में पेट्रोल व डीजल की अधिक कीमतों का कारण अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की दरें मजबूत होना तथा ईंधन पर बहुत अधिक टैक्स लगना है जिनमें केन्द्र व राज्यों के कर शामिल हैं। कम मांग के कारण 2020 में अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल के दाम घटने पर भी भारतीय पेट्रोल व डीजल के लिए विभिन्न टैक्सों के कारण ज्यादा पैसे दे रहे थे। ईंधन पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लेने वाले देशों में भारत भी शामिल है।

इस महामारी ने धन प्रबंधन के अनेक सबक सिखाए हैं। प्रियजनों के बीमार पड़ने व उनके लिए सबसे अच्छा इलाज सुनिश्चित करने के लिए पड़ने वाला वित्तीय बोझ दुहरी मुसीबत है। यह ऐसे समय आया है जब अधिकांश कामगारों के वेतन में कटौती हुई है तथा अनेक लोगों की नौकरियां छिनी हैं। जैसे इतना काफी न रहा हो, वर्क फ्राम होम के कारण स्वास्थ्य व बेहतरी पर विपरीत प्रभाव पड़ा है तथा अनेक परिवारों के मासिक खर्च बढ़े हैं। अधिकांश भारतीय कार्पोरेट को आशंका है कि वर्तमान समय में जारी महामारी का असर अगले तीन साल तक उनकी बिजनेस रणनीतियों पर पड़ेगा। इनमें बेरोजगारी की उच्च दरें तथा कोविड-19 के कारण लाकडाउनों से उनकी अस्थिरता भी सामने आई है।

इस अस्थिरता के कारण श्रम बाजार तथा श्रमिकों की आमदनी प्रभावित हुई है। इससे बहुत से लोग भ्रमित हैं कि वे श्रम बाजारों में प्रवेश करें या नहीं। इस कारण पैदा 'हतोत्साहन प्रभाव' से अनेक लोग श्रमशक्ति से बाहर हो सकते हैं और इसकी गति पहले के किसी भी समय की तुलना में अधिक हो सकती है। कामगारों की आमदनी पर उनकी बचत खर्च होने तथा कुछ संपत्तियां कर्ज के लिए बंधक रखने से भी प्रभावित हो सकती है। इससे उनकी कर्ज लेने की क्षमता प्रभावित होगी और वे ज्यादा ब्याज दरों पर सूदखोरों से कर्ज लेने पर मजबूर हो सकते हैं। सोशल डिस्टेंसिंग तथा परिवार की आय घटने के कारण सबसे बुरा प्रभाव अनौपचारिक क्षेत्रों, समाज के निम्न वर्गों तथा दिहाड़ी कामगारों पर पड़ा है।

हम सभी इस वित्त वर्ष के प्रारम्भ में हुई तेज गतिविधियों से परिचित हैं। सरकारी घोषणा से 31 मार्च को छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में कमी की गई जिनमें पोस्टआफिस योजनायें भी शामिल हैं। हालांकि, इसके अगले दिन यह आदेश वापस लेकर पुरानी दरें बहाल रखी गईं। सरकार ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेकर छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को सरकारी सिक्यूरिटी-जीसेक से जोड़ दिया। लेकिन वर्तमान ब्याज दरों में आम वर्तमान फार्मूले की तुलना में भारी कमी है। वर्तमान समय में पोस्टआफिस बचत पर ब्याज दरें पांच प्रतिशत हैं, जबकि अनेक अन्य छोटे ब्याज उपकरणों पर ये और ज्यादा हैं। इनमें राष्ट्रीय बचत सार्टीफिकेट-एनएससी, किसान बचत पत्र व टर्म डिपाजिट, आदि शामिल हैं। इन ब्याज दरों की अगली समीक्षा 30 जून को होगी।

हालांकि, इनमें कमी होने की संभावना है, लेकिन अच्छा होगा कि इनकी वर्तमान दर बनाए रखी जाए। आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है, 'दूसरी लहर से प्रभावित होने के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनायें मजबूत बनी हुई हैं। इनको एक और अच्छी रबी फसल से समर्थन मिल रहा है तथा अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों में मार्च तक गतिशीलता बढ़ रही थी। इनमें खासकर आवास, सड़क निर्माण, सेवा गतिविधियां, माल परिवहन तथा सूचना प्रौद्योगिकी शामिल हैं।' अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में गिग इकोनोमी में वृद्धि होगी। इसके साथ ही अनेक संगठन विरासत से मिले माडलों के बजाय प्रदर्शन पर आधारित काम पर जोर देंगे। सहयोगी उपकरणों व तकनीकों पर हमारी निर्भरता बढ़ रही है जिनमें कृत्रिम बुद्धि-एआई, मशीन लर्निंग व क्लाउड कंप्यूटिंग शामिल हैं। इससे नए कौशल विकसित होंगे और वे आने वाले वर्षों में नई भूमिकायें अदा करेंगे।

लिकुड पार्टी ने बदली इस्त्राइल की राजव्यवस्था

प्रियदर्शी दत्ता
(लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)

पिछले दो वर्षों में नेसेट के चार अनिर्णायक चुनावों के साथ, इस्त्राइल की राजनीति बुरी तरह खंडित है। जबकि लिकुड अभी भी 24वें नेसेट में अग्रणी पार्टी है, उसका 30 सीटों वाला प्रदर्शन हाल के दिनों में सबसे खराब है। कई लोग इसका श्रेय प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की क्रूरता, अहंकार और भ्रष्ट नीतियों को देते हैं। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के चार अलग-अलग आरोपों के लिए उन्हें मुकदमे में खड़ा होना पड़ सकता है। इस्त्राइल में राजनीति हमेशा से ही विखंडनीय रही है। 120 सदस्यीय विधायिका में बहुमत हासिल करने के लिए संसदीय समूह (गठबंधन) आम हैं। ज्यादातर मौकों पर, नेसेट अपने चार साल के कार्यकाल को पूरा करने में विफल रहा और नेसेट के भंग होने से पहले ही एक नई सरकार को शपथ दिलाई गई। इस्त्राइल ने पिछले 23 नेसेट्स के दौरान 34 सरकारें देखीं।

इजरायलियों ने लोकतंत्र का पूरी तरह से पालन किया है, या गलती से, यह राय का विषय है। उन्होंने नेसेट के लिए पहला आम चुनाव 25 जनवरी 1949 को आयोजित किया - 14 मई, 1948 को स्वतंत्रता की घोषणा के एक साल से भी कम समय में। इजरायल की स्वतंत्रता की घोषणा के साथ-साथ नए राज्य का सफाया करने के उद्देश्य से अरब सेना के हमले के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई भी शामिल थी। . फिलिस्तीन के कई अरब भाग जाने के बावजूद, एक हिस्सा पीछे रह गया। पहले आम चुनाव (1949) में लगभग 30,000 अरबों और दूसरे (1951) में लगभग 70,000 ने मतदान किया। सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार पर आधारित इस्त्राइल, अरब महिलाओं को मताधिकार देने वाला दुनिया का पहला देश था।

इस्त्राइल में लोकतंत्र को एक अमेरिकी प्रभाव के रूप में देखा जा सकता है, जो इसके कट्टर सहयोगी है। हालांकि, यह काफी हद तक भुला दिया गया है कि एक कम्युनिस्ट यूएसएसआर पहला देश था जिसने एक स्वतंत्र इस्त्राइल डे ज्यूर को मान्यता दी और इसे हथियारों और गोला-बारूद (चेकोस्लोवाकिया के माध्यम से) की आपूर्ति की, जिसने इस्त्राइल को अरब हमले से बचने में मदद की। इससे पहले, मई 14, 1947, (इस्त्राइल की स्वतंत्रता की घोषणा से ठीक एक साल पहले) यह संयुक्त राष्ट्र में यूएसएसआर का स्थायी प्रतिनिधि था, आंद्रेई ग्रोमीको ने संयुक्त राष्ट्र में अरब और यहूदियों के बीच फिलिस्तीन के अनिवार्य क्षेत्र को विभाजित करने की योजना का प्रस्ताव दिया था; इस प्रकार संप्रभु इस्त्राइल के निर्माण के लिए अग्रणी। यह और बात है कि 1950 तक इस्त्राइल विरोधी और अरब समर्थक बने सोवियत संघ ने सार्वजनिक विमर्श से इन पहलुओं को मिटाने की कोशिश की। इस्त्राइल के जन्म और अस्तित्व को यहूदी-अरब कलह के चश्मे के माध्यम से लोकप्रिय रूप से प्रस्तुत किया जाता है। आम तौर पर यह अनदेखी की जाती है कि यहूदी समर्थक यहूदी स्वयं अशांत वैचारिक विवादों से प्रभावित थे। सबसे अच्छे रहस्यों में से एक यह है कि कैसे इस विवाद ने एक स्वतंत्र इस्त्राइल को पहले 30 वर्षों के लिए अपने स्वयं के यहूदी नागरिकों के एक

वर्ग के खिलाफ रंगभेद का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। संघर्ष की उत्पत्ति डेविड बेन-गुरियन (1886-1973), एक प्रतिबद्ध समाजवादी, और ज़ीव जाबोटिंस्की (1860-1940) के बीच वैचारिक संघर्ष में हुई, जिन्होंने संशोधनवादी ज़ायोनीवाद का समर्थन किया और पहली बार यहूदी आत्मरक्षा इकाइयों का निर्माण किया। दो सहस्राब्दियों में। दोनों पूर्व रूसी साम्राज्य से थे। इसने यहूदी भूमिगत सक्रिय रक्षा को मुख्यधारा के हगनाह और फ्रिंज इरगुन और लेही में विभाजित कर दिया। जबोटिंस्की के नक्शेकदम पर चलते हुए अधिक उग्रवादी इरगुन और लेही, अंग्रेजों के साथ-साथ अरबों से लड़ने में विश्वास करते थे, जबकि पूर्व से लड़ना हगनाह के एजेंडे में नहीं था।

इस सत्ता संघर्ष में, बेन-गुरियन स्पष्ट रूप से विजयी हुए। न केवल वह इस्त्राइल के पहले प्रधान मंत्री बने, बल्कि उनकी मपई (लेबर) पार्टी ने एक चौथाई सदी तक इस्त्राइल पर शासन किया, जून 1974 में उनके शिष्य गोल्डा मीर के बाहर निकलने के साथ समाप्त हुआ। अपनी बिखरी हुई राजनीति के बावजूद, इस्त्राइल की सामाजिक-लोकतांत्रिक प्रकृति ने मपई को बनाया। अर्थव्यवस्था, शिक्षा, श्रम बाजार, मीडिया और सेना को नियंत्रित करने के लिए एक अत्यंत शक्तिशाली एजेंसी। बेन-गुरियन ने इरगुन और लेही में सेवा करने वाले यहूदी परिवारों के खिलाफ प्रतिशोधी कार्रवाई की। हालाँकि उनकी नागरिकता को इस्त्राइल के कानून के अनुसार रद्द नहीं किया जा सकता था (1950), उन्हें व्यावहारिक रूप से बहिष्कृत कर दिया गया था। जबकि इरगुन और लेही को इतिहास की किताबों में आतंकवादी संगठनों के रूप में दिखाया गया था, उनके पूर्व लड़ाकों जैसे यित्झाक शमीर (जो बाद में पीएम बने) को एक साधारण क्लर्क की नौकरी भी नहीं मिल सकी और बेन-गुरियन के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के बाद इस्त्राइल एल्दाद को प्रोफेसर पद से हटा दिया गया। पूर्व लड़ाकों की कब्रों को इस्त्राइल रक्षा बल के प्रतीकों के साथ चिह्नित नहीं किया गया था।

ये परिवार, यरुशलम और तेल अवीव में कुछ कॉलोनियों तक सीमित थे, गर्व और दर्द साझा करते हुए एक दूसरे के करीब रहे। नेसेट में उनका एकमात्र उल्लेखनीय प्रतिनिधि मेनाचिम बेगिन था, जो जबोटिंस्की का शिष्य था। उन्होंने अपने बच्चों का नाम, जिनका जन्म ज्यादातर 1940 के दशक में हुआ था, शहीद सेनानियों और नायकों के नाम पर रखा और उन्हें गौरव, करुणा और देशभक्ति की पारिवारिक परंपरा में लाया। यह इन परिवारों से था जो एहुद ओलमर्ट, यायर शमीर, उजी लैंडौ, रूबी रिवलिन और बाद में, तिज़पी लिव्नी और बेंजामिन नेतन्याहू सहित राजनेताओं की एक पूरी पीढ़ी के रूप में उभरे, जो इस्त्राइल में परिदृश्य को बदल देंगे। योम किप्पुर युद्ध, 1973 में इस्त्राइल की पायरिक जीत के तुरंत बाद, एक 87 वर्षीय डेविड बेन-गुरियन की मृत्यु हो गई, गोल्डा मीर ने इस्तीफा दे दिया और मेनाचिम बेगिन ने मेजर जनरल एरियल शेरोन (सेवानिवृत्त) के साथ, संशोधनवादी के साथ लिकुड (समेकन) पार्टी का गठन किया।

फरमाया

वैक्सीन के लिए आनलाइन पंजीकरण महत्वपूर्ण नहीं है। जिनकी पहुंच इंटरनेट तक नहीं होती उनको भी जीवन का अधिकार है।

- राहुल गांधी
कांग्रेस नेता

मुझे लगता है कि किसी ऐसे राजनीतिक दल में बने रहने का के ई औचित्य नहीं है यदि कोई व्यक्ति जनता की सेवा करने में समर्थ न रहे।

- जितिन प्रसाद
भाजपा नेता



उन्हें भाजपा में जाकर प्रसाद मिलेगा या सिर्फ यूपी विधानसभा चुनावों के लिए उन्हें भाजपा में प्रवेश मिला है। यदि वैचारिकता मायने नहीं रखती तो पालाबदल आसान होता है।

- कपिल सिब्बल
कांग्रेस नेता

आप की बात

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

टीकाकरण अनिवार्य

मध्यप्रदेश में युवाओं में वैक्सीनेशन लेने को अधिक बढ़ावा देने के लिए भाजपा एवं कांग्रेस लकी ड्रा निकाल रही है। भाजपा कुछ तो कांग्रेसी लकी ड्रा में पेट्रोल जैसी महंगी चीज दे रहे है। अब इतने तरह के लालच दिए जाने के बाद भी अगर कोई व्यक्ति अगर वैक्सीनेशन नहीं कराता है तो वह हमारी निगाह में न केवल मूर्ख है बल्कि एक तरह से वह देशद्रोही भी कहलाएगा। कारण यह है कि जब देश में अधिकतर लोग अपना वेक्सीनेशन करा लेंगे तो जो बच जाएंगे वही नादान है, देशद्रोही भी और फिर उनसे देश, प्रदेश एवं शहर को आगे भी खतरा रहेगा क्योंकि उनसे फिर संक्रमण फैलने का खतरा बना रहेगा। तब होना तो यही चाहिए कि देश के एक-एक नागरिक को राष्ट्रहित में आज आवश्यक रूप से अपना वैक्सीनेशन करा लेना चाहिए ताकि देश से कोरोनावायरस हमेशा के लिए चला जावे कारण अगर एक भी अगर संक्रमित है तो फिर उसके द्वारा पहले परिवार और फिर शहर में बीमारी फैलने का खतरा बना रहेगा। वैसे यह बात भी सच है कि अभी वैक्सीनेशन कराने के मामले में हमारा युवा वर्ग ही सबसे आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहा है उसको ही सबसे ज्यादा चिंता है अपने वैक्सीनेशन कराने की।

- मनमोहन राजावत, शाजापुर

चीनी जर्सी में भारतीय खिलाड़ी

भारत के केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री ने ओलिंपिक में जा रहे खिलाड़ियों को किट दी। भारत के जांबाज, टोक्यो ओलिंपिक में चीनी कंपनी ली नींग की किट पहने हुए दिखाई देंगे। जहां एक ओर भारत के सैनिक एलएसी और गलवान घाटी में, अपनी जान की चिंता किए बगैर, देश को बचाने के लिए खुद को न्यौछावर कर देते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार उसी चीनी कंपनी को, ओलिंपिक किट बनाने की डील छः करोड़ में करती है। इससे बड़े दुख की बात, एक देश और उसके नागरिको के लिए क्या होगी? बताया ये भी जा रहा कि यह डील 2018 में हुई, जब भारत और चीन के बीच कोई झड़प नहीं हुआ था। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या इस डील को तत्काल निरस्त नहीं कर दिया जाना चाहिए था? क्या भारत अपने खिलाडियों के लिए किट बनाने तक मे असमर्थ हैं। नहीं, भारत मे भी कासको जैसी तमाम कंपनी हैं, जो देश के गौरव के लिए उचित दाम में जरूर किट मुहैया कराती। भारत के खिलाड़ी जो कपड़ा पहनेंगे वो सिर्फ एक किट नहीं है, बल्कि सवा सौ करोड़ लोगों का आत्मविश्वास और ताकत है। ऐसे में अगर कोई नागरिक अपने खिलाडियों को चीन से बने किट में तिरंगा लिए देखेगा, तो क्या ये दुख की बात नहीं होगी?

- अमन जायसवाल, दिल्ली विविद्यालय

नई आफत ब्लैक फंगस

एक मुसीबत जाती भी नहीं कि दूसरी आ जाती है। पहले कोरोनावायरस ने तबाही मचाई और तबाही का सिलसिला थमा भी नहीं था कि एक नई महामारी बनकर ब्लैक फंगस आ धमका है। आंखों की रोशनी छीनने वाला यह फंगस एक नई आफत है। इसके मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आम आदमी वैसे भी तंगी से तबाह है और सरकार भी परेशान। सरकार के पास कोई जादू की छड़ी नहीं कि घुमाया और बीमारी गायब.. हाँ उससे निपटने के लिए आवश्यक तैयारी और संसाधनों का उपयोग तो जरूर किया जा सकता है। कोरोना की तरह लापरवाही बरती गई तो यह भयंकर रूप ले सकता है। कहा जा रहा है कि मास्क में नमी भी ब्लैक फंगस को जन्म देता है। मास्क का सही इस्तेमाल किया जाना जरूरी है और साफ सफाई भी बेहद जरूरी है। सरकार हर परिवार को मुफ्त मास्क वितरित करे और उचित मात्रा में इस पर खर्च किया जाय। भलाई इसी में है कि लापरवाही बिल्कुल न बरती जाय और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय।

- ज़फर अहमद, मधेपुरा, बिहार

क्विक न्यूज

शासकीय कार्यालयों में सोमवार से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शतप्रतिशत उपस्थिति के निर्देश

बालोद। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने सर्व कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि कोविड-19 के वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए आम जनता के कार्यों के शीघ्र निराकरण हेतु सभी शासकीय कार्यालयों में सोमवार 14 जून से सभी श्रेणी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। साथ ही कोविड-19 के संक्रमण के रोकथाम हेतु निर्धारित मापदण्ड जैसे-मास्क लगाना, एक-दूसरे से पर्याप्त दूरी बनाए रखना।

विभागीय परीक्षा के लिए आवेदन 24 जुलाई तक

दुर्ग। विभागीय परीक्षा-2021 के लिए समय-सारणी निर्धारित किया गया है। माह अगस्त 2021 विभागीय परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अधिकारी व कर्मचारी 24 जुलाई तक संभागायुक्त कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। विभागीय परीक्षा 23 अगस्त से 28 अगस्त 2021 तक आयोजित किया जाएगा।

सभी गौठानों को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य लेकर करें काम, इसके लिए आजीविका के अतिरिक्त अवसरों की ओर बढ़ना होगा

- **कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिला पंचायत की बैठक में ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की**

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

राज्य शासन की मंशा गौठानों को रोजगार ठौर के रूप में स्थापित करने की हैं। इसके लिए परंपरागत रूप से मछली पालन, मुर्गीपालन आदि की गतिविधियाँ समूहों द्वारा गौठानों में आरंभ की गई हैं। अब इन कार्यों को अधिक विस्तारित करने की जरूरत है। जिन गौठानों में यह कार्य आरंभ नहीं हो पाया है वहाँ तेजी से इस दिशा में बड़े तथा जहाँ यह सफलतापूर्वक चल रहा है, वहाँ नजदीकी मार्केट की माँग के अनुरूप वस्तुएं तैयार कर विक्रय करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिला पंचायत की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि गौठान में गतिविधियाँ जितनी ज्यादा विस्तारित होंगी, स्व-सहायता समूहों की आय उतनी ही अधिक बढ़ेगी। जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक ने बताया कि बाड़ी योजना ने काफी गति ली है और सब्जी का उत्पादन काफी बढ़ा है। यह अतिरिक्त आय के सृजन का बेहतरीन जरिया साबित हुई है। इसके साथ ही मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में भी बहुत से समूह रुचि ले रहे हैं। इसका बाजार काफी ब?ा है और मार्जिन भी काफी मिल जाता है। इसके लिए ट्रेनिंग के सत्र नियमित रूप से आयोजित किये जाते हैं। चूँकि माँग की तुलना में अभी भी पूर्ति कम है अतएव इस क्षेत्र में बड़ी क्षमताओं के दोहन के लिए समूहों को तैयार किया जा रहा है।

कलेक्टर ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के कन्वर्जेंस से हितग्राहियों को लाभ दिलाएं। उन्होंने ग्रामीण विकास के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी भी ली तथा इसे समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिये।

अपशिष्ट प्रबंधन का काम भी अच्छा हो- कलेक्टर ने अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन से स्वच्छता की दिशा में तो काम होता ही है अतिरिक्त आय सृजन का रास्ता भी इससे खुलता है। यहाँ गुणवत्ता से कार्य संपन्न करें। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों का काम भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिये।

एनजीजीबी के चारों कंपोनेंट पर गहन समीक्षा

कलेक्टर ने नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी पर की गई प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि गौठानों में आवश्यक अधोसंरचना तैयार कर ली गई हैं और गौठान समितियाँ सक्रिय हैं। इनकी नियमित बैठकें हों और ये गौठान के संचालन के संबंध में, इसे स्वावलंबी बनाने के संबंध में और इसके माध्यम से ग्रामीण विकास को मजबूत करने सतत रूप से कार्य करें। कलेक्टर ने नरवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत किये गए कार्यों की समीक्षा भी की। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि नरवा योजना अंतर्गत नालों से गाद निकालने का काम अर्थात डिसेल्टिंग का काम अधिकतर नालों में पूरा किया जा चुका है। इसका असर रबी फसल में दिखा था और इस बार अधिक बेहतर तरीके से नालों के नजदीक के खेतों में दिखेगा।

सहकारी बैंक के बोर्ड की बैठक में छह अनुकंपा नियुक्ति को स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के संचालक मंडल की बैठक बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं कलेक्टर दुर्ग डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मंडल ने सबसे पहला निर्णय कोविड एवं अन्य स्वास्थ्यगत परेशानियों की वजह से दिवंगत छह कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने का लिया। कलेक्टर ने इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने निर्देश दिये। इसके साथ तीन दिवंगत कर्मचारियों के परिवारजनों को भी पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। इसके साथ ही पाँच सेवानिवृत्त कर्मचारियों की उपादान भुगतान की स्वीकृति भी की गई।

कलेक्टर ने कहा कि अपने उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखना बैंक की पहली प्राथमिकता है। इसके अनुरूप आगे भी कार्य करते रहें। बैठक में मिलयोर बारा जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड एवं विनोद बुनकर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग तथा पंकज सोढ़ी मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित रहे। मोबाइल बैंकिंग की सुविधाओं को निरंतर मजबूत करने दिये निर्देश- बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उपभोक्ताओं के लिए बैंक मोबाइल बैंकिंग की जितनी उपयोगी सुविधाएं हैं सभी उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाए। मोबाइल बैंकिंग की मजबूत सुविधा से उपभोक्ता बैंक सेवाओं की ओर आकर्षित होते हैं। बैंक को ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता की जरूरतों के मुताबिक अपडेट करें। उन्होंने खरीफ के सीजन के मुताबिक व्यवस्था की निरंतर मानिटरिंग के निर्देश भी दिये। अहिवारा धमधा में नवीन भवन बनेंगे- अहिवारा/धमधा के लिए बैठक में नवीन भवन निर्माण की स्वीकृति दी गयी।

संदिग्ध अवस्था में मिली शिक्षिका की लाश, एसएसपी सहित टीम पहुंची घटनास्थल

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमी में निर्वस्त्र हालत में एक शिक्षिका की लाश मिली हैं। शिक्षिका का हाथ पैर भी रस्सी से बंधा हुआ था। रेप के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही हैं। घटना से गांव व आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा पहुचे थे। जहां उनके साथ एएसपी डीआर पोर्ते, सीएसपी अलीम खान, अजाक थाना प्रभारी पद्मा जगत, डौंडीलोहारा थाना प्रभारी मनीष शर्मा, देवरी थाना प्रभारी नवीन बोरकर, डौंडीलोहारा व देवरी थाना स्टाफ मौजूद रहे। वही सीन ऑफ क्राइम यूनिट दुर्ग के अधिकारी भी मौके पर पहुचे है। मामले में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका हिमेश्वरी नायक (48वर्षीया) समीप के ही ग्राम सेमहरडीह स्तिथ मिडिल स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ थी। बताया जा रहा है कि मृतिका डौंडीलोहारा विधानसभा की विधायिका व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया की रिश्तेदार थी। कोसमी मंत्री अनिला भेड़िया का पैतृक गांव हैं। हाईप्रोफाइल मामले की गंभीरता को देखते हुए 4 थानों की पुलिस के साथ डॉग स्क्वाड की मदद ली जा रही हैं।

सेल ने वित्त वर्ष-2020-21 के दौरान 90 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि के साथ, 3850 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग-भिलाई
www.dailypioneer.com

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), (नई दिल्ली) ने 10 जून, 2021 को वित्त वर्ष 2020-21 (वित्तवर्ष'21) की चौथी तिमाही के साथङ्कसाथ वार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। सेल ने कोविड -19 महामारी के चलते पैदा हुई अभूतपूर्व चुनौतियों के बावजूद वित्तवर्ष'21 में सभी मानकों पर शानदार प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष'21 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, सेल की अध्यक्ष सोमा मंडल ने कहा, ÷कंपनी ने वित्तवर्ष'21 के दौरान उत्पादन और वित्तीय प्रदर्शन में एक साथ ब?ोतरी दर्ज की है। ÷टीम सेल÷ ने कोविड-19 महामारी, खासतौर पर वित्तवर्ष'21 की पहली छमाही के दौरान पैदा हुई गंभीर और अप्रत्याशित चुनौतियों के बावजूद पूरी प्रतिबद्धता और एकजुटता के साथ काम किया है। वित्त वर्ष '21 की दूसरी छमाही में आर्थिक गतिविधियों में सुधार के चलते स्टील की मांग में उछाल देखने को मिला। सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे पर खर्च पर जोर देने की वजह से, कंपनी ने परिचालन दक्षता में सुधार के साथ-साथ बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।

सेल के वित्तीय निष्पादन पर एक नज़र

*सभी आंकड़े करोड़ रुपये में

	वित्त-वर्ष 2020-21	वित्त-वर्ष 2019-20	% वृद्धि	दूसरी तिमाही वित्त-वर्ष 2020-21	दूसरी तिमाही वित्त-वर्ष 2019-20	% वृद्धि
कर चुकाने के बाद लाभ	3850	2022	90.5	3444	2725	26.4
कर चुकाने से पहले लाभ	6879	3171	117	4608	4181	10.2
एबिटा	13740	11184	22.8	6473	6917	-6.4
कारोबार	68452	61025	12.2	23166	16024	44.6

गंगरेल के साफ रॉ वाटर आपूर्ति से भिलाई टाउनशिप का पेयजल हुआ साफ

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भिलाई टाउनशिप में की जा रही जलापूर्ति अपने मानक स्तर पर आ चुकी है। टाउनशिप को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से प्रदत्त पेयजल से मटमैलापन की समस्या पूरी तरह समाप्त हो चुकी है। दिनांक 11 जून, 2021 को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में किये गये जांच रिपोर्ट से यह बात स्पष्ट हो गई है कि पेयजल के रंगीन होने की समस्या समाप्त हो चुकी है। दिनांक 11 जून, 2021 को किया गया पेयजल आपूर्ति अप्रेल माह से पूर्व किये जा रहे जलापूर्ति के समान हो चुका है। पानी का रंग पूर्णरूपेण साफ हो चुका है। विदित हो कि पानी की यह समस्या छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा तांदुला से गंदे पानी के आपूर्ति की वजह से उत्पन्न हुई थी। छत्तीसगढ़ शासन से बीएसपी के अनुरोध पर जल संसाधन विभाग द्वारा तांदुला से गंदे पानी की आपूर्ति बंद करने के बाद जल संसाधन विभाग ने भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए गंगरेल से साफ पानी की आपूर्ति प्रारंभ की गई जिसके कारण इस समस्या पर काबू पाया जा सका। भिलाई इस्पात संयंत्र का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सदैव ही पेयजल का शुद्ध करने में मानक प्रक्रियाओं का पालन करता आ रहा है। आज के रिपोर्ट ने यह साबित कर दिया कि इसके संचालन व तकनीक में कोई खराबी नहीं है आज भी यह शुद्ध जल उपलब्ध कराने में पूरी तरह सक्षम है। पानी की मूल समस्या छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा छोड़े गए रॉ वाटर में थी जिसे अब गंगरेल से साफ पानी की आपूर्ति कर दूर कर लिया गया है और यह तथ्य पानी के जांच रिपोर्ट से भी स्पष्ट हो गई है। 17 मई, 2021 को जल संसाधन विभाग द्वारा रॉ वाटर की जो आपूर्ति की गई थी उसके पानी का रंग 42 यूटीसी था जिसे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में जलषोधन के बाद 7 यूटीसी तक लाया जा सका। परन्तु 11 जून, 2021 को जल संसाधन विभाग द्वारा रॉ वाटर की जो आपूर्ति की गई उसके पानी का रंग 24 यूटीसी था जिसे जलषोधन के बाद 3 यूटीसी तक लाया जा सका जो कि वांछित 5 यूटीसी के मापदण्ड के अंदर है।

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया दिल्ली के चेयरमैन सोमा मंडल से सांसद मंडावी ने मुलाकात कर की चर्चा, क्षेत्र की जनता की मांग को रखा सामने

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया दिल्ली के चेयरमैन श्रीमती सोमा मंडल से शनिवार को कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी ने अपने कांकेर लोकसभा क्षेत्र के विषय को लेकर भिलाई स्टील प्लांट के चेंबर में मुला?ात कर चर्चा की। जिसमें भिलाई स्टील प्लांट के डीसी गुप्ता, दल्लीराजहरा के डीजीएम एवं साथ में भाजपा नेता एवं सासंद प्रतिनिधि प्रमोद जैन भी उपस्थित रहे। सांसद श्री मंडावी ने लोगों को रोजगार मिले इसके लिए प्रोसेसिंग प्लांट दल्लीराजहरा में लगाने की बात कही व दल्लीराजहरा में 7 मिलियन का प्लांट लगाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। रावघाट से लम्स दल्ली लाया जाएगा और उसको क्रशिंग एवं स्क्रीनिंग करके 10 एमएम से जो नीचे है। उसको धुलाई और सफाई करके दल्ली में रखा जाएगा और 10 एमएम और 40 एमएम को साफ करके क्रेसिंग करके भिलाई स्टील प्लांट भेजा जाएगा। लगभग 200 करोड रुपए की योजना सांसद ने अपने क्षेत्र में लगाने के लिए चेयरमैन से चर्चा की। साथ ही जो मूलभूत आवश्यकता हैं। दल्लीराजहरा के बीएसपी अस्पताल में 50 बिस्तर हॉस्पिटल बनाया जाए और साथ में आम नागरिकों का उसमें इलाज हो यह भी चर्चा श्री मंडावी ने की। दल्लीराजहरा में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था पाइप लाइन बिछाकर किया जाने की बात की गई। साथ ही जो दल्लीराजहरा माइंस में जो ट्रांसपोर्टिंग होता है उसमें जो गाड़ियां लगती है। उसमें लोकल यूनियन वालों का भी 10 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यह बात भी सांसद ने चेयरमैन के समक्ष रखी।

पंचायती राज का उल्लंघन करने पर ग्राम पंचायत लूप के सरपंच उर्मिला साहू पद से पृथक

कवर्धा। अनुविभागीय (रा) अधिकारी बोड़ला के न्यायालय के ई कोर्ट रा.प्र.क 202105080100001 अ 89 वर्ष 2020-21 पक्षकार शासन विरूद्ध उर्मिला साहू सरपंच ग्राम पंचायत लूप , जनपद पंचायत बोड़ला , जिला कबीरधाम में पारित आदेश दिनांक 11.06.2021 के अनुसार अनावेदिका उर्मिला साहू के द्वारा छ.ग.पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 48 उप नियम 03 (3) तथा अध्याय 10 नियंत्रण धारा 84 पंचायतों के कार्य का निरीक्षण की उपधारा (3) का स्पष्ट उल्लंघन किये जाने तथा स्वेच्छाचारिता और घोर लापरवाही बरतने के साथ ही नियंत्रण के प्रावधानों के तहत पर्यवेक्षण कार्य में सहयोग न कर बाधित किये जाने के कारण अनावेदिका सरपंच उर्मिला साहू के उपर लगाये गये आरोप की पुष्टि होने तथा कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार के दोषी पाये जाने के कारण पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 मे निहित प्रावधान के तहत उर्मिला साहू सरपंच ग्राम पंचायत लूप जनपद पंचायत बोड़ला , जिला कबीरधाम को सरपंच पद से पृथक किया गया है।

बैरख में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ बोड़ला
www.dailypioneer.com

12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में ग्राम बैरख में अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन के द्वारा जागरूकता के लिए संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम सरपंच श्याम धुर्वे ने कहा कि गांव में सभी अपने अपने बच्चों को नियमित रूप से शाला भेजें । 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार का काम ना कराए , आप अपने बच्चों को जिसकी उम्र 14 वर्ष से कम है उन्हें किसी दुकान ,होटल ,फैक्ट्री , खेत में कार्य करने के लिए दबाव न डालें बल्कि उन बच्चों को पूर्ण स्वतंत्रता मिलनी चाहिए । बच्चो की बचपना को बर्बाद ना होने देवे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य सोहन यादव ने बताया कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को श्रम न कराकर उन्हें शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक करना है हमारे देश के बाल श्रम व्यापक स्तर पर देखने को मिलता है ।सबसे खास बात बाल श्रम के साथ मजदूरी के लिए बच्चों की तस्करी भी की जाती है । इस मामले पर केंद्र सरकार राज्य सरकार अपने अपने स्तर पर कई प्रकार के कार्य कर रहे हैं ।अमेरिकन इंडिया फाऊंडेशन से सुनील केशरवानी ने कहा वर्ष 1988 में बाल श्रम निषेध और नियमन अधिनियम पारित किया गया। इस अधिनियम के तहत 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से श्रम कराना गैरकानूनी घोषित किया गया इसके साथ ही भारतीय संविधान अनुच्छेद 23- बच्चों को खतरनाक उद्योग और कारखानों में काम करने की अनुमति नहीं देता है, जब की धारा 45 के अंतर्गत देश के सभी राज्यों को 14 साल से कम उम्र के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देना अनिवार्य किया गया है। कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आजुराम धुर्वे ने भी अपना विचार रखा और कहा कि हमे अपने आसपास ऐसे बच्चे दिखे तो जरुर उन बच्चो की मदद करे और उन्हें शाला तक पहुचाने की जिम्मेदारी उठाए। इस कार्यक्रम में आईएफ संस्था से राम विश्वकर्मा महेंद्र यादव और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

बदहाल कानून व्यवस्था भी प्रदेश में एक बड़ा विषय, जो छत्तीसगढ़ शांति का टापू था, वह देखते-देखते बदल गया अपराध के गढ़ में

कांग्रेस सरकार ने हाथ में गंगाजल लेकर तमाम घोषणाओं की हैं अवहेलना, ऐसा अन्य उदाहरण देश में कोई नहीं : नीलू शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की 5 वर्षों के कार्यकाल में आधा कार्यकाल खत्म हो चुका है। 17 जुन को ढाई वर्ष के इस कालखंड में जनता से किए सभी वादे तोड़ इस काल खण्ड को धोखाधड़ी, विश्वासघात और अराजकता के काले अध्याय के रूप में भी जाना जाएगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने भाजपा जिला कार्यालय बालोद में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश को कांग्रेस सरकार ने पवित्र गंगाजल हाथ में लेकर किए गए तमाम घोषणाओं की जिस तरह अवहेलना की है। वैसा अन्य उदाहरण देश में कोई नहीं है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बालोद जिले के पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भूपेश बघेल के सरकार का 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है और यह ढाई वर्ष का कार्यकाल काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। जितने वादे सरकार ने किए थे। उन तमाम वादों की अवहेलना इस सरकार ने की है। यहां पर पूर्ण शराबबंदी का सरकार ने वादा किया था। परंतु होम डिलीवरी देकर सरकार ने शराब विक्रय को बढ़ावा दिया है। इसका दुष्प्रभाव रोज दिख रहा है। इससे शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। अभी-अभी महासमुंद में एक ही परिवार में 6 आत्महत्या की हृदय विदारक घटना सामने आई है। जिसका मूल कारण शराब को ही बताया जा रहा है। इस पर आबकारी मंत्री कहते हैं कि छत्तीसगढ़ का आदमी मेहनत करता है। शराब के बिना उनका काम नहीं चलता। इसके साथ ही बदहाल कानून व्यवस्था भी प्रदेश में एक बड़ा विषय है। जो छत्तीसगढ़ शांति का टापू था वह देखते-देखते अपराध का गढ़ में बदल गया है। प्रदेश में पिछले 2 वर्ष में 1 हजार 828 हत्या, 1 हजार 281 हत्या के प्रयास, 4 हजार 940 बलात्कार, 12 हजार 865 चोरी, 133 डकैती और 855 लूटपाट के मामले सामने आए हैं। वही रोजाना औसतन सात बलात्कार हो रहे हैं।

केवल 10 महीने में 140 किसानों ने की हैं आत्महत्या- नीलू- प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा ने आगे बताया कि राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र का संरक्षण प्राप्त कोरवा जनजाति की नाबालिग बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म और पिता बहन समेत उसकी हत्या जसपुर की बेटी को अलग-अलग लोगों को बेचना। जिसके बाद अंततः युवती द्वारा आत्महत्या सहित केशकाल में नाबालिग आदिवासी किशोरी से सात-सात लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म यह सब घटनाएं बताती है, कि सरकार में कानून व्यवस्था कैसी है। मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के क्षेत्र बठेना में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या का आज तक पता नहीं चल पाना कानून व्यवस्था की बदहाली को दर्शाता है।यहां पर किसानों के कर्ज माफी का वादा था। परंतु आज प्रदेश की जनता करोड़ों का कर्जदार बन रही है।हर महीने सरकार हजार करोड़ से अधिक का कर्ज लेकर हम सबको हमेशा के लिए कर्जादार बना दिया गया है। इसके साथ ही पिछले 3 वर्षों में करीब 300 किसानों ने आत्महत्या की है। केवल 10 महीने में 140 किसानों ने आत्महत्या की है। जिसकी बात शासन ने स्वीकारी है। परंतु कोई मुआवजा नहीं दिया है। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को 6 लाख आवास में से 4.80 लाख आवास कांग्रेस सरकार ने वापस कर दिया बेरोजगारी तो यहां चरम सीमा पर है। यहां पर जो चयनित शिक्षक अभ्यर्थी हैं। उनकी प्रताड़ना की जा रही है। पीएससी में अराजकता चरम पर है। प्रदेश के 10 लाख बेरोजगारों को 2500 बेरोजगारी भत्ता देने के नाम से सरकार सत्ता में आई थी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-गरियाबंद (छ.ग.)
मैनुअल पद्धति सिविल कार्य हेतु जोनल निविदा सूचना क्रमांक-13 (द्वितीय बार)

E-mail - eeresdvgariyaband@gmail.com

क्रमांक/1071/जोन.निविदा/ग्रा.यां.से./2021-22/गरियाबंद, दिनांक 09.06.2021

// जोनल निविदा //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि :- 21.06.2021
2. कार्यालय में निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 23.06.2021
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि :- 24.06.2021

1. निविदा निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत प्रत्येक ग्रुप का (लाख रु.) में
1	2	3
4.	विकासखण्ड मैनपुर - ग्रुप क्र. 03	35.00
5.	विकासखण्ड देवभोग - ग्रुप क्र. 01, 02, 03	35.00

निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 1500 प्रत्येक ग्रुप का एवं निविदा की धरोहर राशि प्रत्येक ग्रुप का रु. 26250.00 की होगी। अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/reswork में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 11.06.2021 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
जी-61198/3 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग गरियाबंद

क्विक न्यूज

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर किया कार्यक्रमों का आयोजन

सक्ती। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बम्हनीडीह द्वारा शहिद विद्याचरण शुक्ल की शहादत दिवस पर उनको स्मरण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। तत्पश्चात बढ़ती पेट्रोल एवं डीजल के दामो के खिलाफ पेट्रोल पम्प के सामने हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया। इस दौरान रविन्द्र शर्मा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बम्हनीडीह, रामदास वैष्णव, रामराज्य पांडेय, बाबूलाल जायसवाल, शाश्वतधर दीवान, गुलाबुद्दीन खान, बावाराम जायसवाल, बालेश्वर साहू, संतोष जायसवाल, रज्जाक खान अध्यक्ष युवा कांग्रेस जैजैपुर विधानसभा, तूफान सिंह,विद्यानंद चंद्रा, काशी जायसवाल, हरीश तिवारी, रामलाल सहारे, हेमंत साहू, हरिराम डड़सेना, गोपाल पटेल, शशि जायसवाल उपस्थित रहे।

महापल्ली अंतर्राज्यीय कोरोना बेरियर में अव्यवस्था का आलम

रायगढ़। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए बनी अन्तर्राजिय कोरोना चेक पोस्ट महापल्ली में तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है। भीषण गर्मी में भी जारी अनवरत ड्यूटी इन कोरोना वारियर्स की परेशानी अब ज्यादा बढ़ने लगी हैं। मानसून आ गया है ,अब बरसात से कैसे निजात पाएं ये वारियर्स । टूटी फूटी कुटिया और फटी कपड़े की तिरपाल से भला अपने रजिस्टर और कागजात को भला कैसे बचाये । खुद भीग कर कागजात व अन्य सामग्री सहेजना अब इन कोरोना वारियर्स को मुश्किल हो रहा है। अपने नाम न छापने के शर्त पर इन वारियरो का कहना है कि वे लंबे समय से ड्यूटी रत हैं लेकिन यहाँ पर अस्थायी रूप से बनी बेरियर से उन्हें ड्यूटी निभाने में तकलीफ हो रही है।

संघ ने दिवंगत अधिवक्ताओं के परिजनों को पहुंचाई सहायता

रायगढ़। जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ के द्वारा अधिवक्ता कल्याण योजना के माध्यम से दिवंगत अधिवक्ताओं के परिजन को आर्थिक सहायता लंबे समय से दी जाती रही है अधिवक्ता की मृत्यु उपरांत मृतक अधिवक्ता के परिवार के सदस्यों जो नामित किया गया है या जो पात्र उत्तराधिकारी हैं को रकम 100000 एक लाख रुपए अधिवक्ता संघ के द्वारा अपने स्वयं के कोष से दिया जाता है। विगत दिनों कोविड-19 के द्वितीय लहर जो कि काफी भयावह थी जिसके संक्रमण के संपर्क में आकर प्रभावित होकर कई अधिवक्ताओं द्वारा अपनी जान गवाई है।

सावधान... प्रथम हाथी का गिरा कॉलर आईडी

■ छाल वन परिक्षेत्र का मामला, दहशत में ग्रामीण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ वन मंडल में लगातार हाथियों की मौजूदगी रहती है। वहीं प्रथम हाथी भी पिछले कई माह से धरमजयगढ़ व रायगढ़ वन मंडल में विचरण कर रहा था। उस पर लगातार नजर रख सके, इसके लिए उसे कॉलरआईडी पहनाया गया था। उसके कॉलर आईडी के माध्यम से विभाग को उसकी लोकेशन की जानकारी मिल जाती थी, लेकिन अब धरमजयगढ़ वन मंडल के विभागीय कर्मचारियों की परेशानी बढ़ गई है। शुक्रवार को प्रथम हाथी का कॉलर आईडी छाल रेंज अंतर्गत जंगल मे खुलकर गिर गया। इससे अब उसका लोकेशन विभाग को नहीं मिल पा रहा है। जब इसकी जानकारी विभागीय अमला को लगी तो तत्काल मौके पर पहुंचकर कॉलर

आईडी ले आए और विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को छाल वन परीक्षेत्र के अंतर्गत लोटन कटाईपाली के आसपास जंगल में प्रथम हाथी का कॉलर आईडी टूट खुलकर गिर गया। हाथी पर नजर रखने वाले ट्रेकर्स को जब इसकी जानकारी लगी तो मामले की सूचना विभागीय अमला को दी गई। इसके बाद तत्काल वनकर्मी मौके पर पहुंचे और प्रथम हाथी के लोकेशन पट्टा को उठा लाए। अभी कॉलरआईडी को रेंज कार्यालय में जमा किया गया है और विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है।

डिवीजन कार्यालय में जमा करेंगे कॉलरआईडी- छाल वन परिक्षेत्र रेंजर राजेश चौहान ने बताया कि शुक्रवार को प्रथम हाथी का कॉलरआईडी गिरा मिला है। जिसे डिवीजन कार्यालय में जमा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बारिश की वजह से संभवतः अभी उसे कॉलरआईडी नही लगाया जाएगा। हालांकि विभाग के उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है।

ग्रामीणों में दहशत

प्रथम हाथी को कॉलरआईडी लगाने के बाद उसका जंगल मे लोकेशन मिल जाता था। इसके बाद विभागीय कर्मचारी उस क्षेत्र में ग्रामीणों के जाने से मना कर देते थे, लेकिन अब प्रथम हाथी का लोकेशन समय पर नही मिलने से किसी अनहोनी से इनकार नही किया जा सकता और इसी वजह से प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों के बीच दहशत का माहौल निर्मित है।

छाल वन परिक्षेत्र अंतर्गत प्रथम हाथी का कॉलरआईडी गिरा है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दोबारा कॉलरआईडी लगाने की प्रि या की जाएगी। ग्रामीणों को अकेले हाथी प्रभावित जंगल मे नही जाने सचेत किया जा रहा है।

बीएस सरोटे
एसडीओ, धरमजयगढ़ वन मंडल

लूटपाट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, आरोपी से मोबाइल व लूट की पूरी रकम बरामद

■ पुसौर-रायगढ़ मार्ग पर वाहन चालकों को डरा-धमकाकर रूपये मांग कर परेशान करते थे चोरीं युवक

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुसौर पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल में रायगढ़ तथा पुसौर आसपास घूम घूम कर मछली बेचने वाले से व्यवसायी से मेन रोड बड़े भंडार के पास लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे लूट की रकम 6,000 रूपये, मोबाईल और लूट में प्रयुक्त बाइक को जप्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलपाली बालपुर थाना चंन्द्रपुर जिला जांजगीर चाम्पा में रहने वाला मछली व्यवसायी रमेश उरांव पिता रतन उरांव उम्र 36 वर्ष 08 जून को मछली बिक्री करने मो0सा0 से रायगढ आया था। मछली बिक्री कर रात्रि 10 बजे करीब अपने घर वापस जा रहा था जिसे बडे भंडार गौरीशंकर मंदिर के पास मेन रोड पर बाईक में सवार चार लोगों ने रोककर मारपीट किया और उसके मोबाईल व नगदी रकम 6 हजार को लूटकर भाग गए। थाना पुसौर में 10 जून को रमेश उरांव के रिपोर्ट पर अज्ञात चार आरोपी के विरूद्ध धारा 394 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दरम्यान पुसौर प्रभारी सउनि इगेश्वर यादव द्वारा मुखबिर सूचना पर संदेही शिव कुमार सिदार को हिरासत में लिए जिससे पूछताछ बाद उसके दोस्त भागीरथी उर्फ गोलू सारथी, रमेश निषाद और लव कुमार मैत्री को हिरासत में लिया गया। आरोपीगण पूछताछ में शराब, मुर्गा पार्टी के लिए लूटपाट करना स्वीकार किया है। आरोपी शिवकुमार सिदार पिता विषिकेशन सिदार 29 साल ,भागीरथी उर्फ गोलू सारथी पिता सोनकेश्वर सारथी 25 साल ,रमेश निषाद पिता गुलाब निषाद उम्र 22 साल, लव कुमार मैत्री पिता सूरज कुमार मैत्री उम्र 21 वर्ष सभी निवासी बड़े भंडार थाना पुसौर से लूट के 6,000 रूपये, विवो कम्पनी का मोबाईल एवं लूट में प्रयुक्त बाइक डिलक्स को जप्त किया गया है।

गुजरात के एडुतर मे मिला सक्ती की नवाचारी शिक्षिका नीरा साहू को स्थान

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

गुजरात के एडुटर एप ने छत्तीसगढ़ से शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को कोने कोने से ढूंढ निकाला है,जांजगीर चाम्पा ,विकास खण्ड -सक्ति, से प्राथमिक शाला स्टेशन भांठा की कर्मठ एवम लगनशील नवाचारी शिक्षिका के कार्यो का अवलोकन कर अपने एप में दिया स्थान इनके कार्य इस प्रकार है- कोरोना काल मे ऑनलाइन क्लास, ऑफलाइन क्लास, मिस्ड कॉल योजना, डिजिटल माध्यमों से पढ़ाई, कांफ्रेंस काल से पढ़ाई पी एल सी सदस्य के रूप में काम,डीआरजी ग्रुप के साथ कार्य,एससीईआरटी के साथ कार्य ,लक्ष्य वेध मास्टर ट्रेनर का कार्य,साक्षर भारत मे मास्टर ट्रेनर का कार्य, गूगल फॉर्म से बच्चो का क्वीज,अंगना म शिक्षा,आरो स्कालर शिप योजना के बारे में बच्चों बतलाना,आमाराइट योजना की बच्चो को जानकारी,.रियलिटी वीडियो के माध्यम से पढ़ाई, खेल खेल में विज्ञान का आयोज है,नित नए नए नवाचारी गतिविधियों के साथ नीरा साहू बच्चो को आगे बढ़ने, शिक्षा का महत्व बतलाकर उन्हें हमेशा प्रगति की ओर अग्रशर कर रही हैं,रियलिटी वीडियो बनाने में इन्हें छत्तीसगढ़ में नायक का स्थान मिला।

दोस्तों संग दुकानदार से की थी मारपीट

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के बड़े रामपुर में रहने वाले सीताराम चौहान के दुकान में मामूली विवाद को लेकर अपने साथियों के साथ झगड़ा मारपीट करने वाले आरोपी कपिल सोलंकी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 23 नवम्बर की सुबह संदीप नेताम उर्फ साकाल, संदीप का जीजा, चाहत शुक्ला, कपिल सोलंकी और उसके साथी सीताराम चौहान के दुकान में कुछ सामान लेने आये जिन्हें सीताराम सामान नहीं है बोला इतने में सभी लड़के सीताराम से झगड़ा विवाद कर घर घुसकर सीताराम, उसके बेटे मनीष चौहान से राड, डंडा से मारपीट किये थे। थाना कोतवाली में रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध की धारा 294,506,323,452,34 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दरम्यान मनीष चौहान के मेडिकल रिपोर्ट पर प्रकरण में धारा 325 जोड़ी गई व आरोपी संदीप नेताम उर्फ सकाल, राजेश सिदार को 09 जनवरी को गिरफ्तार कर 08 मार्च को चालान न्यायालय पेश किया गया है। प्रकरण के आरोपी चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य शुक्ल पिता स्वर्गीय अरुण शुक्ला उम्र 20 साल निवासी रेलवे कॉलोनी काली निकेतन मंदिर के पास रायगढ़ को 03 अप्रेल को गिरफ्तार कर पूरक चालान न्यायालय पेश किया गया। प्रकरण का आरोपी कपिल सोलंकी फरार था। फरार आरोपी कपिल सोलंकी आदतन मारपीट का आदी होने की शिकायत पर थाना प्रभारी कोतवाली मनीष नागर अपने स्टाफ एवं मुखबिर को आरोपी पतासाजी में लगाये थे, आज मुखबीर सूचना पर स्टाफ द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कपिल सोलंकी अपने दोस्त चाहत शुक्ला, संदीप नेताम उर्फ सकाल के साथ हंडी चौकी के पास मारपीट में भी शामिल था जिस संबंध में कोतवाली थाने में धारा 294,506,323,34 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट भी कायम है। आरोपी कपिल सोलंकी पिता जयराम सोलंकी उम्र 30 वर्ष निवासी गुजराती पारा रायगढ़ हाल मुकाम डिपो रोड बैकुंठपुर यूनिवर्सल के बगल में रायगढ़ थाना कोतवाली के पास से मारपीट में प्रयुक्त का डंडा जप्त कर रिमांड पर भेजा गया है।

छत्तीसगढ़ में सामूहिक आत्महत्या कांड, कुम्भकर्णीय नींद से जागे सरकार, पूर्ण शराबबन्दी करें सरकार : अर्जुन राठौर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) विधान सभा सक्ती के पूर्व प्रभारी अर्जुन राठौर ने कहा महासमुंद जिले के ग्राम बेलसोंडा में शराबी मुखिया से परेशान होकर एक मां के द्वारा अपनी पांच बेटियों सहित रेलवे ट्रेक में कूदकर आत्महत्या कर लेने का मामला आया है, जो कि एक हृदय विदारक घटना है। इस सामुहिक आत्महत्या कांड के बाद विभागीय मंत्री कवासी लखमा को नैतिकता के आधार पर तत्काल अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। अर्जुन राठौर ने कहा शराबबन्दी के नाम पर कॉंग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा और वादाखिलाफी किया है । शराब के कारण छत्तीसगढ़ में न सिर्फ आपराधिक घटनाएं बढ़ी है बल्कि सैकड़ों परिवार का विघटन हो रहा है, लोगों की जानें जा रही है, छत्तीसगढ़ के भविष्य युवा वर्ग शराब के नशे में डूबकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे है, छत्तीसगढ़ में शराबखोरी, हत्या, आत्महत्या, गरीबी और भुखमरी का भी एक बड़ा कारण है अब पूरा परिवार ही सामूहिक आत्महत्या कर रहा है। सरकार अब तो कुम्भकर्णीय नींद जागे, महासमुंद सामुहिक आत्महत्या कांड से सबक लेते हुए तत्काल छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी करें अन्यथा आगामी चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

सक्ति थाना अंतर्गत बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या करने वाले 6 आरोपियों को 2 घंटे के भीतर शक्ति पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सक्ती पुलिस की सक्रियता से सक्ती थाना अंतर्गत बुजुर्ग व्यक्ति की हत्या मामले में सभी आरोपी 02 घंटे में ही पुलिस गिरफ्त में आ गए-(1) श्यामसुंदर भारद्वाज पिता दूज राम सतनामी उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 01 सतनामी पारा शक्ति (2) मुन्ना सतनामी पिता दूज राम सतनामी उम्र 30 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 01 सतनामी पारा शक्ति थाना शक्ति (3) परदेसी सतनामी पिता नोहर साय सतनामी उम्र 28 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 02 कसेरपारा शक्ति थाना शक्ति (4) सम्मेलाल भारद्वाज पिता दूज राम भारद्वाज उम्र 30 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 02 कसेरपारा शक्ति थाना शक्ति (5) सुंदर भारद्वाज पिता दूजराम सतनामी उम्र 35 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 02 कसेरपारा शक्ति थाना शक्ति (6) दूजराम भारद्वाज पिता साधराम भारद्वाज उम्र 65 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 01 सतनामी पारा शक्ति थाना शक्ति जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ है,मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि कुष्याणी टंडन पिता समारू टंडन उम्र 21 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 02 कसेरपारा शक्ति थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज दिनांक 11/06/21 के सुबह 09.30 बजे इसके पिताजी घर के बाड़ी के अंदर आम पेड़ के नीचे बने चबूतरा में बैठे थे उसी समय वहां से लड़ाई झगड़े का आवाज सुनाई दिया तो घर अंदर से बाहर निकल कर देखी हमारे मोहल्ले का राजेश भारद्वाज, सम्मे लाल भारद्वाज, सुंदर भारद्वाज, परदेसी भारद्वाज, दूज राम भारद्वाज, श्यामसुंदर भारद्वाज, एवं वार्ड नंबर 1 शक्ति के मुन्ना भारद्वाज सभी मिलकर एक राय होकर पिताजी समारू टंडन को शराब के केस में पकड़ऐ थे उस में जमानत हुआ था उसका 5000 रुपए दो नहीं तो तुम्हें जान सहित मार देंगे कह कर गंदी गंदी गाली गलौज कर हाथ मुक्की से मारपीट कर रहे थे तब यह एवं इसकी बड़ी दीदी बीच-बचाव करने गई तो वह सभी मिलकर इसे एवं इसकी दीदी को धकेल दिए एवं इसके पिताजी को जान से मारने की नियत से मारपीट करते हुए उसके गला को पकड़कर पीट तरफ से जोर से धक्का दिया जिससे इसकी पिताजी नीचे जमीन पर गिर गए।

वर्ष 2015 से फरार धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कोतरारोड़ पुलिस धोखाधड़ी के फरार आरोपी को भिलाई से गिरफ्तार कर लाई है, आरोपी को आज रिमांड पर पेश किया गया है। आरोपी के विरूद्ध शीघ्र धारा 173(8) के तहत पूरक चालान पृथक से न्यायालय में पेश किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार माह अप्रैल वर्ष 2015 में हिंदुस्तान पैट्रोलियम लिमिटेड मंदिर हसौद से 28,000 लीटर फर्नेस आयल जेएसपीएल पतरापाली के लिए वाहन क्रमांक सीजी 04 एचक्यू 4745 का बिल्टी जारी किया गया था। वाहन मालिक दुलेश्वर प्रसाद द्वारा ड्रायवर सुरेंद्र तथा अन्य कुछ व्यक्तियों के साथ मिलकर अपने टैंकर वाहन सीजी 04 एचक्यू 4736 में बिल्टी जारी किये गये वाहन का नंबर प्लेट को लगाकर टेंकर में असली आयल प्राप्त कर लिये और नकली फर्नेस आयल प्लाटों में धोखाधड़ी कर सप्लाई करने का काम कर रहे थे । माह अप्रैल वर्ष 2015 में रायगढ़ पतरापाली के पास टैंकर वाहन सीजी 04 एचक्यू 4736 को लावरिस हालत में खड़ी पाकर धारा 102 ब्तच्ब् के तहत जप्त किया गया था, जिसके वाहन स्वामी का पताकर कोतरारोड़ पुलिस इस धोखाधड़ी को उजागर की थी जिस संबंध में थाना कोतरारोड़ में वाहन मालिक, ड्रायवर व अन्य के विरूद्ध धारा 420, 471, 34 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरमियान वाहन मालिक दुलेश्वर प्रसाद पिता प्रेमलाल रामटेके निवासी छतोना मंदिर हसौद, उसके पिता प्रेमलाल रामटेके , मोहम्मद नसीम शेख पिता असलम शेख निवासी सराय खेम थाना मुरदाबाद शाहपुर जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश हाल मुकाम छतोना मंदिर हसौद रायपुर को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय पेश किया गया था। प्रकरण में फरार आरोपी वाहन चालक व वाहन मिस्त्री का कार्य करने वाले हैं जिनकी पतासाजी कोतरारोड़ पुलिस द्वारा की जा रही थी। आरोपी वाहन चालक सुरेंद्र यादव, सोनू कुमार, शत्रुघ्न, राजेश जायसवाल, खुशरजा खान, रिजवान अहमद फरार थे। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा को वाहन मिस्त्री का कार्य करने वाले आरोपी रिजवान अहमद भिलाई जोन- 3 में छिपे होने की जानकारी मिलने पर उनके द्वारा थाने से सहायक उपनिरीक्षक डीपी भारद्वाज, आरक्षक टिकेश्वर यादव, राजेश खांडे, करूणेश राय को भिलाई रवाना किए। कोतरारोड़ स्टाफ द्वारा आरोपी रिजवान अहमद पिता तहुवर अली उम्र 35 वर्ष निवासी भिलाई जोन-3 सड़क 10, क्वार्टर नंबर 4 एफ थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़) को भिलाई से हिरासत में लेकर थाना लाया गया है जिसे न्यायिक अभिरक्षा प्राप्त करने के लिए रिमांड पर आज पेश किया गया है। आरोपी के विरुद्ध पृथक से धारा 173 (8) सीआरपीसी के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण के चार आरोपी फरार हैं जिनकी पतासाजी में कोतरारोड़ पुलिस लगी हुई है।

जांजगीर चाम्पा जिले में धारा 144 के आदेश में आंशिक संशोधन, सभी स्थायी, अस्थायी दुकानें, शो-रूम, क्लब, सैलून, ब्यूटी पार्लर, स्पा, ई-कामर्स, पार्क व जिम अब रात्रि 8 बजे तक खुलेगें

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर चाम्पा जिला दंडाधिकारी जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने जांजगीर-चाम्पा जिले के अंतर्गत (जिला प्रशासन द्वारा समय-समय में घोषित कंटेनमेंट जोन को छोड़कर) सभी प्रकार की स्थायी एवं अस्थायी दुकानें, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, सभी ठेला-गुमटी, सुपर मार्केट/ सुपर बाजार, फल एवं सब्जी मण्डी / बाजार (जिले के अंतर्गत लगने वाले समस्त साप्ताहिक हाट-बाजार बंद रहेंगे), अनाज मण्डी, शो-रूम, क्लब, सैलून, ब्यूटी पार्लर, स्पा, ई-कामर्स, पार्क व जिम अब रात्रि 8:00 बजे तक खुले रहेंगे,जिले के सभी कार्यालय, सामान्य कामकाज एवं आम जनता के कार्यों के शीघ्र निराकरण के लिए 100 प्रतिशत अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ खुलेंगे। सभी कार्यालय एक दूसरे से पर्याप्त दूरी बनाये रखना, मास्क पहनना और सैनिटाइजर का उपयोग एवं सभी स्वास्थ्य प्रोटोकॉल और कोविड-19, से संबंधित एसओपी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया है। कार्यालयों में आम जनता का प्रवेश कोविड-19 के लिये निर्धारित निर्देशों के पालन की शर्त पर हो सकेगा। रजिस्ट्री कार्यालय 100 प्रतिशत अधिकारी / कर्मचारियों एवं टोकन प्रणाली के साथ संचालित होगा।निम्न गतिविधियां पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी- सभी स्विमिंग पूल एवं सिनेमा हॉल / थियेटर / मल्टीप्लेक्स बंद रहेंगे। जिले के अंतर्गत लगने वाले समस्त साप्ताहिक हाट-बाजार बंद रहेंगे,स्कूल, महाविद्यालय, शैक्षणिक संस्थान और कोचिंग संस्थान बंद रहेंगे,ऑनलाईन / दूरस्थ शिक्षा को अनुमति रहेगी और उसे प्रोत्साहित किया जाएगा। शासन से अनुमति प्राप्त समस्त परीक्षाओं को छो?कर कोचिंग क्लासेस सहित अन्य समस्त शैक्षणिक गतिविधियां बंद रहेगी। छात्रावास में केवल परीक्षा देने वाले विद्यार्थी को परीक्षा देने तक के लिये रूकने की अनुमति होगी,सभा, जुलूस, धरना प्रदर्शन, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, मनोरंजन एवं राजनैतिक आयोजन आदि पूर्णतः प्रतिबंधित - सभी प्रकार के सभा, जुलूस, धरना प्रदर्शन, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, मनोरंजन एवं राजनैतिक आयोजन आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। रिसॉर्ट तथा सभी धार्मिक स्थल, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल व अन्य सार्वजनिक स्थल समूह आयोजन आम जनता हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे,वैवाहिक कार्यक्रम निवास गृह, होटल एवं मैरिज हॉल में कोविड-19 प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन की शर्त पर आयोजित करने की अनुमति होगी। भारत सरकार, के आदेश अनुसार आयोजन में शामिल होने वाले व्यक्तियों की कुल अधिकतम संख्या 50 रहेगी। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की कुल अधिकतम संख्या 20 रहेगी।

विधायक चंदेल ने लगवाया वैक्सीन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल आज षासकीय जिला चिकित्सालय जांजगीर में अपनी धर्मपत्नी प्रमिला चंदेल के साथ पहुंचकर दूसरे डोज की वैक्सीन लगवाये। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी प्रमिला चंदेल ने भी दूसरे डोज की वैक्सीन लगवाया। विधायक नारायण चंदेल ने वैक्सीन लगवाने के बाद करीब आधा घण्टा जिला चिकित्सालय जांजगीर में उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.आर. बंजारे, सिविल सर्जन डॉ. जगत से चिकित्साल में ही बैठकर कोविड-19 के मरीजों के संदर्भ में तथा जिला चिकित्सालय में मौजूदा संसाधन वैक्सीनेषन व जांजगीर नगर, चाम्पा नगर, नवागढ़ एवं जिला के अन्य शासकीय चिकित्सालयों के व्यवस्थापन एवं मौजूदा संसाधनों के संबंध में उन्होंने दोनों अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। विधायक चंदेल ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बंजारे एवं सिविल सर्जन डॉ. जगत से आर.टी.पी.सी.आर. लैब को षीघ्र प्रारंभ करने को कहा तथा जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा प्रदान करने के संबंध में चर्चा किया। इस अवसर पर विधायक चंदेल ने मौजूदा अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधि के नाते बेहतर स्वास्थ्य के लिये हर संभव मद्द देने के लिये तत्पर है। उन्होंने कहा कि मेरे लायक जो भी कार्य होगा उसे बेजिझक बताये। विधायक श्री चंदेल ने कहा कि चिकित्सा सुविधा को बेहतर बनाने व संसाधन जुटाने के लिये स्वास्थ्य मंत्री व स्वास्थ्य सचिव से भी चर्चा करेंगे।

बेहतर पोषण का वास्तविक अर्थ

क्या पतला होना स्वस्थ होने के बराबर है? प्रस्तुत हैं ऐसे खान-पान संबंधी सुझाव जिन पर विचार करना लाभप्रद होगा।



क्या हमने कभी सोचा है कि मनुष्य ही एकमात्र ऐसी प्रजाति क्यों है जो हमारे खान-पान के पैटर्न के बाहर सनक में आकर आहार लेते हैं? जानवरों के साम्राज्य में हर जीव अपने निवास स्थान के अनुसार खाने के लिए अभ्यस्त है और वह क्रम शायद ही कभी बाधित होता है, केवल उन मनुष्यों को छोड़कर जो किसी जादुई सूत्र का पालन करते हैं ताकि वे एक निश्चित आकार और रूप में आ सकें। इसलिए सोशल मीडिया पर सुंदरता के मानदंडोद्वारा परिभाषित सुंदरता की इस तात्कालिकता को दीर्घकालिक और स्थायी खाने की आदतों के लिए आदान-प्रदान करने की आवश्यकता है। इसके लिए व्यक्ति को स्वच्छ, वास्तविक और स्वस्थ भोजन के दायरे में जाने की जरूरत है। अब इसे स्पष्ट करते हैं :

फिट और स्वस्थ होना पतला या साइज जीरो होने का पर्याय नहीं है। कोई कितना स्वस्थ या फिट है, इसका माप वास्तव में कई मापदंडों द्वारा नियंत्रित होता है - आपकी ऊर्जा का स्तर, नींद का पैटर्न, महिलाओं में मासिक चक्रीय पैटर्न, हार्मोनल स्वास्थ्य, ऑटोइम्यून बीमारियों की प्रवृत्ति, निर्भरता या लत आदि।

स्वस्थ और फिट रहना एक समग्र घटना है जिसे केवल एक आहार से प्राप्त नहीं किया जा सकता है, एक सनक आहार की तो बात ही छोड़ दें। इसके लिए खुद की गहरी समझ, शारीरिक कार्यों के बारे में जागरूकता और भोजन या भावनाओं या परिश्रम के रूप में उत्तेजना के प्रति प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है।

यह जागरूकता रातोंरात नहीं बल्कि समय के साथ विकसित होती है जो अच्छे स्वास्थ्य के लिए चालक बन सकती है। सनक आहार आमतौर पर या तो एक चीज में समृद्ध होते हैं या दूसरे में कम होते हैं, वे कुछ मैक्रो प्रकारों के लिए भारी रूप से तिरछे होते हैं या विशिष्ट लक्ष्य-चालित होते हैं। उदाहरण के लिए, कीटो आहार अच्छे वसा और प्रोटीन पर उच्च और कार्बोहाइड्रेट पर कम होता है और इसलिए यह शरीर को कार्बोहाइड्रेट दहन के बजाय ऊर्जा के लिए

वसा जलने के लिए किटोसिस मोड में भेजता है। यह आहार मूल रूप से मिर्गी और संबंधित मिर्गी संबंधी विकारों से लड़ने के लिए तैयार किया गया था।

तो क्या एक नियमित व्यक्ति के लिए इस आहार का सहारा लेना सामान्य लगता है, जल्दी चर्बी घटाने के उद्देश्य से या यहां तक कि इसे जीवन के एक तरीके के रूप में अपनाने के लिए? सेलुलर स्तर पर हमारा शरीर माइटोकॉन्ड्रिया ऑर्गेनेल से संपन्न होता है जो सेल के लिए एटीपी (एडेनोसिन ट्राइफॉस्फेट - हमारी ऊर्जा मुद्रा) का उत्पादन करने के लिए कार्बोहाइड्रेट का ऑक्सीकरण करता है। कीटो डाइट में हम लो कार्ब इन्फ्यूजन को बनाए रखते हैं। और इस प्रकार, पोषक किटोसिस के दौरान कार्बोहाइड्रेट की कम उपलब्धता और माइटोकॉन्ड्रियल अनप्लगिंग में वृद्धि एटीपी उत्पादन में गिरावट का सुझाव देती है, कम से कम प्रतिपूरक अनुकूलन होने तक। यह एक जटिल प्रक्रिया है और कुछ ऐसा लगता है जो मानव शरीर के लिए काम करने का सबसे स्वाभाविक तरीका नहीं है। कंप्यूटिंग भाषा में यह कोड को ओवरराइड करने जैसा है।

तो किसी को प्राकृतिक आवास संचालित खाने पर एक सनक प्रेरित आहार के गुण और नुकसान को समझना चाहिए।

इष्टतम प्रदर्शन और अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त करने के लिए आंदोलन और अच्छी पोषण प्रथाएं सर्वोत्तम उपकरण हैं, लेकिन जीवन का एक तरीका बनने के लिए इसे निरंतरता के साथ पालन करने की आवश्यकता है। अच्छी और टिकाऊ खाने की प्रथाएं आंत में अच्छे माइक्रोबायोम बनाती हैं, जो एक खुश और स्वस्थ आंत बनाती है, जो बदले में मस्तिष्क और शरीर के अधिकांश कार्यों और हार्मोनल स्वास्थ्य से निकटता और सूक्ष्म रूप से संबंधित होती है।

जब आंत और अंतःस्रावी तंत्र क्रम में होते हैं, तो किसी के लिए अतिमानव की तरह महसूस न करने की संभावना बहुत कम होती है। अच्छे स्वास्थ्य का परिणाम प्रदर्शन में वृद्धि, सतर्कता, चपलता, ध्यान, शांति एक ही बार में होता है और यहां तक कि आपकी मानसिक क्षमताओं को भी बढ़ाता है ताकि व्यक्ति स्पष्ट और बेहतर सोच सके।

संक्षेप में, यही अच्छा स्वास्थ्य है - जिस प्रकार मठवासी बोलते हैं। कहा जाता है कि आप वही हैं जो आप खाते हैं। आप जितना साफ-सुथरा खाना शुरू करेंगे, आपके आंतरिक कार्य उतने ही बेहतर होंगे और जीवन में आपका प्रदर्शन और स्पष्टता उतनी ही बेहतर होगी। कल्पना कीजिए कि आप समय, ऊर्जा और संसाधनों की बचत कर सकते हैं, जब आप समय-समय पर डॉक्टरों के पास नहीं जाते हैं, साधारण भोजन और रहन-सहन के मानदंडों पर पूरी तरह से उत्पादक और स्वस्थ होकर, आहार योजनाओं और विशेषज्ञ परामर्श पर खर्च नहीं करते हैं। अच्छी खाने की आदतों के बारे में समझ और जागरूकता पैदा करनी चाहिए ताकि जीवन में बहुत सारी पकड़ मिट जाए क्योंकि आत्म-जागरूकता और आत्मविश्वास ही आपको खुद पर विश्वास करने के लिए पर्याप्त है।

अच्छा स्वास्थ्य, अच्छा रूप, अच्छा आकार और संरचना प्राप्त करने में समय लगता है। यह एक बार में एक झटके के आकार में एक मोनोलिथ को छेनी देने के बराबर है। मूर्तिकार इसे बेहतरीन मूर्तियों के उभरने के लिए दिनों और महीनों और वर्षों में लगन से करता है। इसी तरह अगर कोई आपसे कहता है कि कुछ दिनों या महीनों में एक निश्चित प्रकार का रूप, सिक्स पैक, आठ पैक, आदि प्राप्त किया जा सकता है, तो कृपया दावे पर सवाल उठाएं। जानिए किस कीमत पर? पॉलिसी खरीदने के समान उत्तर की तलाश करें - अपने आप से पूछें कि आपकी मासिक ईएमआई या आउटगोइंग क्या है और आप लंबी अवधि में क्या करते हैं। सनक आहार के साथ दीर्घकालिक संभावित स्वास्थ्य योजनाएं संभव नहीं हैं, योजना बनाना और लगन से निवेश करना सबसे अच्छा है। अनुशासन विकसित करें और स्वस्थ आदतों को विकसित करें।

अच्छे और स्वच्छ भोजन की सरल आदतें जो परिणामदायी होती हैं :

- खूब हाइड्रेट करें। एक दिन में चार से पांच लीटर का लक्ष्य रखें।
- चीनी का सेवन कम करें या कम से कम करें।
- कम खाएं, भूख लगने पर खाएं। जमाखोरी न करें।
- कम खाना भूख से अलग है। अपनी शारीरिक गतिविधि के अनुपात में खाएं न कि घड़ी और भोजन के समय के अनुसार।
- कम खाने से कभी किसी को तकलीफ नहीं होती। अधिक या अधिक खाने से कष्ट होता है।
- अपने आहार में अच्छे वसा शामिल करें - बादाम, अखरोट, घी, पनीर, मक्खन और बहुत कुछ।
- खाना पकाने के लिए हाइड्रोजनीकृत वनस्पति तेल या उच्च तापमान पर खाना पकाने के लिए जैतून के तेल का उपयोग बंद करें।
- भोजन को उसके प्राकृतिक रूप के सबसे करीब से करें उदा। सॉसेज के ऊपर साबुत चिकन, आटे/गेहूं के ऊपर चावल, जूस के ऊपर फल वगैरह।
- मिठाइयों को उत्सव माना जाता है। उन्हें ऐसा ही रखें - अवसर और त्यौहार।
- प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड से बचें।
- भोजन स्वभाव से खराब होता है इसलिए उच्च शेल्फ जीवन के साथ पैक की गई किसी भी चीज में रसायन होना चाहिए और यह प्राकृतिक नहीं हो सकता। बचें।

मस्तिष्क के लिए बलदायक खाद्य वस्तुएं

सही भोजन आपकी याददाश्त, एकाग्रता और सेरेब्रम फंक्शन को बेहतर बनाने में आपकी मदद कर सकता है। शरीर के बाकी हिस्सों की तरह, यह हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन से पोषक तत्वों को अवशोषित करता है। इसलिए बच्चों के लिए अत्यधिक पौष्टिक भोजन का सेवन करना बहुत जरूरी है जो दिमाग को तेज करने वाला होता है। डायटीशियन विधि चावला कुछ ऐसी सलाह देती हैं जो जरूरी हैं।

अंडे

अपने बच्चे की नाश्ते की प्लेट में कार्ब्स, प्रोटीन और थोड़ी मात्रा में स्वस्थ वसा भरने से उसे पूरे दिन ऊर्जावान रहने में मदद मिलेगी। अंडे प्रोटीन में उच्च होते हैं और अतिरिक्त बोनस के रूप में उनमें कोलीन होता है, जो स्मृति को सहायता करता है।

तेल वाली मछली

तैलीय मछली में ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक होती है और यह मस्तिष्क के विकास और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। ओमेगा -3 फैटी एसिड कोशिका के निर्माण खंडों के आवश्यक घटक हैं। मछली जैसे सैल्मन, मैकेरल, ताजा टूना, ट्राउट, सार्डिन और हेरिंग ओमेगा -3 फैटी एसिड में उच्च होते हैं और सप्ताह में एक बार इसका सेवन करना चाहिए।

ओट्स/ओटमील

दलिया और जई मस्तिष्क के लिए ऊर्जा और %ईंधन% के उत्कृष्ट स्रोत हैं। इनमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो बच्चों को संतुष्ट रखता है और उन्हें जंक फूड खाने से रोकता है। वे विटामिन ई, बी कॉम्प्लेक्स और जिंक में भी उच्च हैं, जो बच्चों के दिमाग को सर्वोत्तम तरीके से काम करने में मदद करते हैं। इसके ऊपर सेब, केला, ब्लूबेरी या यहां तक कि बादाम जैसे किसी भी टॉपिंग का प्रयोग करें।

रंगीन सब्जियां

रंगीन सब्जियां एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होती हैं, जो दिमाग की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करती हैं। टमाटर, शकरकंद, कद्दू, गाजर या पालक आपके बच्चे के आहार में शामिल करने के लिए कुछ सब्जियां हैं। सब्जियों को स्पेगेटी सॉस या सूप में शामिल करना आसान है।

दूध, दही और पनीर

दूध, दही और पनीर में प्रोटीन और बी विटामिन की मात्रा अधिक होती है, जो मस्तिष्क के ऊतकों, न्यूरोट्रांसमीटर और एंजाइम के विकास के लिए आवश्यक हैं, जो सभी मस्तिष्क में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन खाद्य पदार्थों में कैल्शियम भी अधिक होता है, जो मजबूत और स्वस्थ दांतों और हड्डियों के विकास के लिए आवश्यक है। बच्चों की कैल्शियम की आवश्यकताएं उनकी उम्र के आधार पर अलग-अलग होती हैं, लेकिन हर दिन दो से तीन कैल्शियम युक्त स्रोतों का सेवन करना चाहिए। अगर आपके बच्चे को दूध पसंद नहीं है तो चिंता न करें; अपने आहार में डेयरी को शामिल करने के अन्य तरीके हैं : दलिया, पुडिंग या पैनकेक बनाते समय पानी के बजाय दूध का उपयोग करें।

फलियां

बीन्स आपके बच्चों के लिए प्रोटीन और विटामिन और खनिजों का एक बड़ा स्रोत हैं। किडनी और पिंटो बीन्स में किसी भी अन्य बीन्स की तुलना में ओमेगा -3 अधिक होता है। सलाद पर मिश्रित बीन्स छिड़कें, उन्हें मैश करें और उन्हें पीटा पॉकेट्स पर फैलाएं, या उन्हें कटा हुआ सलाद और पनीर के साथ मिलाकर सही सैंडविच फिलर बनाएं।

औषधीय तेलों का महत्व

बालों की देखभाल और सामान्य स्वास्थ्य इन दिनों हर किसी के जीवन का हिस्सा है क्योंकि यह हमारे सौंदर्य दिनचर्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। बालों की देखभाल और इसे बनाए रखने से न केवल बालों को फायदा होता है बल्कि व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व में भी निखार आता है।

बालों का झड़ना, रूखापन, रूसी, समय से पहले सफेद होना और दोमुंहे बालों का झड़ना कुछ सबसे आम समस्याएं हैं जो एक भरपूर अयाल के सपने को तोड़ देती हैं। हमारी जीवनशैली और आनुवंशिक कारक यह निर्धारित करते हैं कि कौन सा रूटीन और उत्पादों का सेट हमारे लिए सबसे अच्छा काम करेगा। जंक फूड, प्रसंस्कृत और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों ने हमारे शरीर को आवश्यक पोषक तत्वों से वंचित कर दिया है जो बालों को पोषण और मजबूती प्रदान करते हैं, जिससे अतिरिक्त सहायता प्रदान करना उचित हो जाता है।

बाजार में इतने सारे बालों की देखभाल के समाधानों के बीच, एक विशेष दिनचर्या का पता लगाना एक चुनौती बन गया है। हालांकि, यह देखा गया है कि आज ज्यादातर लोग जैविक उत्पादों की ओर रुख कर रहे हैं।

जबकि अन्य बीमारियों के इलाज में रसायन एक पसंदीदा विकल्प है, हर कोई त्वचा और बालों की देखभाल के लिए उनका उपयोग करने से घृणा करता है। आयुर्वेद, सदियों से भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली, बालों के विकास और रखरखाव के लिए विभिन्न उपचार प्रदान करती है।

आयुर्वेदिक बालों की देखभाल के तरीकों को हमारी जीवनशैली के साथ इस तरह से जोड़ा गया है कि हर घर में उनका उपयोग हो सकता है। दवा निर्माता कंपनियों ने भी त्वचा और बालों की देखभाल में जैविक उत्पादों के अपार लाभों के आगे घुटने टेक दिए हैं।

कुछ सबसे प्रमुख जड़ी-बूटियां जो हमारे बालों को फिर से जीवंत कर सकती हैं, वे हैं आंवला, जोजोबा, भृंगराज, नारियल का तेल, तिल का तेल और नींबू का तेल आदि। ये प्राकृतिक तत्व आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं जो हमारे बालों को समृद्ध कर सकते हैं और हमारी खोपड़ी का इलाज कर सकते हैं।

आंवला : वंडर फ्रूट आंवला विटामिन सी, विटामिन ए, पॉलीफेनोल्स, अमीनो एसिड, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, मैग्नीशियम, आयरन, पोटेशियम और कैल्शियम जैसे आवश्यक पोषक तत्वों का भंडार है। आधुनिक चिकित्सा अनुसंधान ने साबित कर दिया है कि आंवला में पुरुष गंजापन से जुड़े 5-अल्फा रिडक्टेस को रोकने की क्षमता है। आंवला का उपयोग खोपड़ी और बालों को मजबूत करने, बालों के विकास को प्रोत्साहित करने, बालों के झड़ने को कम करने, बालों (ग्रेइंग) से समय से पहले रंगद्रव्य हानि को कम करने, शुष्क खोपड़ी, रूसी, फंगल या जीवाणु बालों और खोपड़ी के संक्रमण को रोकने और उनका इलाज करने के लिए किया जा सकता है और समग्र रूप में सुधार कर सकता है। आपके बाल।

भृंगराज : सूरजमुखी परिवार से आने वाले इन फूलों को अक्सर जड़ी-बूटियों का राजा कहा जाता है। भृंगराज तेल विटामिन डी, विटामिन ई, आयरन, मैग्नीशियम और कैल्शियम से भरपूर होता है। यह बालों के झड़ने को रोकता

है, बालों की मात्रा बढ़ाता है, शुष्क खोपड़ी का इलाज करता है, बालों का समय से पहले सफेद होना और रक्त परिसंचरण में सुधार करते हुए रूसी को कम करता है जो बालों को पोषण देता है और इसके विकास में सहायता करता है।

जोजोबा: अक्सर बेर के साथ भ्रमित, ये झाड़ियाँ उत्तरी अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी भाग से आती हैं। वे एरिज़ोना, मैक्सिको और दक्षिणी कैलिफोर्निया के मूल निवासी हैं। जोजोबा फलों के तेल जैसे मोम के अर्क का उपयोग बाल और सौंदर्य उत्पाद बनाने में किया जाता है। यह फल विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ई, जिंक और कॉपर से भरपूर होता है। जोजोबा तेल बालों को मजबूत बनाता है, और इस प्रकार, यह बालों के झड़ने को रोक सकता है; यह रूखेपन को कम करने के लिए खोपड़ी और बालों के रोम को भी मॉइस्चराइज़ करता है। इन निहित गुणों ने इसे बालों के तेल और कंडीशनर का एक लोकप्रिय घटक बना दिया है।

जबकि अन्य बीमारियों के इलाज में रसायन एक पसंदीदा विकल्प है, हर कोई त्वचा और बालों की देखभाल के लिए उनका उपयोग करने से घृणा करता है। आपके सुंदर बालों को संरक्षित करने के लिए कुछ प्राकृतिक उपचार सुझा रही हैं, सारदा अनास्तासिया वॉन सोन।

नारियल का तेल : नारियल का तेल फैटी एसिड जैसे लॉरिक एसिड, मिरिस्टिक एसिड, कैप्रिक एसिड, कैप्रिलिक एसिड और स्टीयरिक एसिड का एक समृद्ध स्रोत है। तेल एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसमें एंटी-फंगल, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं। इसमें बालों के समान लिपिड संरचना होती है, और इस प्रकार, यह बालों में प्रवेश कर सकती है। यह उपलब्ध सर्वोत्तम प्राकृतिक कंडीशनरों में से एक है और हर घर में सबसे प्राथमिक बालों की देखभाल के संसाधनों में से एक है। नारियल का तेल बालों को मॉइस्चराइज़ कर सकता है, रूखेपन और रूसी को रोक सकता है, बालों के टूटने को रोकने के लिए दोमुंहे बालों की मरम्मत कर सकता है और उन्हें रोक सकता है।

तिल का तेल : तिल प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और विटामिन बी, विटामिन ई, कैल्शियम और कुछ अन्य खनिजों का स्रोत होता है। तिल के तेल के मॉइस्चराइजिंग गुण इसे एक डीप कंडीशनर बनाते हैं जो रूखेपन को रोकता है और बालों को जड़ों से मजबूत बनाता है।

नींबू का तेल : नींबू का तेल रोगाणुरोधी तत्वों का एक पावरहाउस है। यह परतदार त्वचा को साफ करने में मदद करता है, पीएच संतुलन को बहाल करता है और बनाए रखता है जो तेल के निर्माण को कम कर सकता है जो एक स्वस्थ खोपड़ी के लिए आवश्यक है।

लेमनग्रास ऑयल : लेमनग्रास ऑयल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। यह डैंड्रफ को दूर करता है, स्कैल्प को पोषण देते हुए एक फ्लेक-फ्री स्कैल्प प्रदान करता है। यह खुजली को दूर कर स्कैल्प की जलन से राहत दिला सकता है।

लैवेंडर का तेल : लैवेंडर का तेल एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक है जो आपकी खोपड़ी को चिकनाई और बालों को पोषण देते हुए रक्त परिसंचरण में सुधार करने में मदद कर सकता है।

जबकि इनमें से कई को सीधे खोपड़ी और बालों पर लगाया जा सकता है, इनमें से कुछ अवयवों को आवेदन के लिए वाहक तेल जैसे नारियल तेल, सूरजमुखी तेल और जोजोबा तेल की आवश्यकता होती है। वाहक तेलों के साथ, उन्हें बालों की देखभाल के लिए प्राथमिक या आवश्यक तेलों के रूप में माना जा सकता है, और स्वस्थ और चमकदार बालों को बनाए रखने के लिए उनका तेजी से उपयोग किया जाना चाहिए। इन आवश्यक तेलों के नियमित आवेदन के साथ खराब बाल दिन अतीत की बात बन जाएंगे।

वैक्सीनेशन की बर्बादी को लेकर भाजयुमो का अनूठा विरोध

■ शहर के चौक-चौराहों पर लगाए होर्डिंग

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

वैक्सीनेशन में टीकों की बर्बादी को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने अलग ही तरह के विरोध की रणनीति अपनाई है। भाजयुमो ने शहर के मानव मंदिर चौक सहित कई प्रमुख जगहों पर होर्डिंग में बैनर-पोस्टर चस्पा करवाते हुए वैक्सीन की बर्बादी का ठीकरा कांग्रेस सरकार पर फोड़ा है। लेकिन इस बार भाजयुमो ने इस मामले में कटाक्ष का दूसरा ही तरीका चुना है। जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह की ओर से चस्पा करवाए गए इन पोस्टरों में छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की तस्वीरों के साथ वैक्सीन बर्बाद करने के लिए बधाई दी गई है।

गौरतलब है कि 25 मई तक के आंकड़ों में देश के सभी राज्यों में वैक्सीन बर्बाद करने के मामले में छत्तीसगढ़ दूसरे नंबर पर रहा था। जिसे लेकर भाजयुमो अब उन्हें निशाने पर ले रही है। उस दौरान यहां 30.2 प्रतिशत वैक्सीन की बर्बाद होने के आंकड़े सामने आए थे।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर ने कहा कि, छत्तीसगढ़ सरकार लोगों के स्वास्थ्य से बहुत बड़ा खिलवाड़ कर रही है। वैक्सीन की इतनी बड़ी तादाद में बर्बादी एक गंभीर मसला है। लेकिन सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता को पता होना चाहिए कि किस तरह उनके स्वास्थ्य के लिए सबसे जरुरी पक्ष से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के आंकड़े भी सामने आ चुके हैं। भाजपा और भाजयुमो ने इस मामले में बड़ा प्रदर्शन किया था। देखा जाए तो सरकार इस हर मामले में विफल है। मोनू बहादुर ने कहा कि कोविड काल में लोगों की सुरक्षा के लिए सबसे जरुरी और उपयुक्त है टीकाकरण। ऐसे अहम और कीमती टीकों की बर्बादी से छत्तीसगढ़ की देशभर में बदनामी हो रही है।

कांग्रेस के कार्यकाल में जनता त्रस्त, योजनाएं फेल : सांसद संतोष पांडे

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के ढाई साल के कार्यकाल को भाजपा ने कठघरे में खड़ा करते हुए कई आरोप लगाए हैं। जिला भाजपा की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद संतोष पांडे सहित अन्य नेताओं ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि सिवाए धोखे के इस सरकार के कार्यकाल में जनता को और कुछ नहीं मिला। कई विषयों पर नेताओं ने सरकार की आलोचना की है। राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डे ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि प्रदेश की जनता इस कांग्रेस के ढाई साल में ही इतनी त्रस्त हो गई है कि वह अब सोचने लगी है कि बचे हुए ढाई साल कैसे निकलेंगे। सांसद ने शराब बंदी, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता न देना जैसे कई मुद्दों पर आरोप लगाया कि योजनाओं का सही क्रियान्वयन नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जन घोषणा पत्र मात्र छलावा साबित हुआ है। सांसद ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं पर अत्याचार में बढ़ोतरी हुई है प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है , यह सरकार सिर्फ ट्रांसफर और पोस्टिंग में ही व्यस्त है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में हुई बेतहाशा वृद्धि के सवाल पर उन्होंने कहा कि पूरे देश मे जो सड़कों का निर्माण हो रहा है उसमें इन पैसों का उपयोग किया जा रहा है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने एक नारा दिया था। पत्रकारवार्ता के दौरान जिला महामंत्री सचिन सिंह बघेल, संतोष अग्रवाल, भरत वर्मा, रमेश पटेल, पवन मेश्राम सहित अन्य नेता मौजूद थे। सांसद ने कहा कि आगे शक्ति केंद्र स्तर पर भी ग्रामीणजनो की बैठक आयोजित की जाएगी तथा सरकार की असफलता को सबके सामने रखा जाएगा ।वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव की प्रेस कांफ्रेंस में अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।

कांग्रेस सेवादल ने सादगीपूर्ण मनाया महापौर का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विश्व पर्यावरण दिवस पर जारी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की मंशानुरूप बीते दिनों शहर जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष बबलु कसार के नेतृत्व मे शहर की महापौर हेमा सुदेश देशमुख के जन्मदिन के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए स्थानीय वार्ड नम्बर 21 मेडिकल वार्ड स्थित गोधन खरीदी केन्द्र मे फलदार पेड़ पौधो का वृक्षारोपण किया गया। जिसमे वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि कमलेश गोलु साहु सहित स्वच्छता दीदी जन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कसार ने बताया कि जिस तरह देश वर्तमान मे कोरोना महामारी की दूसरी लहर

मे आक्सीजन ना मिल पाने के कारण हम सभी ने अपने अपने परिवार के सदस्यो को मौत के मुह मे जाते देखा उसका मुख्य कारण पेड़ पौधो का ना होना है। चूंकि पेड़ पौधे हमे मुफ्त मे आक्सीजन प्रदान करते है इसलिए आप सभी नागरिको से विनती है अपने घर आंगन के आसपास तालाब कुआ बोरिंग किनारे पीपल बरगद करण पदम एवम उच्च फलदार वृझ जरूर लगाएं।

पुलिस ने नक्सल सहयोगी को विस्फोटक बनाने की सामग्री सहित दबोचा

■ ग्राम परदोनी इलाके से गिरफ्तारी की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर क्षेत्र में नक्सल सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की शाम एक व्यक्ति को मानपुर इलासके से गिरफ्तार किए जाने की खबर ने खलबली मचा दी थी। पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया है कि उक्त व्यक्ति नक्सल सहयोगी है जिसे मुखबीर से मिली सूचना के बाद गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सुनियोजित तरीके से घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सक्रिय नक्सली सहयोगियों द्वारा मानपुर व आस-पास के बाजारों से दैनिक उपयोग की वस्तुएँ व विस्फोटक सामग्री एकत्र कर नक्सलियों तक पहुचाने की सूचना हमेशा मिलती रहती हैं। मानपुर व सीमावर्ती क्षेत्रों के थाना प्रभारी वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर इस तरह के काम करने वालों पर नजर रखे हुए थे। मुखबिर से सूचना मिली थी की एक व्यक्ति इसी तरह का सामान लेकर परदोनी की ओर मोटरसाइकिल से जा रहा है।

बताया गया कि इस सूचना पर मानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण केंवट के नेतृत्व में पतासाजी के लिए बल रवाना किया गया। जिसने ग्राम परदोनी के पास घेराबंदी कर रोका तथा पूछताछ की युवक ने अपना नाम दिलीप दुग्गा पिता चमरू उम्र 23 वर्ष निवासी बुकमरका बताया। तलाशी लेने पर एक स्टील डब्बा में लगभग 1.5 किलो बारूद , 5 नग डेटोनेटर, 2 नग अम्बोस कंपनी का बैटरी, 2 नग प्रेशर कुकर, 4 बंडल वायर, 6 नग एवरेडी का छोटा टार्च, 2 नग एम सील, लगभग 20 छोटा सेल , सेलो टेप 21 नग नक्सली साहित्य पाम्पलेट जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने बताया कि वह यह सामान वह नक्सलियों के लिए ले जा रहा था। आरोपी दिलीप दुग्गा को विभिन्न धाराओं के तहत मानपुरा थाना द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

विधायक ने शोकाकुल सामाजिक कार्यकर्ता से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की

पायनियर संवाददाता ◂ छुरिया
www.dailypioneer.com

विधायक छन्नी चन्दू साहू ने कल्लूटोला के शोकाकुल सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्याख्याता उद्धव सिंह ठाकुर एवं उनके शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उनके माताजी अंकलहीन ठाकुर के निधन पर शोक संवेदना प्रकट कर ढांढस बंधाया। गत दिनों आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र कल्लूटोला के महामंत्री, सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्याख्याता उद्धव सिंह ठाकुर के माताजी का बीमारी के चलते इलाज के दौरान निधन हो गया था। सामाजिक कार्यकर्ता उद्धव सिंह ठाकुर के माताजी की निधन का खबर पाकर खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विधायक छन्नी चन्दू साहू ने कांग्रेस नेताओं एवं सरपंच के साथ उद्धव सिंह ठाकुर

के निवास ग्राम कल्लूटोला जाकर शोक संवेदना प्रकट की। इस अवसर प्रमुख रूप से ब्लाक कांग्रेस कमेटी छुरिया के अध्यक्ष रितेश जैन, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव युवना साहू, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता भीखम देवांगन, स्थानीय सरपंच हौसी लाल साहू , वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्राम पटेल ऋषि हिरवानी सहित शोकाकुल ठाकुर परिवार के लोग उपस्थित रहे।

डाक्टर, नर्स, और हितग्राहियों से विधायक, महापौर ने कटवाये केक

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम दुर्ग में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के 6 माह में 35 हजार गरीब लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुँचायें जाने पर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त हरेश मंडावी के द्वारा यूनिट के योद्धा डाक्टर, नर्स, और हितग्राहियों से इस उपलब्धि के लिए केक कटवाकर सेलिब्रेट किया गया । इस मौके पर सभापति राजेश यादव, स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर, लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, एल्डरमेन अंशुल पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी सहित स्लम स्वास्थ्य योजना मेडिकल यूनिट के डाक्टरर्स, नर्स, तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन उपअभियंता एवं सहा0 भवन अधिकारी गिरीश दीवान द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की मेडिकल यूनिट ने शहर में बदली स्थिति- कार्यक्रम में विधायक अरुण वोरा ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना से शहर में गरीब तबके के 35 हजार लोगों को स्वास्थ्य लाभ, एवं प्रदेश में 5 लाख लोगों को लाभ पहुँचाये जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई और धन्यवाद देते हुये दुर्ग शहर के मोबाईल यूनिट को शुभाकामनाए दी। उन्होंने कहा मोबाइल यूनिट झुग्गी बस्तियों में निवासरत लोगों तक जाकर नियमित जांच उपचार व दवा का लाभ तो दिया है उन्होंने कोरोना काल में भी संक्रमण को नियंत्रित करने में बेहतर साबित हुआ है। शहर के पूरे 60 वार्डो के स्लम क्षेत्रों में 10 हजार शिविर का आयोजन कर 35 हजार लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाया गया है। इस दौरान गरीब हितग्राहियों को मुफ्त जांच, उपचार, और दवा की सुविधा दी गई । राज्य स्थापना दिवस 01 नवंबर 2020 से प्रदेश में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ किया गया है । दुर्ग के स्लम बस्तियों में कैम्प लगाकर मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाए दी गई। इस कार्य में फार्मासिस्ट, मुफ्त लैब जांच, टेक्निशियन एएनएम तथा एमएमयू चालक ने सेवाए दी है । उन्होंने इस कार्य के लिए मोबाइल यूनिट टीम की प्रशंसा कर उनके कार्यो का सराहा तथा उन्हें गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया ।

शहर के 35 हजार लोगों को को स्वास्थ्य लाभ देना बड़ी बात- इस मौके पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा यह मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी योजना है जिसमें 28 प्रकार की जांच और ईलाज की सुविधा 35 हजार लोगों ने उठाया है । इतनी बड़ी संख्या में लोगों को लाभ पहुँचाना बड़ी बात है। कोरोना काल में भी मोबाइल यूनिट के योद्धा निडर होकर गरीब लोगों में संक्रमण को नियंत्रित करने में सहायक बने हैं। मैं सभी को बधाई और शुभकामनाए देता हूँ । मोबाइल यूनिट के योद्धाओं ने शिविरों में खून, मल-मूत्र, थूक, टीबी, थायराइड, मलेरिया, टाईफाईट, ब्लड प्रेशर, शूगर आदि की जांच कर ईलाज किये। जो प्रशंसा के पात्र है ।

पैलेट प्लांट के लिए संरक्षित भूमि पर भूमिपूजन एवं का शिलान्यास किया

सेल चेयरमैन सोमा मंडल अपने प्रथम भिलाई प्रवास पर राजहरा माइंस पहुंची

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल चेयरमैन सोमा मंडल 11 जून को अपने प्रथम भिलाई प्रवास पर राजहरा माइंस पहुंची। सर्वप्रथम उनका स्वागत रायपुर एयरपोर्ट पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। राजहरा के गेस्ट हाउस पहुंचने पर उनका स्वागत माइंस बिरादरी के साथ-साथ संयंत्र के ईडी (एमएम) राकेश कुमार तथा ईडी (प्रोजेक्ट) ए के भट्टा ने किया। इसके साथ ही सेल के निदेशक (टेक्निकल व रा-मटेरियल) हरिनंद राय का भी स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त सेल कॉरपोरेट ऑफिस से पधारे ईडी (ऑपरेशन) देवदास जी का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीजीएम (माइंस) तपन सूत्रधार,सीजीएम(रावघाट माइंस) समीर स्वरूप, सीजीएम (सेट) अनुराग उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित थे।

माइंस भ्रमण के दौरान सेल चेयरमैन सोमा मंडल ने खदान की कार्य प्रणाली तथा दल्ली यंत्रिकृत खान में लगने वाले दो महत्वपूर्ण परियोजना स्थल का निरिक्षण किया। इन परियोजनाओं में पहली महत्वपूर्ण परियोजना वर्तमान क्रशिंग एवं स्क्रीनिंग प्लांट के विस्तार स्वरुप एक सिलिका रिडक्शन प्लांट लगाने की है

जिसके द्वारा खदान के निम्न गुणवत्ता वाले अयस्क को भी भिलाई इस्पात सयंत्र के लिए उपयोगी बनाया जा सकेगा। आयरन-ओर में सिलिका के कम होने से लौह अयस्क के गुणवत्ता में वृद्धि होगी जो हमारे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करेगा।

दूसरी महत्वपूर्ण परियोजना जिसका सेल चेयरमैन ने निरीक्षण किया वह है बू-बेसिस पर लगने वाले एक मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता वाले पेलेट प्लांट जिसके द्वारा हित्कासा बांध में वर्षों से पड़े स्लैम का उपयोग पैलेट बनाने में किया जायेगा जिससे भिलाई इस्पात सयंत्र को अयस्क की आपूर्ति में मदद मिलेगी। निरीक्षण के साथ उन्होंने पैलेट प्लांट के लिए संरक्षित भूमि पर भूमिपूजन एवं का शिलान्यास किया। दोनों ही परियोजनाओं के सम्बन्ध में उन्होंने विस्तृत जानकारी ली तथा इन परियोजनाओं को तय सीमा में पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारीयों को निर्देश दिए। सेल चेयरमैन श्रीमती सोमा मंडल ने माइंस के यूनियन प्रतिनिधियों से बैठक ली। इस बैठक में कमलजीत सिंह मान, राजेंद्र कुमार बेहरा, प्रकाश सिंह क्षत्रि, पुरुषोत्तम सिमैया, तिलक राम मानकर, तेजेंद्र प्रसाद, गणेश राम चौधरी, एमपी सिंह,लखन लाल चौधरी शामिल थे। इस बैठक में वेज रिवीजन, अनुकंपा नियुक्ति, एनपीएस पेंशन, ठेका श्रमिकों के मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी बैठक की गई जिसमें नगर पालिका के अध्यक्ष शिबू नायर सहित संतोष देवांगन,अनिल खोबरागड़े, मोनू चौधरी, परितोष हंसपाल सोहेल खान, अशोक बमेश्वर उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोगों ने किया ऑनलाइन पंजीयन

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21 जून 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित होने वाले 'छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन' को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मैराथन के लिए अब तक 40 हजार से अधिक लोगों द्वारा इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन किया गया है।

इस मैराथन में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागी 15 जून 2021 तक पंजीयन कर सकते है। सभी पंजीयनकर्ताओ को डिजिटल प्रणाम पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही हर जिले के प्रथम 100 पंजीयन को टीशर्ट प्रदान किया जाएगा। समाज

कल्याण विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आयोजित 'छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन' में भाग लेने हेतु आवेदक को योगासन करते हुए अपना फोटो/वीडियो अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर हैशटेग रुलवहूपजीबींजजपेहंती के साथ शेयर करना है। इसके अलावा प्रतिभागी अपना फोटो/वीडियो मेल भी कर सकते हैं।

क्विक न्यूज

अवैध शराब पर चला अभियान, 1,546 लीटर अवैध शराब जप्त

- **आबकारी एक्ट के अजमानती प्रकरणों में 58 व्यक्ति भेजे गए जेल, दूसरी फेज में संक्रमित हुए जिला पुलिस के जवान वापस लौटे ड्यूटी पर**

रायगढ़। अवैध शराब के विरूद्ध 10 दिनों के चालाए गए विशेष अभियान में 228 प्रकरणों में 232 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है, जिसमें जप्त शराब की मात्रा 1,546 लीटर है। इन कार्रवाहियों में आबकारी एक्ट के अजामनतीय धाराओं के तहत की गई कार्यवाही में 58 आरोपियों को जेल भेजा गया है। कोविड-19 की प्रथम लहर एवं द्वितीय लहर में अब तक कोविड से जिले में जिला पुलिस के 319 पुलिसकर्मी संक्रमित हुए, जिसमें 317 स्वस्थ होकर वापस अपनी ड्यूटी पर हैं, 02 पुलिसकर्मी कोविड-19 से अपनी जान गंवाएं हैं। प्रथम लहर में लॉकडाउन के उल्लंघन पर जिले के विभिन्न थानाक्षेत्र में धारा 269,270,188 आईपीसी के तहत 103 प्रकरण दर्ज किये गए हैं, जबकि द्वितीय लहर में अब तक लॉकडाउन के उल्लंघन पर धारा 269,270 के 135 प्रकरण दर्ज किये जा चुके हैं। इसके अलावा जिला पुलिस माह अप्रैल से 09 जून तक 24,252 व्यक्तियों पर बिना मास्क के तहत जुर्माना कार्रवाई कर शासन के खाते में राशि जमा कराया गया है। सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिना मास्क की कार्रवाई जारी रहेगी।

महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी एवं रजनीश सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा भूपेश सरकार का आधा कार्यकाल खत्म, घोषणाओं पर अमल नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

गंगाजल हाथ में लेकर किए गए तमाम घोषणाओं की जिस तरह से इस सरकार ने अवहेलना की है वैसा अन्य उदाहरण देश में और कहीं नहीं है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का आधा कार्यकाल खत्म हो चुका है अब इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है ढाई वर्ष का यह कालखंड जनता से किए सभी वादे को तोड़ने धोखाधड़ी, विश्वासघात और अराजकता के काले अध्याय के रूप में ही जाना जाएगा। यह बातें भूपेश बघेल सरकार के 17 जून को ढाई वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भाजपा के महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी एवं बेलतरा विधायक रजनीश सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कही।

जिला भाजपा कार्यालय मुंगेली पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेताओं ने आगे कहा कि कांग्रेस की विफलताओं की गाथा अनंत है शराब के मामले में सरकार का जो आचरण रहा है उसकी जितनी भर्त्सना की जाए वह कम है ऐसा लगा कि शराब बेचकर अवैध कमाई करना सरकार का लक्ष्य रखा गया है पूर्ण शराबबंदी का वादा करने वाली सरकार ने शराब को होम डिलीवरी के माध्यम से घर-घर पहुंचाना शुरू कर दिया,इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है इसके प्रदेश में इतने दुष्प्रभाव रोज दिख रहे हैं, महासमुंद में एक ही परिवार के 6 लोगों की आत्महत्या की ह्रदय विदारक खबरें आयी। शराब के ही दुष्प्रभाव ग्रसित एक मुखिया से पीड़ित एक परिवार की मां और उसकी चार बेटियों की जान ट्रेन की पटरी में चली गई। नकली शराब पीने से मौतों का बहाना बनाकर शासन ने इस कोरोना काल में दोबारा शराब की होम डिलीवरी शुरू कर शराब के दुष्प्रभाव पर भी इन्हें शर्म नहीं आएगी? कोरोना के कठिन समय में जब व्यक्ति इलाज के लिए परेशान था तब दवा के बदले दारू घर घर पहुंचाना जिस शासन की प्राथमिकता हो उसे और क्या कहें? शांति का टापू रहा अपना अपना छत्तीसगढ़ देखते ही देखते अपराधगढ़ में बदल गया। प्रदेश को अराजकता और अत्याचार का पर्याय बना दिया गया है रोज यहां औसतन 7 बलात्कार हो रहे हैं शासन के आंकड़े के अनुसार पिछले 2 वर्ष में प्रदेश में 1828 सत्या 1281 हत्या के प्रयास 4939 बलात्कार 12865 चोरी 133 डकैती और 855 लूटपाट के मामले दर्ज किए गए हैं यह तो किसी तरह दर्ज हो गए और इससे अनेक कई मामले हैं जो दर्ज नहीं हो पाए हैं। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के विधानसभा क्षेत्र पाटन के बठेना गांव में एक ही परिवार के पांच व्यक्ति के संदिग्ध मृत्यु। घर से 5 पृष्ठ का एक सुसाइड नोट भी बराबर होने का दावा पुलिस का, इसमें कथित तौर पर कर्ज और सूदखोरों की ओर से मिल रही प्रताड़ना का जिक्र है। इससे पहले दुर्ग जिले के खड़मुंडा गांव में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या हो गई थी । राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र के रूप में संरक्षण प्राप्त कोरवा जनजाति की नाबालिक बच्ची से सामूहिक दुष्कर्म और पिता बहन समेत उनकी नेशंस हत्या जशपुर की बेटी को 6 बार अलग-अलग लोगों के हाथों में बेचना और इससे तंग आकर सातवीं बार में युवती ने अंततः आत्महत्या कर ली। केशकाल में नाबालिग आदिवासी किशोरी से 7-7 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म कहीं से न्याय नहीं मिलने पर उसने भी आत्महत्या कर ली। किशोरी के पिता ने भी आत्महत्या की कोशिश की तब मामला सामने आया। इससे पहले प्रदेश के सरगुजा संभाग के धरमजयगढ़ में कांग्रेसी नेता और पूर्व जनपद सदस्य कोल माफिया अमृत तिर्की द्वारा किए दुष्कर्म की बात हो, सुकमा ,रायगढ़ बलरामपुर आदि की नृशंस घटना हो । नर्रा महासमुंद हुए वारदात की बात हो या अन्य हजारों मामले कहीं भी शासन के किसी भी जिम्मेदार व्यक्ति को फर्क नहीं पड़ा। कहां तो सत्ता के लिए किसानों को कर्ज मुक्त करने की बात कही थी कहां पूरे प्रदेश को ही कर्ज के जाल में उलझाया जा रहा है राज्य की प्रतिभूति (बांड)को भी नीलाम कर दिया गया है, पूरे प्रदेश की जमीन नीलाम की जा रही है। घोषणा पत्र में स्पष्ट वादा करने के बावजूद किसानों के 2 साल के बकाए बोनस का भुगतान नहीं किया। धान का रकबा लगातार मनमाने तरीके से कम किया जा रहा है। किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं पिछले ढाई वर्षों में करीब 300 किसानों ने आत्महत्या की है केवल 10 महीने में 141 किसानों की आत्महत्या की बात तो शासन ने भी स्वीकारी है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी जी,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपेश साहू जी, शहर मंडल अध्यक्ष मोतीलाल मोन्टी साहू जी,की सहमती से कमलेश वर्मा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा शहर मंडल बेमेतरा ने कार्यकारिणी की सूची जारी की जिसमे 3 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 3 मंत्री, 2 कोषाअध्यक्ष 2 मिडिया प्रभारी, 1कार्यालय मंत्री, 14 प्रमुख पदाअधिकारी बनाए गए है। सूची मे शहर मंडल उपाध्यक्ष पदुम वर्मा वार्ड नं 09, सुभम देवांगन वार्ड नं 10, धर्मेन्द्र साहू बने हैं वही 2 महामंत्री राकेश (टेकसिंग)वर्मा, सुरेन्द्र साहू चुने गए। शहर मंडल मंत्रियो मे 3 मिलन वर्मा, विजय साहू, टोमन देवांगन बनाया गया। कोषाअध्यक्ष पिन्टू साहू, शिवप्रताप वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप मानिकपुरी, अरुण यादव, कार्यालय मंत्री गजेन्द्र पटेल को नियुक्त किया गया है, इसके साथ 14 कार्यकारणी सदस्य की भी सूची जारी हुई देवनाथ पाल,रोशन साहू,कैलाश वर्मा, सुन्दर साहू,बिरेन्द्र वर्मा, ज्श्वंत साहू ,विजय साहू,अज्जू साहू,जनक साहू, संतोष साहू, गोपी वर्मा, मनहरन साहू,अजय वर्मा, बिसंभर यादव,को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया।इसी तरह 21 विषेश आमंत्रित सदस्य की सूची जारी किया गया। मदन वर्मा पूर्व पार्षद, शतरोहन निषाद पार्षद वार्ड नं 06, सजनी यादव पार्षद वार्ड नं 07, सन्तोष वर्मा महामंत्री, प्रकाश वर्मा भाजपा नेता, साजू राम वर्मा, परमानंद श्रीवास, सुखेन वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, निलेश वर्मा को बनाया गया। इसी तरह 14 स्थाई आमंत्रित सदस्य की घोषणा हुई।

बेमेतरा जिला अनलॉक, दुकानों के संचालन का समय सवेरे 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक

- **शासकीय कार्यालयों मे कर्मचारियों की उपस्थिति होगी शत-प्रतिशत**

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी भोसकर विलास संदीपान ने एक आदेश जारी कर पूर्व में घोषित कंटेनमेंट जोन (लॉकडाउन) की प्रक्रिया पर पुर्नविचार करते हुये छ.ग. राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप बेमेतरा जिला को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में बेमेतरा जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 25 मई 2021 को कुछ नियम शर्तों के साथ अनलॉक किया गया था। इसमे आंशिक संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है कि वर्तमान में बेमेतरा जिले में कोरोना संक्रमण की दर 08 प्रतिशत कम हो जाने पर पूर्व में घोषित कंटेनमेंट जोन (लॉकडाउन) की प्रक्रिया पर पुर्नविचार करते हुये छ.ग. राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप बेमेतरा जिला को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर राजस्व जिला बेमेतरा की सीमा के अंतर्गत निम्नानुसार आदेश पारित की जाती है:- जिसमें दुकानों/संस्थानों की वर्ग एवं कार्यावधि निर्धारित किया गया है, जिसमें सभी प्रकार की स्थायी एवं अस्थायी दुकानें, शॉपिंग मॉल, डिपार्टमेंटल स्टोर्स, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, दुग्ध वितरण, सेलून, ब्यूटी पार्लर प्रातः 06.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक, रेस्टोरेंट/होटल/ढाबा में टेक-अवे एवं होम डिलीवरी (होटल में ठहरे हुए आगंतुक व्यक्तियों के लिए हॉटल के अन्दर खाने की व्यवस्था की जा सकेगी) नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक एवं रेस्टोरेंट/होटल/ढाबा में टेक-अवे एवं होम डिलीवरी नगर पालिका/नगर पंचायत क्षेत्र से बाहर (ग्रामीण अंचल/राष्ट्रीय राजमार्ग में) प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक निर्धारित किया गया है। जारी आदेश मे यह भी कहा गया है कि शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्रकार के साप्ताहिक बाजार आगामी आदेश पर्यंत बंद रहेंगे। समाचार पत्रों का वितरण प्रातः 06:00 बजे से प्रातः 09:00 बजे तक तथा संध्याकालीन समाचार पत्रों का वितरण सायं 05:00 बजे से 06:00 बजे तक किया जा सकेगा। सभी पान/सिगरेट, ठेला तथा चैपाटी, चाट, समोसा, गुपचुप, गन्ना रस, फास्ट-फूड इत्यादि के विक्रय हेतु ठेलों का संचालन प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक किया जा सकेगा तथा कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करना अनिवार्य होगा। ठेला के संचालन स्थल पर डस्टबीन रखा जाना अनिवार्य होगा। किसी प्रकार के खाद्य सामाग्री स्थल पर न फैलाया जाये और न ही किसी प्रकार की अस्वच्छता हो इसका पूर्ण ध्यान रखा जाना आवश्यक होगा। जिले की समस्त प्रकार के देशी/विदेशी मदिरा दुकानों का संचालन का समय राज्य शासन आबकारी विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरुप होगा तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा। सिनेमा/मल्टीप्लेक्स/छबिगृह/सभी जिम, स्विमिंग पूल आगामी आदेश पर्यंत बंद रहेंगे।

नए निगम आयुक्त एस जयवर्धन ने सम्हाला कार्यभार

परिसर का किया निरीक्षण, कर्मियों से की चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ के पूर्व नगर पालिक निगम आयुक्त आशुतोष पांडे का स्थानांतरण होने के बाद रायगढ़ के नए आयुक्त ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है रायगढ़ के नए आयुक्त कोरबा जैसे बड़े शहरों में रह कर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कोरबा नगर पालिक निगम आज छत्तीसगढ़ के सबसे स्वच्छ नगरों में गिना जाता है कोरबा को स्वच्छता पूर्ण बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका एस जयवर्धन की बताई जाती है। अब रायगढ़ में आयुक्त के रूप में उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया है। जिससे इस आईएएस अधिकारी से नगर वासियों की उम्मीदें और बढ़ गई है। लोगो की माने तो अब रायगढ़ को उनके कार्य के अनुभव का भरपूर फायदा मिलेगा नगर निगम को किस तरह स्वच्छ व बेहतर बनाए रखना है इसका बखूबी ज्ञान उन्हें पहले से है। नए आयुक्त की माने तो कुछ दिनों में रायगढ़ के गली मोहल्लों का जाएजा लेकर रायगढ़ को सुव्यवस्थित बनाने की मुहिम चलाई जाएगी एवं पूर्व में जारी कार्य को और गति दी जाएगी जिससे नगर निगम को सुव्यवस्थित बनाया जा सके। नगर पालिक निगम के नए आयुक्त एस जयवर्धन ने पदभार संभालने के तुरंत बाद ही पूरे नगर निगम का घूम कर जाएजा लिया और उपस्थित निगम कर्मियों से औपचारिक चर्चा भी की।

नाबालिक अपहृता को शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर, अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस, एसडीओपी बेरला ममता देवांगन के द्वारा चौकी कंडरका थाना बेरला के अपराध क्रमांक 215/2021 धारा 363 भादवि में अपहृता एवं आरोपी के पता तलास हेतु चौकी कंडरका प्रभारी उप. निरीक्षक आनंद कोमरा को मार्गदर्शन प्राप्त हुये थे। विवेचना अपहृता एवं आरोपी पता तलास के दौरान चौकी कंडरका थाना बेरला जिला बेमेतरा क्षेत्र के रहने वाला आरोपी योगेश साहू ऊर्फ गप्पा के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। आरोपी द्वारा दिनांक घटना समय को नाबालिक अपहृता को इसके माता ङ्क पिता के वैध संरक्षण से शादी का प्रलोभन देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर जबरदस्ती लगातार दैहिक शोषण किया। प्रकरण में धारा 366 (क), 376 भादवि एवं 5(ठ)6 पाक्सो एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से पृथक से जोडी जाकर आरोपी योगेश साहू ऊर्फ गप्पा पिता रतिराम साहू उम्र 23 साल को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 11.06.2021 को माननीय न्यायालय पेश किया गया। अपहृता व आरोपी की पतासाजी करने में चौकी कंडरका प्रभारी उप. निरीक्षक आनंद कोमरा, प्र. आरक्षक दिनेश मंडावी, दुष्यंत ठाकुर, भुषण ठाकुर एवं सायबर सेल प्रभारी प्र. आरक्षक मोहित चेलक, आरक्षक अजय साहू, निरंजन वैष्णव, संजय भगत व महिला आरक्षक अमरीका पटेल एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनी भुमिका रही।

अश्लील विडियो सोशल साईट में अपलोड कर प्रसारित करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

बेमेतरा। थाना बेमेतरा क्षेत्र अंतर्गत रहने वाला आरोपी कुमेश कुमार भारती पिता लेखराम भारती उम्र 33 साल के द्वारा दिनांक घटना समय को स्वंय के मोबाईल नं. के माध्यम से

नाबालिक बच्ची का अश्लील विडियो को सोशल साईट में अपलोड कर प्रसारित किये जाने पर से हृष्टञ्क्क नई दिल्ली द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपी का सोशल साइट डिटेल बेमेतरा को भेजा गया था, बेमेतरा ष्ठड्डद्गह्य ष्टद्यद्य द्वारा सोशल साइट डिटेल का आईपी एड्रेस, मोबाईल नं., धारक का नाम पता की जानकारी निकाल कर थाना बेमेतरा को अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया तत्संबंध में थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 67, 67 (क), 67 (ख) आईटी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा थाना प्रभारी बेमेतरा निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना स्टाफ को आरोपी का पतासाजी कर तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

डिजिटल प्लेटफार्म पर आयोजित भागवत गीता श्लोक के परिणाम 8 वर्षीय दिव्यांग बालक का श्रेष्ठतम प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ द्वारा आयोजित गीता श्लोक वाचन में भाग लिये 63 बालक बालिकाओं में 7 ऐसे प्रतिभागी जिनका उच्चारण और भाषा प्रवाह श्रेष्ठ रहा उन्हें उत्तम ,मध्यम और प्रसंसात्मक श्रेणी में रखा गया। 7 उत्तम श्लोक वाचकों के नाम उनकी उच्चारण के श्रेष्ठता के अनुसार टिकेश्वर वैष्णव उम्र 8 वर्ष, सुरभि शर्मा उम्र 11 वर्ष,सोमनाथ शर्मा उम्र 13 वर्ष काव्या चावड़ा उम्र 14 वर्ष, लाभांश खरसेन उम्र 6 वर्ष, गिरधर दास वैष्णव उम्र 12 वर्ष, श्रेष्ठ भागवत गीता श्लोक वाचन के लिए दूधाधारी मठ के राजे महंत एवं गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष रामसुंदर दास द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान पत्र दिया जाएगा, बाल्य काल से ही आँखों से सुर दास 8 वर्षीय बालक टिकेश्वर वैष्णव के गीता पाठ पर उन्हें दूधाधारी मठ द्वारा संचालित संस्कृत विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आमंत्रित किया है। अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव डॉ सौरभ निर्वाणी, श्री छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के युवा इकाई के प्रदेश अध्यक्ष प्रतुल कुमार वैष्णव, वृंदावन राधा रमण मंदिर के कार्तिक कृष्ण गोश्वामी महाराज ने आयोजन में प्रतिभागी बालक बालिकाओं को शुभकामना देते हुए सराहना की है, डॉ निर्वाणी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को शुभकामना पत्र प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बाल्यकाल में ही छात्र छात्राओं के मन मष्तिष्क में वेद और सनातन संस्कृति के प्रति रुचि और आध्यात्मिक ज्ञान के प्रति रुझान और सम्मान जागृत करना है।

विजय बघेल ने कहा कि जगह-जगह अवैध शराब बिक रही है

प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उल्टी गिनती शुरू : विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरा होने पर भाजपा नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इस सरकार को असफल करार दिया है। दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल ने कांग्रेस सरकार के ढाई साल के कालखण्ड को जनता से किये सभी वादों को तोड़ने धोखाधड़ी, विश्वासघात और आराजक्ता के काले अध्याय के रूप में जाना जायेगा कहाँ। गंगाजल को हाथ मे लेकर कांग्रेस नेताओं ने चुनाव के पहले जनता से बड़े-बड़े वादे किये, जो आज तक पूरे नही हो पाये है। शराबबंदी की बात कर महिलाओं का वोट लिया, उनके साथ विश्वासघात किया महिलाओं ने यह जानकर कि कांग्रेस सरकार में आयेगी और शराबबंदी करेगी उसे वोट दिया। उल्टे इस सरकार ने शराबबंदी की बात तो दूर शराब को होम डिलीवरी के माध्यम से घर-घर परोसने का कार्य किया। शराब के चलते कई परिवार उजड़ गये। अभी हाल मे ही महासमुंद जिले की घटना जिसमें एक ही परिवार के छ- लोगो ने आत्महत्या कर ली जिसका कारण भी शराब ही रहा। विजय बघेल ने कहा कि जगह-जगह अवैध शराब बिक रही है। कांग्रेस के विधायक भी स्वीकार करते है कि अवैध शराब बिक रही है। कोरोना काल में लॉकडाऊन में लोगो को दवाईयाँ नही मिली लेकिन शराब मील गयी। कोरोना के दूसरी लहर में हजारो लोग मर गये ऐसी स्थिति रही की परिवार के सभी लोग कोरोना बिमारी के चलते मौत के मुह में समा गये। इस भूपेश बघेल की कांग्रेस की सरकार ने इसके लिए कोई तैयारी नही की कि लोगो को ऑक्सीजन मील सके आस्पताल में बेड मील सके, उन्हे

तत्काल ईलाज की सभी सुविधाएँ प्राप्त हो। इसका कोई प्रयास नही किया गया है। कानून व्यवस्था लगातार प्रदेश की खराब हो रही है। शांति का टापु कहलाने वाली छत्तीसगढ़, हत्या एवं बालात्कार के नाम से जाना जाता है। रोज यहाँ औसतन सात बालात्कार हो रहे है। शासन के ही ऑकड़े के अनुसार पिछले दो वर्ष में प्रदेश में 1828 हत्या, 1281 हत्या के प्रयास, 4939 बालात्कार, 12862 चोरी, 133 डकैती, 855 लुटपाट के मामले दर्ज किये गये। अपराध में मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री का विधानसभा भी अछुता नही रहा। शिक्षाकर्मी की चयन प्रक्रिया पूरी हो गई है, लेकिन सरकार उनको नियुक्ति नही दे रही है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा की सभी बैंक का और पूरा कर्ज माफी का वादा इस सरकार ने किसानों से किया था। जिसे पुरा नही किया गया। 2,500/- रूपये की राशि एक मुस्त धान में देने का वादा किया था। जिसे इस सरकार ने पूरा नही किया। और किसान के धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल को हटाकर उसके पूरे उपज को 2,500/- रूपये की दर से खरीदने का वादा किया था जिसे भी पूरा नही किया। पूर्व मंत्री दयालदास बघेल ने बेरोजगारी भत्ता देने की बात अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस सरकार ने की भी लेकिन उस वादे को पूरा नहीं किया गया। आज तक युवाओं को बोरोजगारी भत्ता का एक रूपये भी नहीं मिला है। इस सरकार ने युवाओं के साथ भी धोखाधड़ी की है। पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने भूपेश बघेल की सरकार को सबसे भ्रष्ट सरकार कहाँ है महासमुंद में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे दिखायी पड़ रहे है। सरकार में बैठे लोग भ्रष्टाचार कर अपनी तिजोरी भरने में लगे है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने प्रदेश में आराजक्ता का माहौल बताया है। उन्होने कहा कि प्रदेश में रेत माफिया, शराब माफिया, भू माफिया, कोयला माफिया, मुरूम माफिया, ड्रग माफिया, जंगल माफिया जैसे हर तरह के माफियों की पौ बारह है।

छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन में अब तक 40 हजार से ज्यादा लोगों ने किया ऑनलाइन पंजीयन

- **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन का होगा आयोजन**

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 21 जून 2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित होने वाले 'छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन' को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मैराथन के लिए अब तक 40 हजार से अधिक लोगों द्वारा इसमें भाग लेने के लिए ऑनलाइन पंजीयन किया गया है। इस मैराथन में सम्मिलित होने के लिए प्रतिभागी 15 जून 2021 तक लिंक पर क्लिक कर पंजीयन कर सकते है। सभी पंजीयनकर्ताओ को 'डिजिटल प्रणाम पत्र' प्रदान किया जाएगा। साथ ही हर जिले के प्रथम 100 पंजीयन को 'टीशर्ट' प्रदान किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ वर्चुअल योग मैराथन में भाग लेने हेतु आवेदक को योगासन करते हुए अपना फोटोध्वीडियो अपने सोशल मीडिया एकाउंट्स पर हैशटेग लवहूपजीबींजपेहंती के साथ शेयर करना है। इसके अलावा प्रतिभागी अपना फोटो वीडियो पद पर मेल भी कर सकते हैं।

पायनियर की विशेष पहल, आक्सीजन की किल्लत दूर करने महिलाओं ने बरगद वृक्ष लगाने का लिया संकल्प

■ अंचल में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर वट सावित्री का व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा अर्चना की

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

गर्मी उमस के बावजूद महिलाओं ने मास्क का उपयोग कर तथा शारीरिक दूरी का पूरी है तरह से पालन करते हुए बरगद के वृक्ष की पूजा कर अखंड सौभाग्य सुहाग की कामना की वह कच्चे धागे लपेटकर परिक्रमा की।

कोरोना काल में आक्सीजन की महत्ता को पौधे कर रूप सचेत करवा दिया ऐसे में वट सावित्री के अवसर पर सुहागिनो द्वारा पति व बच्चों के लिए लंबी उम्र की मंगलकामना की साथ ही हरियाली लाने आक्सीजन की प्रचुरता के लिए सेवा संस्कार फाउंडेशन बलोदा बाजार के द्वाराअभियान वट वृक्ष दे वरदान के तहत बरगद का पौध रोपा किया गया। पायनियर संवाददाता दिलीप महेश्वरी से चर्चा करने के दौरान कई महिलाओं ने बताया कि भारतीय संस्कृति और यह अभियान पर्यावरण के प्रति लोगो को अलख जाएगा कोरोना काल में जिस तरह से आक्सीजन की किल्लत हुई अगर थोड़ा मनन कर तो यह गम्भीर परिस्थितियों को उतपन्न करता है, इस वजह से अध्यात्म के बाद अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करने की बात कहे है।

भारतीय संस्कृति में वृक्षों का बहुत महत्व है,वट सावित्री का यह त्योहार हमें वट वृक्ष की महत्ता समझाता है, एक ओर यह त्योहार हमें परंपरा से जोड़ता है तो वहीं दूसरी ओर प्रकृति से भी अभिभूत करवाता है। मैं इस दिन वट वृक्ष का रोपण करूंगी जिसमें मेरे पूरे परिवार की भागीदारी होगी। इसके अलावा परिवार से लेकर आसपड़ोस के सभी अन्य लोगो को भी प्रेरित करूंगी।

-नम्रता प्रोफेसर

इस कोरोना के दौर ने हमें प्रकृति के प्रति सजग कर दिया है,इस दौर में हमने प्राण वायु के स्पर्श को समझा है,वृक्षों के प्रति हमारी आस्था आज की नहीं यह तो पुरातन काल से चली आ रही है,परंतु अज्ञानतावश मनुष्य अपनी ही प्राणवायु पर प्रहार कर बैठा है,परंतु एक कहावत है,जब जागो तभी सवेरा, और इसी नये सवेरे की उम्मीद में हम इस वर्ष वट सावित्री का पूजन कर एक वटवृक्ष लगाए हैंऔर संकल्प लेंगे की उसे सहेजने की जिम्मेदारी लेंगे,परंपरा व प्रकृति की पूजा का यह पर्व हर बाधा को नष्ट करे

-डॉ प्रभा शुक्ला

आस्था के इस पर्व को प्रकृति से जोड़ने के लिए मैं पायनियर समाचार पत्र को धन्यवाद देती हूं, मैं एक डॉक्टर हूं और समाज के प्रति हर एक अच्छी सोच और कार्य को पूरी निष्ठा से निभाने के लिए प्रबंध हूं, मैं इस पावन वट सावित्री पर्व पर अपनी ओर से प्रकृति के वरदान रूपी यह वट वृक्ष जरूर लगाऊँगी।यह पावन वृक्ष सदैव हमारी रक्षा करते हैं, हमारा दायित्व है कि हम भी इनकी रक्षा करें।

-डॉ अमी मिश्रा

वृक्ष हमारी संस्कृति आस्तित्व का अहम हिस्सा है। विभिन्न आयोजन में हम पेड़ पौधे की पूजा पाठ कर इनके महत्व का आने वाले पीढ़ी के लिए संदेश दिया है, महिला हो या पुरूष युवा हो या किशोर या फिर बालक बालिकाएं सभी को पौधा लगाना चाहिए और ध्यान इस बात का रखना चाहिए कि वह बड़ा होने के बाद काटा न जाए। यदि वृक्ष नही होंगे तो हम कैसे पूजा अर्चना करेंगे। बरगद का पेड़ हमारे लिए बहोत उपयोगी है इस लिए वट सावित्री के दिन इसका पौध जरूरी लगाउंगी।

-श्रीमती चेतन ताम्रकार

कोरोना काल ने हमें प्रकृति की कई अहम सीख दी है। पर्यावरण में प्रचुर आक्सीजन हो इसके लिए मैं वट सावित्री के दिन पायनियर समाचार पत्र के अभियान से जुड़कर बरगद का पौधा लगाई हूं। इस बार यह दिन बेहद खास होगा क्योंकि अध्यात्म को हम प्राकृतिक लिए कुछ कर पाएंगे। मेरा मानना है कि प्राकृतिक है तो हम है नही तो कुछ नही होगा इस संसार में। सभी को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए।

-अंशु मिश्रा

जीवन में आक्सीजन देने वाले पौधे हमारे लिए सबसे अहम है। वट वृक्ष धार्मिक समाजिक दृष्टिकोण से काफी अहम है, इसके अलावा पर्यावरण के लीए भी काफी महत्त्वपूर्ण है ।वट सावित्री के दिन वट वृक्ष लगाकर उसे बचाने का अभियान के तहत बचाने का संकल्प लूंगी। लोगो को सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए इस तरह के अभियान से जुड़ना चाहिए और जितना ज्यादा हो सके उतना अधिक पौधे लगाना चाहिए प्रशासन को भी पौधे को बचाने के लिए कुछ करना चाहिए।

-श्रीमती रेखा शिक्षिका

वट सावित्री के दिन पति के दीर्घायु के लिए व्रत रखने व पूजा करने की पंम्परा आदिकाल से चली आ रही है। वर्तमान दौर में बरगद का पौध बहोत कम नजर आता है। कई बार हमें यह पौधे को दूसरे तीसरे मोहल्ले जाकर ढूंढना पड़ता है। पायनियर द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है उसमें मेरी सहभागिता रहेगी। इसके लिए मैं विधिवत पूजा अर्चना करने के पश्चात एक बरगद का पौध की व्यवस्था कर उसे समुचित स्थान पर रोपुंगी।

-अर्चना त्रिवेदी

पूजा अर्चना की परंपरा हमारे परिवार में रीति के मुताबिक चली आ रही है यह सच है कि बरगद का पेड़ 10 गुना अधिक अन्य पेड़ की तुलना में देती है। कोरोना के चलते पर्यावरण व प्रति कितनी महत्वपूर्ण है इसे देखते हुए इस बार मैं पायनियर अखबार के अभियान से जुड़कर बरगद का पौध लगाई हूं और दूसरे को भी प्रेरित करूंगी।

सरकार के ढ़ाई साल के कालखंड में घोषणाओं को दरकिनार कर जनता को छला गया : सरोज पांडेय

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

भूपेश सरकार जवाब दो, ढ़ाई साल का हिसाब दो÷ के तहत कोरबा पहुंचीं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व राज्य सभा सांसद सरोज पांडेय ने छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार के ढ़ाई साल के कालखंड को शीशे में उतारते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का अब तक का कार्यकाल वादे को तोड़ने, विश्वासघात करने और अराजकता के काले अध्याय के रूप में जाना जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पवित्र गंगाजल हाथ में लेकर प्रदेश के आम जनता से किए गए तमाम घोषणाओं की जिस तरीके से अवहेलना की है वैसा उदाहरण देश में कोई और नहीं है।

सरोज पांडेय पत्रकारों से चर्चा कर रही थीं। उन्होंने कहा कि शराब बंदी के मामले में इस सरकार का जो आचरण रहा है उसकी जितनी भी आलोचना की जाये कम है। शराब बंदी का वादा करने वाली सरकार अब खुद ही शराब की होम डिलीवरी करने लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति यह है कि शांति का टापू रहा छत्तीसगढ़ कांग्रेस के ढाई साल के कालखंड में ही अपराध गढ़ में तब्दील हो गया है। प्रदेश के किसानों की माली हालत भी अच्छी नहीं है। किसानों को कर्ज मुक्त करने की बात थी पर, हालत यह है कि प्रदेश में किसानों को रोजाना करोड़ों का कर्जदार बनाया जा रहा है।

सांसद पांडेय ने कहा कि भूपेश सरकार ने दुर्भावनावश कोरोना वैक्सीन को भी घृणित राजनीति का शिकार बना दिया है। केन्द्र सरकार से राज्य को मिले टीके में से 30 प्रतिशत से अधिक को बर्बाद कर देने का कलंक भी भूपेश सरकार के सर पर है।

पांडेय ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के संरक्षण में रेत, शराब, कोयला और भू-माफिया सहित हर तरह के माफियाओं के पौ बारह हैं। उन्होंने कहा कि विकास के सभी संकेतकों पर कांग्रेस सरकार फिसड्डी साबित हुई है। ऐसी स्थिति में भूपेश सरकार को सत्ता में अब एक मिनट भी रहने का अधिकार नहीं है।

धान का समर्थन मूल्य 2590 रुपए प्रति क्विंटल किसानों को प्रदान करे भूपेश सरकार : उपासने

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय महासचिव सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार वास्तव में किसान हितैषी वअपने जन् घोषणापत्र के दिए वचन को पूरा करने में ईमानदारी से वचनबद्ध है तो उसे प्रदेश के किसानों को केंद्र के समर्थन मूल्य के अलावा अपनी घोषणा अनुसार 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल प्रदान करना चाहिए ,परंतु ऐसे ना कर प्रदेश सरकार केंद्र के घोषित समर्थन मूल्य की राशि में अंतर की थोड़ी सी राशि जोड़कर 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल वह भी राजीव गांधी न्याय योजना के नाम पर किसानों को चार किस्तों में प्रदान कर अपनी पीठ थपथपा कर देश भर में करोड़ों रुपये के विज्ञापन दे ढिंढोरा पिट रही ,परन्तु प्रदेश के भोले भाले किसानों के साथ अन्याय कर रही है। उपासने ने कहा कि प्रदेश शासन को अब किसानों को नियमानुसार 2590 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य प्रदान करना चाहिए। उपासने ने आगे कहा कि धान का समर्थन मूल्य पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा 1850 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया था ,जिसे देश के किसान हितैषी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब 90 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है ,जिससे यह समर्थन मूल्य अब 1940 रुपए प्रति क्विंटल केंद्र सरकार से निर्धारित हो चुका है ।

उपासने ने कहा ऐसी स्थिति में भूपेश सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रुपये में 90 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी कर 2590 रुपये प्रति क्विंटल का भुगतान किसानों को करना चाहिए।

छग कांग्रेस की ढाई साल की सरकार की बीजेपी ने गिनाई असफलताएं, पूछा खोखले वादे कब पूरे होंगे

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरा होने पर प्रदेश सरकार की अकर्मण्यता, अराजकता, असफलता एवं वादाखिलाफी के खिलाफ प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में पूर्व राज्य मंत्री एवं बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय, सरगुजा संभाग के वरिष्ठ भाजपा नेता मेजर अनिल सिंह, प्रदेश मंत्री भाजपा प्रबल प्रताप सिंह जूदेव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनि भगत एवं जिला भाजपाध्यक्ष रोहित साय के उपस्थिति में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान मेजर अनिल सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार का आधा कार्यकाल खत्म हुआ, अब इस सरकार की उल्टी गिनती पूरी तरह शुरू हो गई है। ढाई वर्ष का यह कालखंड जनता से किए सभी वादे को तोड़ने, धोखाधड़ी, विश्वासघात और अराजकता के काले अध्याय के रूप में ही जाना जाएगा। पवित्र गंगाजल हाथ मे लेकर किए गए तमाम घोषणाओं की जिस तरह इस सरकार ने अवहेलना की है, वैसा अन्य उदाहरण देश में कोई और नहीं है।

शांति का टापू पर बढ़ रहा क्राइम - मेजर ने कहा कि शांति का टापू रहा अपना छत्तीसगढ़ देखते ही देखते अपराधगढ़ में बदल गया। प्रदेश को अराजकता और अत्याचार का पर्याय बना दिया गया है रोज छत्तीसगढ़ में अवसतन 7 बलात्कार हो रहे है, शासन के ही आंकड़ों के अनुसार पिछले दो वर्ष में प्रदेश में 1828 हत्या, 1281 हत्या के प्रयास, 4939 बलात्कार, 12862 चोरी, 133 डकैती और 855 लूटपाट के मामले दर्ज किए गए हैं। यह तो किसी भी तरह दर्ज हो गए मामले हैं इससे कई गुना मामले ऐसे होंगे जो दर्ज नहीं हो पाए।

कर्जमाफी कर बना रहें कर्जदार - मेजर अनिल सिंह ने कहा कि किसानों कइ कर्जमाफी के वादे को लेकर कहा कि हालात आज यह है कि प्रदेश रोज करोड़ों का कर्जदार बनाया जा रहा है, इस सरकार ने हर महीने हजार करोड़ से अधिक का कर्ज लेकर हम सबको हमेशा के लिए कर्जदार बना दिया है। घोषणा पत्र में स्पष्ट वादा करनें के वावजूद किसानों के दो साल के बकाए बोनस का भुगतान नहीं किया। धान का रकबा लगातार मनमाने तरीके से कम किया जा रहा है। किसान लगातार आत्महत्या कर रहे हैं पिछले ढाई सालों में करीब 300 किसानों ने आत्महत्या की है। केवल 10 महीने में 141 किसानों की आत्महत्या की बात तो शासन ने स्वीकारी है, लेकिन किसी को भी कोई मुआवजा नहीं दिया गया। केंद्र सरकार लगातार समर्थन मूल्य बढ़ा रही है लेकिन इसका लाभ भी प्रदेश के किसानों को नहीं दिया जा रहा है।

शराब बंदी पर उठाया सवाल

मेजर सिंह ने कहा कि कांग्रेस की विफलताओं की गाथा अनंत है। शराब के मामले में इस सरकार का जो आचरण रहा है, उसकी जितनी भर्त्सना की जाए वह कम है। अक्सर ऐसा लगा कि शराब बेच कर अवैध कमाई करना ही सरकार का अकेला लक्ष्य रह गया है। पूर्ण शराबबंदी का वादा करने वाली सरकार ने शराब को होम डिलीवरी शुरू कर दी। इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है? इसके दुष्प्रभाव प्रदेश में रोज देखने को मिल रहे हैं। अभी-अभी महासमुंद में एक ही परिवार में छः आत्महत्या की हृदयविदारक खबरें आई, जिसके मूल में भी शराब को ही कारण बताया जा रहा है। कोरोना के कठिन समय में जब व्यक्ति इलाज के लिए परेशान था, तब दवा के बदले दारू घर घर पहुचाना जिस शासन की प्राथमिकता हो उसे क्या कहेंगे।

राय ने कहा, वादों का क्या हुआ? : वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्ण कुमार राय ने पत्रकार वार्ता मे कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने वादा किया कि हर भूमिहीन परिवार को जमीन, सबके सर पर छत, कब्जाधारी को पट्टा, जबकि पीएम मोदी द्वारा प्रदेश को दिए 6 लाख आवास में से 4 लाख 80 हजार आवास कांग्रेस ने वापस कर दिया। छत्तीसगढ़ियों के हक पर डाका डालने वाली। उन्हें मिले छत तक हड़प लेने वाली कांग्रेस की इस सरकार की जितनी निंदा की जाए वह कम है। न केवल आवास बल्कि मोदी द्वारा दी गई तमाम राहतों को दुराग्रहवश लोगों तक नहीं पहुँचने का अभियान चलाया हुआ है कांग्रेस ने। आगे उन्होंने बेरोजगारी पर चर्चा करते हुए कहा कि हर घर रोजगार और एक लाख शासकीय नौकरी का वादा करने वाली इस सरकार ने मुट्ठी भर रोजगार भी नहीं दिए। पीएससी में अराजकता चरम पर है। दर्जनों सवाल गलत पूछे जा रहे हैं। साढ़े बारह हजार चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों की प्रताना उनके साथ बर्बरता से पेश आ रही है भूपेश सरकार, उन्हें नोकरी दे देने का झूठ भूपेश बघेल द्वारा लगातार बोला गया जबकि आवाज उठाने पर भविष्य खराब करने, जेल भेजने की धमकी दी जा रही है, युवाओं को बेरोजगारी भत्ता, किसानों को पेंशन, बुजुर्गों को पेंशन आदि पर अब शासन चुप है।

प्रबल ने व्यवस्था पर उठाए सवाल : पत्रकार वार्ता में प्रदेश भाजपा मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कोविड मामले में कहा कि प्रदेश में क्रिकेट का आयोजन कर गाँव गाँव में उसका मुफ्त पास बांट कर कोरोना की दूसरी लहर को यहां फैलाया गया, लोग मर रहे थे , भूपेश बघेल असम प्रचार पर थे। 13 हजार से अधिक मौतें दर्ज की गई। इसमें भी घोटाला सामने आया, हजारों मौतों को दर्ज ही नही किया गया, राजनैतिक दुर्भावना के चलते केंद्र की आयुष्मान भारत योजना को लटकाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के समय से स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रारंभ स्मार्ट कार्ड को बंद करने का पाप। मृत शरीर का भी बाकायदा 2500 रूपए का रेट घोषित किया सरकार ने, अंतिम संस्कार भी कर पाना कठिन, इसी तरह दुर्भावनावश कोरोना वैक्सीन को भी घृणित राजनीति का शिकार बना दिया भुपेश सरकार ने। प्रदेश को मिले टीके में से 30 प्रतिशत से अधिक को बर्बाद कर देने का कलंक इस सरकार के सर पर है, इस तरह देश भर में दूसरा सबसे अधिक टीका बर्बाद करनें वाला प्रदेश बना छत्तीसगढ़।

कांग्रेस पर भड़की रायमुनी

जिला पंचायत की अध्यक्ष रायमुनि भगत ने पत्रकार वार्ता में कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट में भी लगभग सभी संकेतकों पर कांग्रेस सरकार फिसड्डी साबित हुई है, फिर भी गाल बजाने और डींगे हांकने से ये बाज नहीं आ रहे, लोहिया कहा था कि जिंदा कौम 5 वर्ष इन्तेजार नहीं करती , वास्तव में इस सरकार को सत्ता में अब एक मिनट भी रहने का अधिकार नहीं है। कांग्रेस की आपसी गुटबाजी में ही इनके नेताओं ने सारा समय बर्बाद करदिया है, येन-केन प्रकारेण पद पर बने रहना और सैंकड़ों करोड़ की अवैध कमाई कर दस जनपथ के लिए भी दुधारू भैंस बने रहना इस सरकार की एकमात्र प्राथमिकता लग रही है, विधानसभा चुनाव के मात्र छ महीने बाद हुई आम चुनाव में ही छत्तीसगढ़ की जनता नें इन्हें बातदिया था कि इन्होंने जनता का समर्थन खो दिया है, वास्तव में यह सरकार जनाधार के साथ साथ विश्वास और मानवता भी खो चुकी है। पत्रकार वार्ता में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला भाजपा के महामंत्री ओमप्रकाश सिंहा एवं सुनील गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष रूपेश सोनी, जिला मंत्री देवधन नायक, जिला मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान, शहर मण्डल के अध्यक्ष संतोष सिंह एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

द्वितीय पुण्यतिथि
स्व. श्री आशाराम डहरिया
जन्म 15.01.1938, निर्वाण 12.06.2019

पांचवी पुण्यतिथि
स्व. श्रीमति गोदावरी बाई डहरिया
जन्म 01.01.1946, निर्वाण 10.06.2016

जीवन की सब विपदायें
हर लेती आपका आशीर्वाद
हाथ थाम राह दिखाते,
आप हर क्षण आज भी साथ

शोकाकुल

श्रीमती शकुन-डॉ शिवकुमार डहरिया
(मंत्री नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम, छत्तीसगढ़ शासन)
श्रीमती इंदु-सनत डहरिया (पुत्र), श्रीमती सुशीला-सूर्यकुमार डहरिया (पुत्री-दामाद)
श्रीमती सुनीता-स्व. दीनदयाल (पुत्री-दामाद) एवं समस्त डहरिया परिवार

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403